WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | देश विदेश

बिलासपुर, शुक्रवार, 21 नवम्बर 2025 शुक्ल पक्ष- चर्तुदशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 211 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बिहार में प्रचंड बहुमत से एनडीए की सरकार बन गई। नीतीश कुमार रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गये। एनडीए को मिली इस अभूतपूर्व सफलता के लिए अब तक भाजपा और जदयू से कोई भी नेता श्रेय लूटने आगे नहीं आया है। अलबत्ता बिहार में जगह जगह यह पोस्टर जरूर लगाये गये हैं जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बड़ी सी फोटो लगाकर उन्हें बिहार में एनडीए की सरकार बनवाने का क्रेडिट दिया गया है और उनके प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया गया है। बताओं तो भला कोई ऐसी भी फिरकी लेता है क्या?

सुप्रीम कोर्ट बोला-राज्यपाल विधानसभा से पास बिलों को न लटकाएं

■ बिल मंजूर करें, लौटाएं या राष्ट्रपति को भेजें; डेडलाइन नहीं, लेकिन देरी पर दखल देंगे

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम फ़ैसला दिया कि कोर्ट के पास बिल पर मंजूरी देते समय प्रेसिडेंट और गवर्नर के फ़ैसलों के लिए टाइम लिमिट तय करने का अधिकार नहीं है। चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुवाई वाली पांच जजों की कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने साफ किया कि गवर्नर पर कोई टाइम लिमिट नहीं लगाई जा सकती, लेकिन वह बिलों को अनिश्चित समय तक रोक नहीं सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'गवर्नर्स के पास 3 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

5 जजों की बेंच ने सुनवाई की

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की जगह इस मामले में चीफ जस्टिस बीआर गवई की अगुआई वाली संविधान पीठ ने सुनवाई की। पीठ में जस्टिस सूर्यकांत, विक्रम नाथ, पीएस नरसिम्हा और एएस चंद्रचूड़कर शामिल थे। सुनवाई 19 अगस्त से शुरू हुई थी। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखा।

असल मामला क्या है?

31 अक्टूबर, 2023 को तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में गवर्नर आरएन रवि के खिलाफ कई बिलों को अनिश्चित काल तक पेंडिंग रखने के खिलाफ एक पिटीशन फाइल की थी। इस पर 8 अप्रैल, 2025 को दो जजों की बेंच ने गवर्नर की भूमिका को गलत पाते हुए कुछ बिलों को डंप्लाइड एसेंट देने का फैसला किया था। इस फैसले को अब कॉन्स्टिट्यूशन बेंच ने अनकॉन्स्टिट्यूशनल घोषित कर दिया है।

नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री, २६ मंत्रियों ने ली शपथ

भाजपा के 14, जदयू के 8, चिराग के 2 मंत्री, एक मुस्लिम चेहरा

■ सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा डिप्टी सीएम

पटना/वार्ता। नीतीश कुमार ने 10वीं बार बिहार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। गांधी मैदान में गुरुवार को हुए भव्य समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई बड़े भाजपा नेता मौजूद रहे। डिप्टी सीएम के रूप में सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने शपथ ली। वहीं 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली। जिनमें 14 बीजेपी कोटे से, 8 जदयू से, 2 लोजपा से जबकि हम और कुशवाहा की पार्टी से 1-1 को मंत्री बनाया गया है। इस मंत्रिमंडल में एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। जदयू ने जमा खान को फिर मंत्री बनाया है। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कई भाजपा और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री शामिल हुए।

नीतीश कैबिनेट में 13 नए चेहरों को मौका : नीतीश कैबिनेट में इस बार नए चेहरों को मौका दिया गया है। रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। चिराग की पार्टी से 2 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इसमें संजय सिंह भी शामिल हैं। संजय सिंह महुआ से चुनाव जीते हैं। उन्होंने लालू यादव के बेटे तेजप्रताप को हराया था।

इन 26 मंत्रियों ने ली शपथ

सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विजय कुमार चौधरी, बिजेंद्र प्रसाद यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडे, डॉ. दिलीप जायसवाल, अशोक चौधरी, लेसी सिंह, मदन साहनी, नितिन नवीन, रामकृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, सुनील कुमार, मोहम्मद जमा खान, संजय सिंह टाइगर, अरुण शंकर प्रसाद, सुरेंद्र मेहता, नारायण प्रसाद, रमा निषाद, लखेंद्र कुमार रोशन, श्रेयसी सिंह, डॉ. प्रमोद कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार सिंह, दीपक प्रकाश।

पीएम ने गमछा हिलाकर किया अभिवादन

शपथ के बाद पीएम मोदी ने मंच से गमछा हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। हरियाणा, असम, गुजरात, मेघालय, यूपी, नगालैंड, ओडिशा, दिल्ली, एमपी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल हुए। मंच पर चिराग पासवान ने मांझी और जेपी नड्डा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

इन पार्टियों के विधायक बने मंत्री

नई सरकार में भाजपा से 14 मंत्री। जबकि जेडीयू से 7, एलजेपी (रामविलास) पार्टी से 2, जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक-एक मंत्री। जीतन राम मांझी के बेटे संतोष कुमार सुमन अपनी पार्टी से मंत्री पद की शपथ ली। जबकि उपेंद्र कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

राष्ट्रपति मुर्मू बोलीं-महिलाएं समाज की धरोहर हैं

बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों का जीना खराब कर दिया था

राष्ट्रपति ने 2 अलग-अलग योजनाओं को किया लॉन्च

अंबिकापुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि महिलाएं समाज की धरोहर हैं। महिलाएं आगे बढ़ेंगी तो समाज का विकास होगा। साथ ही कहा कि बिरसा मुंडा भगवान ने अंग्रेजों का जीना खराब कर दिया था। अंग्रेजों को सिर्फ बिरसा मुंडा ही दिखते थे। कार्यक्रम में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि हम बिरसा मुंडा की पीढ़ी हैं। आदिवासी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जनजाति समाज की संस्कृति पर ध्यान देने की जरूरत

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को प्रमोट होने की जरूरत है, क्योंकि यह बेहद खूबसूरत और सुंदर है। ऐसे कार्यक्रमों में मैं जब जाती हूं तो जनजाति परिवार के लोगों से मुलाकात करती हूं। जनजाति महिलाओं से मुलाकात करने पर मुझे अच्छा लगता है। स्थानीय स्तर पर भी जनजाति समाज की संस्कृति ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आदिवासियों का विकास हो रहाः सीएम साय

कार्यक्रम में सीएम साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के घरों तक बिजली पहुंची, बस्तर में नक्सलवाद की कमर टूट गई है। आदिवासियों का विकास हो रहा है। बस्तर के लोगों को राशन मिल रहा है। वहीं राज्यपाल रामेन डेका ने कहा कि बिरसा मुंडा महान वीर थे, जिन्हें आज याद किया जा रहा है।

इंडोनेशिया के सेराम में भूकंप, रिक्टर स्केल पर तीव्रता 6.1

जकार्ता (आईएएनएस)। इंडोनेशिया के पूर्वी क्षेत्र के सेराम द्वीप पर गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। जर्मन रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर जियोलॉजी (जीएफजेड) ने सिंहुआ को बताया कि रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 मापी गई। जीएफजेड के अनुसार भूकंप की गहराई जमीन से 136 किलोमीटर नीचे थी। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है, फिर भी स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। इससे पहले 16 अक्टूबर को भी जकार्ता में भूकंप आया था। उसका केंद्र इंडोनेशिया का पापुआ प्रांत था, जहां भूकंप की तीव्रता 6.7 थी। यूएसजीएस के अनुसार, भूकंप का केंद्र अबेपुरा शहर से लगभग 200 किलोमीटर दूर था, जिसकी आबादी 62,000 से ज्यादा है। वहीं, इंडोनेशियाई मौसम विज्ञान विभाग, इंडोनेशियाई मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकी एजेंसी यानी बीएमकेजी के अनुसार, भूकंप 6.6 तीव्रता का था, जो सारमी-पापुआ से 61 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था।

सबरीमाला सोना चोरी मामले में टीडीबी के पूर्व अध्यक्ष पद्मकुमार गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम (आईएएनएस)। केरल के प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर से कथित तौर पर सोना चोरी करने के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) के पूर्व अध्यक्ष पद्मकुमार को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ इस मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या छह हो गई है। एसआईटी ने मामले में टीडीबी के पूर्व अध्यक्ष पद्मकुमार से कई घंटे पूछताछ की। इसके बाद आधिकारिक तौर पर उनकी गिरफ्तारी की गई। पद्मकुमार 1991-96 तक कोन्नी विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई (एम) के विधायक थे। पद्मकुमार पर आरोप है कि 2019 में जब वह अध्यक्ष थे, तो उन्होंने सबरीमाला गर्भगृह के चारों ओर कट्टिलप्पाडी से सोने की परत चढ़ी चादरों को हटाने की इजाजत देने में अहम भूमिका निभाई थी।
उन्होंने कहा कि यह सिर्फ कागजी काम नहीं, लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ है।

भारत की सैन्य ताकत को मिलेगी मजबूती अमेरिका देगा जेवलिन मिसाइल

वॉशिंगटन (आईएएनएस)। दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए भारतीय सेना की ताकत बढ़ने वाली है। अमेरिका ने भारत को जेवलिन मिसाइल देने को मंजूरी दे दी है। इस मिसाइल को कंधे से टारगेट पर दागा जा सकता है। दरअसल, अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने भारत को एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल और उससे जुड़े इक्विपमेंट की संभावित फॉरेन मिलिट्री सेल को मंजूरी देने का फैसला किया है। अमेरिकी ऑफिशियल की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, जेवलिन मिसाइल की अनुमानित कीमत 47.1 मिलियन डॉलर है। वहीं, भारत और अमेरिका के बीच लगभग 92.8 मिलियन डॉलर की डील हुई है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने जानकारी दी। भारत सरकार ने 216 एम982ए1 एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल की मांग की है।

रायपुर लैंड होने वाली इंडिगो फ्लाइट भुवनेश्वर डायवर्ट

विमान में टेक्निकल इश्यू; दिल्ली जाने वाले यात्री परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर एयरपोर्ट में दिल्ली से रायपुर लैंड होने वाली फ्लाइट को अचानक टेक्निकल इश्यू के कारण भुवनेश्वर डायवर्ट कर दिया गया है। बताया जा रहा है 20 नवंबर की सुबह विमान में तकनीकी समस्या हुई। जिसके चलते फ्लाइट डायवर्ट की गई है। जानकारी के अनुसार, सुबह 9:15 बजे आने वाली फ्लाइट नंबर 6ई6476 को तकनीकी दिक्कतों के चलते रायपुर में लैंडिंग नहीं कराया गया और उसे भुवनेश्वर भेज दिया **गया**।

एयरपोर्ट पर यात्री परेशानः विमान के समय पर न पहुंचने से रायपुर से दिल्ली जाने वाले यात्री काफी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जांच पूरी होने के बाद शेड्यूल जारी होगा

एयरपोर्ट अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी जांच पूरी होने के बाद फ्लाइट को रायपुर लाने और आगे दिल्ली के लिए रवाना करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि, अभी उड़ान के नए समय की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बार-बार हो रही ऐसी तकनीकी दिक्कतों से यात्रियों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लाल किले धमाका मामले में चार और आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के बाहर हुए विस्फोट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके बाद इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या छह हो गई है। पटियाला हाउस कोर्ट के जिला सत्र न्यायाधीश के पेशी आदेश पर एनआईए ने चारों आरोपियों को जम्मू और कश्मीर से हिरासत में लिया है। एनआईए ने आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) निवासी डॉ. अदील ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गांव में मातम : नक्सली हिड़मा को काले कपड़े और पत्नी राजे को लाल जोड़े में अंतिम विदाई

रायपुर/सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश सीमा पर 18 नवंबर की सुबह हुई बड़ी मुठभेड़ में ढेर कुख्यात नक्सली माडवी हिड़मा और उसकी पत्नी राजे का रविवार को सुकमा जिले के पूवर्ती गांव में अंतिम संस्कार किया गया। सुरक्षा एजेंसियों की कड़ी निगरानी के बीच हिड़मा के पैतृक गांव पूवर्ती में चार गांव के लोगों की भीड़ जुटी।

अंतिम संस्कार करने शासन से की थी मांगः परिजनों ने पहले ही शासन-प्रशासन से मांग की थी कि शव गांव में ही अंतिम संस्कार के लिए शव दिया जाये। उनकी मांग पर सहमति देने के बाद दोनों के शव शनिवार देर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिड़मा की मां शव से लिपटकर रोने लगीं

हिड़मा की मां शव से लिपटकर जोर-जोर से विलाप करती रही। पास खड़ी सामाजिक कार्यकर्ता सोनी सोढ़ी भी खुद को संभाल नहीं पाईं और हिड़मा के शव से लिपटकर रोने लगीं। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए हिड़मा के शव को काले पैंट-शर्ट पहनाकर अंतिम यात्रा निकाली गई, जबकि उसकी पत्नी राजे को लाल जोड़े में पारंपरिक रीति-रिवाज से विदाई दी गई।

गरमा-गरम

धान खरीदी | 14 लाख क्विंटल से ज्यादा धान की खरीदी, 26.50 लाख किसानों का पंजीयन

सरकार ने 450 करोड़ रुपए का धान खरीदा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का अभियान अब जोरों पर है। खरीदी केन्द्रों की व्यवस्था देखकर किसान धान बेचने उत्साहित है। वहीं टोकन तुंहर द्वार से किसानों को मिल रही डिजिटल सुविधा से धान बेचने में आसानी हो गई है। सरकार ने अभी तक प्रदेश के किसानों से अब तक 450 करोड़ 87 लाख 98 हजार 100 रुपए का धान खरीद चुकी है।किसानों का धान खरीदने के साथ-साथ भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

मार्कफेड द्वारा 214.18 करोड़ रुपए अपेक्स बैंक को जारी किया जा चुका हैं। बता दें है कि राज्य सरकार किसानों से धान खरीदी के लिए मार्कफेड को पहले ही 26,200 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी उपलब्ध करा चुकी है, ताकि किसानों को भुगतान में कोई देरी न हो।

लगातार निरीक्षण कर रहे सीनियर अधिकारी : धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्थाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सभी उपार्जन केंद्रों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि राज्य और जिला स्तर के सीनियर अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। हड़ताल के बावजूद केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि किसान बिना रुकावट धान बेच सकें।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए 26.50 लाख किसानों ने पंजीयन कराया है। पंजीकृत धान का कुल रकबा 29.27 लाख हेक्टेयर है। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि खरीदी सुचारू रूप से चले और हर किसान को समय पर भुगतान मिले।

जिलों में धान खरीदी

जिला	धान खरीदी (क्विंटल में)
रायपुर	1,52,850
दुर्ग	1,33,514
महासमुंद	60,883
बेमेतरा	1,86,972
बालोद	1,44,468
कवर्धा	58,958
राजनांदगांव	1,60,247
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई	90,416
बलौदाबाजार-भाटापारा	1,18,565
धमतरी	1,55,275
गरियाबंद	64,090

25,567 क्विंटल अवैध धान हो चुका जब्त

बाहरी धान की एंट्री रोकने और अवैध परिवहन की निगरानी के लिए चेकपोस्ट पर अधिकारियों को तैनात किया गया है। राज्य भर में चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत अब तक 373 मामलों में कार्रवाई करते हुए 25,567 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है।

पंजीकृत धान का कुल रकबा

29.27 लाख हेक्टेयर

किसानों ने बताया कि टोकन तुंहर ऐप से ऑनलाइन टोकन मिलने की प्रक्रिया बेहद सरल हो गई है, जिससे खरीदी केंद्रों में भीड़ कम हो रही है और बिक्री में सुविधा बढ़ी है।

कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता 'मुखी' ने दिया 5 शावकों को जन्म

भोपाल (आईएएनएस)। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से एक अच्छी खबर आई है, जहां भारत में जन्मी चीता मुखी ने पांच शावकों को जन्म दिया है। पांच शावकों का जन्म प्रोजेक्ट चीता की सफलता की कहानी कह रहा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पांच शावकों के जन्म पर चीता मुखी और शावकों की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में भारत में जन्मी चीता मुखी ने पांच शावकों को जन्म देकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मां और शावक स्वस्थ हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत में चीता पुनर्स्थापना पहल के लिए यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है।

छत्तीसगढ़ के बुनकरों की मेहनत से तैयार चार लाख से ज्यादा चादरें गोदाम में डंप

यूपी-राजस्थान के व्यापारियों से चादर खरीदकर सरकारी विभागों में कर दी सप्लाई

हनीफ निजामी

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बुनकरों की बुनी हुई 4 लाख चादरें गोदाम में डंप पड़ी है। करीब 14 करोड़ रुपए मूल्य की ये चादरें ट्राइबल विभाग सहित अन्य विभागों को सप्लाई करनी थी। लेकिन, विभागों को यूपी और राजस्थान के व्यापारियों से चादर खरीदकर सप्लाई कर दी गई। कहा जा रहा है कि कमीशनखोरी के चलते दूसरे राज्यों से खरीदी की गई। प्रदेश में 17 हजार से ज्यादा बुनकर परिवार हैं। भंडार क्रय नियम के तहत राज्य के सभी विभागों और सार्वजनिक उपक्रमों में उपयोग होने वाले वस्त्रों और रेडीमेड गारमेंट की सप्लाई राज्य के बुनकरों द्वारा उत्पादित हाथकरघा एवं खादी वस्त्र से किये जाने का प्रावधान है। सप्लाई के लिये हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ रायपुर को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इस प्रावधान के बावजूद छत्तीसगढ़ के बुनकरों की मेहनत से बनी लाखों चादरों की खरीदी का ऑर्डर नहीं दिया गया। ट्राइबल विभाग सहित अन्य विभागों में बुनकरों की चादरों को 347 रुपए की दर से सप्लाई किया जाता है। लेकिन, इस साल दूसरे राज्यों से चादर की सप्लाई कर दी गई। बुनकरों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह और खादी ग्रामोद्योग मंत्री गजेंद्र सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा है। लेकिन, अभी तक इस मामले में सुनवाई नहीं हुई है।

छत्तीसगढ़ में 60 हजार बुनकर करते हैं काम

राज्य में लगभग 60 हजार बुनकर निरंतर काम करते हैं। बुनकर परिवारों का कहना है कि अगर इसी तरह दूसरे राज्यों से चादर व अन्य सामग्री की खरीदी की जाती रही, तो उनके परिवार के सामने रोजी-रोटी का बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। बुनकरों को दूसरे राज्यों में पलायन भी करना पड़ सकता है। सरकार को चादर की सप्लाई के संबंध में बुनकर संघ की मांग को गंभीरता से लेना चाहिये। ऐसा न होने पर बुनकर परिवार सड़क पर उतरकर आंदोलन करने पर बाध्य होंगे।

कमीशनखोरी के आरोप

बुनकर संघ के पदाधिकारियों का आरोप है कि खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग ने राज्य के बुनकरों की बजाय राजस्थान और यूपी के व्यापारियों से चादर खरीदकर विभागों को सप्लाई कर दिया। इस फैसले से स्थानीय बुनकरों की रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है। जब तक चादरों की सप्लाई नहीं होगी, तब तक बुनकरों को आगे चादर बनाने का काम ही नहीं मिलेगा।

ऑर्डर न मिलने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई

हमारे गोदाम में लगभग 4 लाख चादर डंप हैं। ऑर्डर न मिलने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई। हम एडवांस में चादर व अन्य सामग्री का उत्पादन करते हैं। अगर ऑर्डर मिला होता तो 80 फीसदी माल का उठाव हो जाता।

एमएम जोशी, सचिव,
छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन संघ

ट्राइबल सहित सभी विभागों से मिलना था ऑर्डर, जो नहीं मिला

ट्राइबल विभाग सहित अन्य विभागों से चादरों की सप्लाई का ऑर्डर मिलना चाहिये था, ताकि बुनकरों को साल भर रोजगार मिल सके। अभी तक ऑर्डर नहीं मिला है। सरकार को इस संबंध में तत्काल निर्णय लेना चाहिये।

लखनलाल देवांगन,कोषाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बुनकर शिल्पी संघ

12वीं की छात्रा संतोषी ने संभाला एसपी का कार्यभार

जांजगीर चांपा। विश्व बाल दिवस के अवसर पर आज बच्चों के अधिकार और उनके सशक्तिकरण को लेकर दुनियाभर में कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं जिले में इस खास मौके पर यूनिसेफद्वारा बच्चों के सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 12वीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा संतोषी धीवर 15 मिनट के लिए जांजगीर चांपा की पुलिस अधीक्षक बनाई गई। इस दौरान संतोषी धीवर ने दो महत्वपूर्ण आदेश पारित किए। पहला आदेश स्कूल और कॉलेज परिसरों के आसपास स्थित पान दुकानों के संचालन की दूरी को बढ़ाकर 200 मीटर करने का था, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की बेहतर रक्षा हो सके। दूसरा आदेश पुलिस लाइन में टू-व्हीलर वाहनों की नीलामी के संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को पत्र भेजने का था।

राष्ट्रपति ने जनजातीय संस्कृति व शिल्प को दर्शाते स्टॉलों का अवलोकन किया

कलिंदर राम ने राष्ट्रपति को पैरी और गमछा किया भेंट

जनजातीय गौरव दिवस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में हुईं शामिल

सरगुजा/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय गौरव दिवस 2025 के उपलक्ष्य में सरगुजा जिले में 20 नवम्बर को पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम स्थल में जनजातीय संस्कृति, लोक कला एवं शिल्प, आभूषण एवं वस्त्र, पूजा-पाठ, संस्कार, व्यंजन, वाद्ययंत्रों, जड़ी-बूटियों आदि को प्रदर्शित करने हेतु प्रदर्शनियां लगाई गई। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने प्रदर्शनियों का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से बनाए गए जनजातियों के पारंपरिक अखरा स्थल एवं जनजाति निवासरत ग्रामों के प्रमुख धार्मिक आस्था के केन्द्र देवगुड़ी के मॉडल का अवलोकन कर यहां देवताओं की आराधना की। अखरा छत्तीसगढ़ राज्य के सरगुजा अंचल में निवासरत जनजातियों का सांस्कृतिक स्थल है, जो गाँवों के मध्य या चौराहे में स्थित होते हैं, जहाँ छायादार पेड़ों के झुण्ड भी होते हैं। ग्रामीणजन विभिन्न लोक पर्वों जैसे करमा, महादेव बायर, तीजा आठे, जीवतिया, सोहराई, दसई, फागा के अवसरों में महिला एवं पुरूष सामुहिक रूप से इकट्ठा होकर लोकगीत गाकर पारम्परिक वाद्ययंत्रों की थाप में लोकनृत्य करके उत्साह मनाते हैं। प्रदर्शनी में जनजातीय समुदाय के लोगों ने पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन किया। जनजाति निवासरत ग्रामों के प्रमुख धार्मिक आस्था के केन्द्र देवगुड़ी को राज्य में क्षेत्रवार विभिन्न नामों जैसे देवाला देववल्ला, मन्दर, शीतला, सरना आदि नामों से भी जानते हैं। देवगुड़ी में ग्रामीण देवी-देवता जैसे बुढ़ादेव, बुढ़ीदाई, शीतला, सरनादेव, डीहवारीन, महादेव आदि विराजमान होते हैं। जनजातीय विभिन्न लोकपर्वों के अवसरों में सामूहिक रूप से इकट्ठा होकर ग्रामीण बैगा की अगुवाई में पूजा-पाठ कर ग्राम की सुख, शांति, समृद्धि हेतु कामना करते हैं। इस दौरान राज्य के पारंपरिक आभूषणों की प्रदर्शनी लगाई गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर आभूषणों के संबंध में जानकारी ली।

मिट्टी, लकड़ी से बने आवास मॉडल देखा

कार्यक्रम स्थल में छत्तीसगढ़ में निवासरत जनजातियों के पारंपरिक आवास का मॉडल बनाया गया था। राष्ट्रपति ने आवास मॉडल का भी अवलोकन किया। जनजातियों का आवास मिट्टी, लकड़ी से निर्मित होते हैं, जिसमें एक या दो कमरे व मुख्य कमरे के सामने की ओर परछी (बराम्दा) बने होते हैं। घर के छप्पर में ढालनुमा खपरैल लगे होते हैं। एक कमरे को रसोई कक्ष के रूप में उपयोग करते हैं, जिसमें रसोई उपकरण व घरेलू सामान रखते हैं, दूसरे कक्ष को शयन कक्ष के रूप में उपयोग करते हैं। परछी (बराम्दा) में अन्य घरेलू सामान जैसे ढ़ेकी, मूसल, सील-बट्टा, जांता आदि उपकरण होते हैं।

3 दिन में तीन जिले के 6 हजार 128 किसानों ने समर्थन मूल्य पर बेचा धान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। तीन दिनों के भीतर तीनों जिले के 6128 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान बेचा है। सर्वाधिक किसान राजनांदगांव फिर केसीजी और कवर्धा एवं एमएमसी जिले के है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू हुई। लेकिन सोमवार से इसमें तेजी आई है। धान कटाई में तेजी आने के साथ आवक बढ़ती जा रही है। बुधवार को अधिकांश समितियों में बड़ी संख्या में किसान धान बेचने पहुंचे। समिति कर्मियों की हड़ताल के कारण प्रशासन ने तैयारी की। अफसरों की ड्यूटी लगाई जो पहली बार धान खरीदी कर रहे हैं। ऐसे में किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक और खाद्य विभाग के अफसर सुधार होने का दावा कर रहे हैं। खाद्य विभाग मिलर्स से उठाव के लिए टेंडर और अनुबंध की प्रक्रिया में जुटा है। लेकिन जल्दी उठाव नहीं किया गया तो खरीदी की शुरूआत होने के साथ धान जाम की समस्या होने लगेगी।

किसानों ने 154353 क्विंटल धान बेचा

राजनांदगांव में 3277 किसानों ने 154353 क्विंटल धान बेचा। उन्हें 3672.60 लाख का भुगतान और लिंकिंग से 990.74 लाख वसूली की गई। केसीजी में 1492 किसानों ने 87403 क्विंटल धान बेचा है। उन्हें 2075.70 लाख भुगतान, 342.00 लाख लिंकिंग से वसूली की गई। एमएमसी में 223 किसानों ने 8 हजार क्विंटल धान बेचा, 188.51 लाख भुगतान, 44.41 लाख लिंकिंग से वसूली की। कवर्धा में 1136 किसानों ने 52 हजार क्विंटल धान बेचा, 1236.95 लाख भुगतान, 277.37 लाख लिंकिंग से राशि वसूली। सभी जगह परिवहन शून्य है।

कुमारी मंडावी को वाइसेस ऑफ हार्वेस्ट अवार्ड में प्रथम स्थान

नरहपुर। नरहरपुर ब्लॉक के ग्राम देवगांव की कुमारी बाई मंडावी ने राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए वाइसेस ऑफ़ हार्वेस्ट अवार्ड 2025 में फार्म रेसीलियेंस एंड क्लाईमेट अडाप्टेशन श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें यह सम्मान नई दिल्ली में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदान किया गया। कुमारी मंडावी को जलवायु अनुकूल कृषि, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन और आजीविका विविधीकरण को लेकर प्रदान संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।

गिरफ्तारी देकर जमानत पर छूटे करणी सेना अध्यक्ष शेखावत

रायपुर में 7 दिसंबर को महाआंदोलन की तैयारी, क्षत्रिय लाठी-डंडा लेकर पहुंचे

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.राज शेखावत ने मौदहापारा थाने में अपनी गिरफ्तारी दी है। पुलिस ने औपचारिक कार्रवाई पूरी करने के बाद थाने से ही उन्हें जमानत दे दी। थाने के बाहर समर्थकों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान थाने के बाहर 1 एएसपी, सीएसपी और 5 थानों के टीआई समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रही। राज शेखावत ने कहा कि 7 दिसंबर को तय किया गया आंदोलन अपने समय पर होगा। शेखावत ने इस बात पर भी सवाल उठाए हैं कि तोमर के बच्चों पर पुलिस क्यों नजर रख रही थी। स्कूल से उनकी पर्सनल जानकारी, फीस की जानकारी मांगी गई थी। बता दें कि एक दिन पहले राज शेखावत ने फेसबुक पर पोस्ट कर लिखा था कि वे 'आमंत्रण यात्रा' की शुरुआत करेंगे, जो पीड़ित परिवार की अध्यक्षता में निकाली जाएगी। राज शेखावत ने वीरेंद्र तोमर के जुलूस के मामले में पुलिसकर्मियों के घरों में घुसने की धमकी दी थी। इस धमकी के बाद मौदहापारा थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। यह एफआईआर पुरानी बस्ती के पूर्व थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने दर्ज कराई थी। वीरेंद्र तोमर फिलहाल 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल में हैं। शिकायत में इंस्पेक्टर योगेश कश्यप ने आपराधिक धमकी, लोक सेवक को धमकाने और सम्मान को ठेस पहुंचाने का जिक्र किया। इसके बाद मौदहापारा पुलिस ने BNS की धाराओं में 15 नवंबर को एफआईआर दर्ज की थी।

प्रदेश के क्षत्रिय समाज के लोग करेंगे रायपुर कूच

क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राज शेखावत ने सूदखोर वीरेंद्र तोमर के जुलूस निकालने का विरोध किया है। सोशल मीडिया पर 1 घंटे तक लाइव आकर समाज के लोगों से कहा था कि पुलिस ने गलत किया है। तोमर कोई आतंकवादी था क्या, जिसका जुलूस निकाला गया। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि क्षत्रिय समाज के लाखों लोग बहुत जल्द रायपुर कूच करेंगे। हम उन पुलिसवालों के घरों में भी घुसेंगे जो तोमर के घर के अंदर घुसे थे। इसके अलावा शेखावत ने इस कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देने की बात कही है।

कोर्ट से फरार हुआ दुष्कर्म का आरोपी फिर गिरफ्तार

जांजगीर। तीन पुलिस कर्मियों को चकमा देकर फरार हुए वारंटी को पकड़ने में अकलतरा पुलिस ने फिर सफलता पा ली है। फरार आरोपी महावीर कंवर (40) निवासी कटनाई थाना अकलतरा के विरुद्ध थाना अकलतरा में दुष्कर्म का गंभीर मामला दर्ज है। उसकी पेशी अकलतरा न्यायालय में चल रही थी। जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया था। इसी अभियान के दौरान महावीर कंवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार होने में सफलता हासिल कर ली। आरोपी के फरार होते ही पुलिस महकमे में सतर्कता बढ़ा दी गई और उसकी खोजबीन तेज कर दी गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में फरार आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर विभिन्न स्थानों पर रवाना की गई। इसी क्रम में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि महावीर कंवर अपने गांव के खेतों के पास छिपा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अकलतरा निरीक्षक भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को पुनः गिरफ्तार कर लिया।

हाफ मैराथन: 60 प्लस उम्र वर्ग में डॉ. राजीव तीसरे स्थान पर रहे

दल्लीराजहरा। सन ग्रुप एवं राजनांदगांव धावक समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राजनांदगांव हाफ मैराथन 2025 का आयोजन हुआ। 10 किमी श्रेणी में युवा धावकों का दमदार प्रदर्शन रहा। इस वर्ग में 8 धावकों ने भाग लिया । प्रतिभागी अभिषेक लोहिया, अभिषेक सिंह, अमित करदा, चंद्रशेखर सोनवानी, मनोज कुमार परेरा, जैकी खंडेलवाल, तारा सिंह, उपेंद्र यादव ने फिनिश लाइन को पार किया। 21 किमी श्रेणी में कुल 11 धावकों ने हिस्सा लिया। जिसमें अमित सिंह, एस. कुमार राव, राजशेखर राव, राम नरेश पाठक, प्रशांत दलाई, रवीश जैन, निखिल जयवंते, तीरथ दास, डॉ. राजीव लोचन शर्मा, सत्येन्द्र भारद्वाज एवं पीयूष ताम्रकार शामिल थे। 60 प्लस आयु वर्ग में डॉ. राजीव लोचन शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

दोंदरो पहुंचा हाथियों का दल, किसानों की खड़ी फसल रौंदी,डर में ग्रामीण

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा वन मंडल में 52 हाथी घूम रहे हैं। हाथियों ने 26 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है। बालको के नजदीक पहुंचा हाथियों का दल बुधवार की देर शाम ग्राम दोंदरो पहुंच गया। इसकी वजह से कॉलोनी के लोग भी डरे हुए हैं। हाथियों के अजगरबहार की ओर से होकर कटघोरा जाने की संभावना है। हाथी अभी एक जगह नहीं रुक रहे हैं। स्थानीय लोगों की माने तो हाथियों का झुंड बस्ती के पास लगातार किसानों के फसलों को बर्बाद कर रहा है। अभी धान कटाई का समय है और लोग खेत धान काटने के लिए जा रहे हैं, लेकिन हाथी के आने की सूचना पर ग्रामीण डरे सहमे हुए हैं और जाने की हिम्मत नहीं कर रहे हैं अगर धान काटने जाते हैं तो उनकी जान भी जा सकती है और नहीं जाते हैं तो हाथी फसल बर्बाद कर रहे हैं, ऐसे में वह करें तो करें? इन सब बातों को लेकर किसान चिंतित हैं और रतजगा करने को भी मजबूर हैं।

ऐतिहासिक उपलब्धि छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मिली दो ऐतिहासिक उपलब्धि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। जिला अस्पताल पंडरी रायपुर और जिला अस्पताल बलौदाबाजार की इंटिग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब (IPHL) को भारत सरकार के नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर का गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। इनमें पंडरी रायपुर की IPHL देश की प्रथम, जबकि बलौदाबाजार की IPHL देश एवं राज्य की द्वितीय प्रमाणित लैब बनी है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और वैज्ञानिक मानकों पर आधारित लैब सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को प्रमाणित करती है। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे प्रयासों का यह सीधा परिणाम है कि जनवरी 2024 से नवंबर 2025 के बीच राज्य की कुल 832 स्वास्थ्य संस्थाओं का राष्ट्रीय मानकों के आधार पर मूल्यांकन और प्रमाणीकरण किया गया है। इनमें दंतेवाड़ा के दूरस्थ क्षेत्र चिंतागुफा जैसे दुर्गम इलाकों के स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार किसी राज्य में लैब्स की इतनी बड़ी और व्यवस्थित श्रृंखला का मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण हुआ है, जिसने छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट स्थान दिलाया है। दोनो लैब्स का मूल्यांकन भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा नामित विशेषज्ञ मूल्यांकनकर्ताओं की टीमों ने किया। पंडरी रायपुर की IPHL का मूल्यांकन 10 सितंबर 2025, जबकि बलौदाबाजार की IPHL का मूल्यांकन 11 सितंबर 2025 को किया गया। दोनों टीमों ने लैब की कार्यप्रणाली, मरीज केंद्रित सेवाएँ, गुणवत्ता नियंत्रण, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुरक्षा प्रक्रियाओं की गहन समीक्षा की।

स्वास्थ्य प्रणाली में स्थायी सुधार की दिशा में एक ठोस कदम

छत्तीसगढ़ में गुणवत्ता आधारित मूल्यांकन की यह प्रक्रिया केवल प्रमाणीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वास्थ्य प्रणाली में स्थायी सुधार की दिशा में एक ठोस कदम है। NQAS के मानकों में साफ-सफाई, सुरक्षा, रोगी संतुष्टि, रिकॉर्ड प्रबंधन, तकनीकी गुणवत्ता, उपकरण कैलिब्रेशन, बायो-मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट और स्टाफ क्षमता निर्माण जैसे बिंदुओं का कड़ाई से पालन अनिवार्य है। दोनों लैब्स ने इन सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि अर्जित की है। आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि NQAS कार्यक्रम भारत सरकार का एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास है, जिसके जरिए सरकारी अस्पतालों में गुणवत्ता सुधार को संस्थागत स्वरूप दिया जा रहा है। इस कार्यक्रम में निर्धारित चेकलिस्ट बेहद व्यापक है और प्रमाणन तभी मिलता है जब कोई संस्थान सभी मानकों पर सतत् उत्कृष्टता प्रदर्शित करे। छत्तीसगढ़ की दोनों IPHL लैब्स ने जिस दक्षता और अनुशासन के साथ सभी मापदंडों को पूरा किया है, वह राज्य के स्वास्थ्य तंत्र की मजबूती और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

भरारी सहकारी समिति पहुंचे किसानों ने व्यवस्था को बताया पारदर्शी और भरोसेमंद

जिले में धान खरीदी का सिलसिला जारी, बारदाने की उपलब्धता के साथ ही टोकन कटने में समस्या नहीं

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में धान खरीदी का सिलसिला जिले के सभी केंद्रों में खरीदी प्रक्रिया व्यवस्थित रूप से जारी है। भरारी सेवा सहकारी समिति में धान बेचने पहुंचे ग्राम सेमरा के किसान रमेश साहू ने खरीदी व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जताई।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किसानों से धान खरीदी के लिए समुचित इंतज़ाम किए गए हैं। केंद्र में बारदाने की उपलब्धता के साथ ही टोकन कटने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई। उन्होंने बताया कि वे 8 एकड़ में धान की खेती करते है। वे इस वर्ष 82 क्विंटल धान बेचने केंद्र पहुंचे हैं, उन्होंने बताया कि खरीदी केंद्र पर टोकन कटने से लेकर धान तौलने तक की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रही। केंद्र में बारदाना उपलब्ध था, कर्मचारी सहयोगी थे और किसानों के लिए आवश्यक सभी सुविधाएँ पहले से सुनिश्चित थीं। भरारी धान खरीदी केंद्र में धान बेचने आए गोंदईया के किसान जनकराम साहू ने बताया कि वे 8.5 एकड़ में खेती करते है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किए जाने से किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है। इस राशि से उनकी आय में स्थिरता आई है और खेती को आर्थिक मजबूती मिली है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की नियमित किस्तें बीज, खाद और अन्य कृषि कार्यों में बड़ा सहयोग देती हैं। दोनों किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने किसानों की कठिनाइयों को समझकर जो निर्णय लिए हैं, उनके परिणाम अब जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहे हैं। भरारी धान खरीदी केंद्र में भरारी, सेमरा, सेंदरी, लोफंदी, गोंदईया, छुमकवा, परसोड़ी, परसदा, मोहतराई, पेंडरवा एवं लछनपुर के किसान धान बेचने आते है।

कलेक्टर ने की धान खरीदी अभियान की प्रगति की समीक्षा

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज मंथन सभाकक्ष में बैठक लेकर धान खरीदी अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी उपार्जन केन्द्रों में खरीदी शुरू करने के कड़े निर्देश दिए। किसानों से भी टोकन कटवाकर धान बेचने आने का आग्रह किया। कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण धान खरीदी अभियान के केन्द्र में हमारे मेहनतकश किसान है। उनका हित राज्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। अभियान के अंतर्गत किसी भी काम में किसानों को किसी प्रकार की क्षति नहीं होनी चाहिए। पर्याप्त मात्रा में बारदान की उपलब्धता रहे। खरीदे गये धान का प्रतिदिन स्टेकिंग होने चाहिए। बैठक में प्रमुख रूप से जिला सहकारी बैंक के सुपरवाईजर एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी मौजूद थे। उन्हें प्रमुख रूप से मॉनीटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक के हिस्से में लगभग 8 से 10 उपार्जन केन्द्र शामिल हैं। कलेक्टर ने इन सभी को अपने अधिकारी क्षेत्र की सभी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान किसी स्तर पर गड़बड़ी की जानकारी मिले तो इसे तत्काल रोकें और इसकी जानकारी मुझे व्यक्तिगत रूप से दें। खरीदे गये धान का फड़ पर नुकसान नहीं होने चाहिए। देख लें कि डनेज, नाली एवं कैप कव्हर पर्याप्त मात्रा में हो। समितियों को इन सब कार्यों के लिए पयाप्त मात्रा में राशि मुहैया कराई गई है। बैठक में खाद्य नियंत्रक अमृत कुजूर, उप आयुक्त सहकारिता सीएस जायसवाल, सीईओ सहकारी बैंक प्रभात मिश्रा, डीएमओ अमित चंद्राकर, नोडल अफसर आशीष दुबे भी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

उर्स-ए-पाक के लिए दुर्ग-अजमेर रूट पर विशेष इंतजाम की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी उर्स-ए-पाक और बढ़ती यात्रियों की भीड़ को देखते हुए शहर सीरत-उन-नबी कमेटी, रायपुर के अध्यक्ष मोहम्मद सोहैल सेठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने डीआरएम से मुलाकात कर दुर्ग-अजमेर रूट पर विशेष इंतज़ाम की मांग की। ज्ञापन में ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाने, 22-30 दिसंबर के दौरान अतिरिक्त सुविधाएँ देने, पेंट्री/कैटरिंग सेवा की अनुमति, आरपीएफ पेट्रोलिंग बढ़ाने और स्टेशन-ट्रेन की सफाई, प्रकाश व्यवस्था व चार्जिंग पॉइंट सुधार जैसे सुझाव रखे गए। रेलवे प्रशासन ने सभी जायज़ मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

---

3 साल परिवीक्षा अवधि में स्टाइपेंड का नियम कोर्ट ने किया रद्द

हाईकोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, 2019 में भर्ती होने वाले शिक्षकों को मिलेगा पूरा वेतन

बिलासपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2019 में शिक्षा विभाग के अंतर्गत भर्ती किए गए 14580 शिक्षकों को ज्वाइनिंग तिथि से पूर्ण वेतन प्रदान किया जाएगा। परिवीक्षा अवधि में तीन सालों तक स्टाइफंड देने के विभाग के नियम को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है।

दरअसल 2019 में भर्ती विज्ञापन जारी होने के बाद वर्ष 2020 में पूर्ण वेतन की जगह तीन साल तक स्टाइफंड देने की नीति लागू की गई थी। इसके खिलाफ चयनित अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर बताया था कि जब भर्ती विज्ञापन जारी किया गया तब उसमें इस नियम का उल्लेख नहीं था। राज्य शासन ने इस नियम को बाद में जोड़ दिया। इस आदेश के चलते वर्ष 2019 के विज्ञापन के आधार पर नियुक्त 14 हजार से ज्यादा शिक्षकों को लाभ प्राप्त होगा। 9 मार्च 2019 को सहायक शिक्षक, शिक्षक, सहायक शिक्षक विज्ञान, लेक्चरर के कुल 14580 पदों की भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। 14 जुलाई 2019 से 25 अगस्त 2025 तक इसके लिए भर्ती परीक्षा ली गई। भर्ती हेतु बेरोजगार अभ्यर्थियों के अलावा पूर्व से अन्य विभागों में शासकीय नौकरी कर रहे कर्मचारियों ने भी आवेदन दिया था। जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2019 के विज्ञापन के आधार पर भर्ती होने वाले सभी शिक्षकों और व्याख्याताओं को पूरा वेतन प्रदान करने के निर्देश दिए गए है। उन्हें एरियर्स के रूप में यह राशि प्रदान की जाएगी। वही दूसरे विभागों से भी इस्तीफा देकर शिक्षा विभाग में ज्वाइन करने वाले शिक्षकों को पे प्रोटेक्शन एफआर 22- बी (1) के तहत पुरानी नौकरी की सैलरी को सुरक्षित किया जाएगा। इससे शिक्षकों को काफी आर्थिक लाभ मिलेगा।

शिक्षकों ने हाईकोर्ट में दी थी चुनौती

ज्वाइनिंग के समय वर्ष 2020 में सरकार ने 28-29 जुलाई 2020 को नया सर्कुलर जारी कर दिया। नए सर्कुलर के अनुसार शिक्षकों को पूर्ण वेतन की वजह 3 साल की परिवीक्षा अवधि में पहले साल 70% दूसरे साल 80% वही तीसरे साल 90% स्टाइफंड प्रदान किया जाएगा। 2020 में ले गए इस नियम को शिक्षकों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। अपनी याचिका में उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में बनाए गए इस नियम को वर्ष 2019 के जारी वैकेंसी के लिए लागू नहीं किया जा सकता। क्योंकि वर्ष 2019 में जारी वैकेंसी की शर्तों में इस नियम का उल्लेख नहीं था। याचिका की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने इस नियम को अवैधानिक मानते हुए रद्द कर दिया। हाईकोर्ट ने इस संबंध में 61 पेज का विस्तृत फैसला दिया।

पंप चालू करने के दौरान करेंट से युवक की मौत

■ पुलिस ने घर मालिक पर किया अपराध दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। थाना पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम बिनौरी में पानी व्यवस्था के लिए लगाए गए टुल्लू पंप की लापरवाही भरी स्थिति ने एक युवक की जान ले ली। पुलिस द्वारा की गई मर्ग जांच में स्पष्ट हुआ कि मृतक चन्द्रभान लहरे 25 वर्ष टुल्लू पंप चालू करने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आ गया था। यह पंप आरोपी सूर्यकांत उर्फ सुर्या सोनी, निवासी बिनौरी, के नवनिर्माणधीन घर में लगाया गया था, जहां पंखे का कवर खुला हुआ था। खुले कवर के कारण पंप के पंखे में करंट प्रवाहित हो रहा था। घटना 20 सितंबर की शाम लगभग 4:30 बजे हुई। बेहोश हालत में मिले चन्द्रभान को परिजन और ग्रामीणों की मदद से तत्काल सीएचसी मस्तुरी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिजली करंट से मृत्यु की पुष्टि की गई है। पुलिस जांच में मृतक की पत्नी कविता लहरे, पिता डेरहा लहरे और गवाहों के कथन लिये। विद्युत विभाग से मिली जानकारी में घर में लगे बिजली कनेक्शन को वैध बताया गया, परंतु टुल्लू पंप का पंखा खुला रखना आरोपी की गंभीर लापरवाही माना गया। मर्ग जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी सूर्यकांत सोनी के विरुद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। यह घटना ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू बिजली उपकरणों के सुरक्षित उपयोग की अनिवार्यता को पुनः रेखांकित करती है।

दीक्षांत समारोह के नाम पर लाखों रुपए दुरुपयोग करने का आरोप

■ एनएसयूआई ने एयू कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह के नाम पर लाखो रूपये का दुरूपयोग पर रोक एवं भंडार क्रय नियम पालन करने रंजेश सिंह ने अपने साथियो के साथ मिलकर निम्न मुद्दों को कुलसचिव के समक्ष रख कर समस्याओ और खामियों से अवगत कराया। रंजेश सिंह ने बताया कि बिना निविदा व प्रकाशन प्रक्रिया किये व विश्वविद्यालय के ऑफिसियल वेबसाइड पर टेंडर समन्धित सुचना अपलोड किये एवं कार्यपरिषद कि बैठक स्वीकृति और निर्णय के पूर्व ही जारी किये डोम (टेंट)2360000 का टेंडर अपनी मांग रखते हुऐ प्रदेश सचिव ने कहाँ कि 60लाख से भी अधिक राशि खर्च कर प्रत्येक वर्ष दीक्षात समारोह आयोजन पर तत्काल रोक लगाए अन्य राजकीय विश्वविद्यालय पं रविशंकर यूनिवर्सिटी, हेमचंद यूनिवर्सिटी दुर्ग जैसी प्रक्रिया अपना कर कम से कम व्यव कर छात्राहित हेतु इन पैसो का उपयोग किया जाये,आपका ध्यान आकर्षण करना चाहूंगा कि आज तारीख तक यूनिवर्सिटी कैंपस में हॉस्टल जैसी सामान्य सुविधा तक उपलब्ध नहीं है इन जैसी तमाम सुविधा से विश्वविद्यालय वंछित है इसी का परिणाम आज तक एनएएसी करा नहीं पाया है विश्वविद्यालय प्रबंधन, आपको ज्ञात होगा पैसे कि ही आभाव में यूनिवर्सिटी कैंप्स के अंदर पुलिस विभाग के लिए क्वाटर हेतु जमीन बिक गयी विश्वविद्यालय प्रबंधन कुछ नहीं कर पायी।

छात्रहित में निणर्य लेने की मांग

इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लेते हुऐ त्वरित छात्रहित में निर्णय लेने की बात कही, अन्यथा पूर्व की तरह ही स्थाई कुलसचिव प्राप्त होने के बाद भी विश्वविद्यालय के पैसे का दोहन होगा तो एनएसयूआई के सैकड़ो साथियों के साथ आंदोलन की और अग्रसर होने हेतु विवश होऊंगा जिसकी पूरी जिम्मेदरी विश्वविद्यालय प्रशासन की होंगी। जिस पर कुलसचिव ने तत्काल संज्ञान में लेकर नियन का पालन करने हेतु मौखिक आदेशित किया और दीक्षांत समारोह में हो रहें अत्यधिक व्यय के मामले पर विचार करते हुऐ छात्राहित में उचित निर्णय लेने की बात कही।

पालना सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन 4 दिसंबर तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 डा. भीमराव अम्बेडकर नगर अंतर्गत पालना केंद्र पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग परिसर हेतु पालना सहायिका के रिक्त 1 पद पर 4 दिसंबर तक आवेदन किये जा सकते है। सहायिका पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 8वीं पास एवं संबंधित वार्ड निवासी होना आवश्यक है। आवेदन के संबंध में अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

लोगों को शाकाहार अपनाने प्रेरित करने संत सांई लाल के सानिध्य में निकली रैली

बिलासपुर /नवप्रदेश। साधु वासवानी सेंटर बिलासपुर के द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दादा साधु वासवानी के अवतरण दिवस के पूर्व लोगों को जागरूक करने के लिए कलवानी एवं पंजवानी फैमिली के द्वारा शाकाहारी रैली निकाली गई कार्यक्रम की शुरुआत धन गुरु नानक दरबार में संस्था के सदस्यों के द्वारा विश्व कल्याण के लिए अरदास कराई गई रैली में सिंधु विद्या मंदिर सिंधी कॉलोनी स्कूल के बच्चे शामिल हुए संस्था के सदस्यों के द्वारा दादा साधु वासवानी दादा जैपी वासवानी जी के फोटो पर पुष्प पर अर्पण कर दीप प्रजवलित करके आरती की गई वह रैली आरंभ की गई रैली में सबके आगे स्कूल के बच्चों के द्वारा शाकाहार का संदेश देते हुए बैनर लिए आगे चल रहे थे उसके पीछे महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन व गीत गाते हुए आगे बढ़ रहे थे और लोगों को मोटिवेशन करने के लिए संदेश भी दे रहे थे डॉक्टर अभिषेक कलवानी, डॉक्टर रौनक कलवानी , डॉक्टर सोनल कलवानी, भी शामिल हुई वह लोगों को संदेश दिया कि शाकाहार को अपनाए व मांसाहार का त्याग करें मांसाहार खाने से कई सारी बीमारियां होती हैं व शाकाहारी भोजन करने से कई सारे विटामिन मिलते हैं वह शरीर स्वस्थ तंदुरुस्त भी रहता है। श्री सिंधु अमर धाम आश्रम झूलेलाल मंदिर चकरभाटा के शहजादे संत सांई लालदास जी के सानिध्य में रैली का आयोजन किया गया, सांई जी के द्वारा दादा का संदेश घर-घर तक पहुंचे इसके लिए उन्होंने भी लोगों से निवेदन किया कि 25 नवंबर को दादा का जन्म उत्सव है उस दिन कोई भी मांस न खाये ओर मदिरा का सेवन न करें और अगर लोग जीवन भर इसका त्याग करते हैं तो बहुत अच्छी बात है और नहीं तो कम से कम उस दिन तो मांस मटन का त्याग करें।

ताला तोड़कर मकान में नकदी चोरी, आरोपी गिरफ्तार

15 सौ नकद बरामद, आरोपी जेल दाखिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमृतुल्य चाय दुकान संचालक के मकान से नकदी रकम चोरी करने वाले आरोपी को सरकण्डा पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी किये रकम मे से 15 सौ रुपए बरामद किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार गणेश यादव पिता अर्जून यादव उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बरेला थाना तखतपुर बिलासपुर वर्तमान निवास हनु ट्रेडर्स नूतन चौक सरकण्डा का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 नवंबर के सुबह करीब 07.30 बजे अपने किराये के मकान में ताला लगाकर चाय दुकान चला गया था, सुबह करीब 11.30 बजे नहाने के लिए वापस अपने मकान पर आया तो देखा कि रूम का बाहर का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा हुआ था, बैग का चैन खुला था जिसे देखा तो बैग में रखे नगदी रकम 40000रू. नहीं था, आसपास पता तलाश करने पर कोई भी नहीं दिखा, कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैग में रखे नगदी रकम 40000रू. को चोरी कर ले गया है, प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया, प्रकरण की विवेचना दौरान अज्ञात आरोपी की पतासाजी किया जा रहा था कि आज 19 नवंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि एक लड़का संदिग्ध रूप से घूम रहा है और अनाप-शनाप पैसे खर्च कर अमीरी दिखा है, मुखबीर की उक्त सूचना पर उक्त संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में थाना प्रभारी सरकण्डा निरीक्षक प्रदीप आर्या के नेतृत्व में टीम तैयार कर तत्काल सूचना तस्दीक हेतु रवाना किया गया जिनके द्वारा नूतन चौक सरकण्डा में संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम गणेश यादव निवासी राजकिशोर नगर सरकण्डा का बताया।

समितियों में धान खरीदी की हो व्यवस्था किसानों को ना हो परेशानी: कांग्रेस

बिलासपुर /नवप्रदेश। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर समितियों में अव्यवस्था का आलम है। किसानों की धान खरीदी नहीं हो पा रही है। जिले की अधिकांश उपार्जन केंद्रों में तालाबंद की नौबत है। एक बड़ी समस्या ये कि जिले में ऐसे भी गांव हैं जहां के किसानों का धान खरीदी के लिए आनलाइन पंजीयन नहीं हो पाया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। एक तरफ सरकार समितियों में धान खरीदी का दावा कर रही है और दूसरी तरफ किसान धान बेचने के लिए भटक रहे हैं। जिले के साथ प्रदेशभर में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है। इन अव्यवस्थाओं को जल्द दूर कराने व उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने की मांग की है।

आरोप कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मारपीट, दुर्व्यवहार और अश्लीलता करने का लगाया आरोप

करणी सेना उपाध्यक्ष के परिवार साथ अमानवीयता, राजपूत समाज में आक्रोश

बिलासपुर/नवप्रदेश। क्षत्रिय राजपूत समाज छत्तीसगढ़ ने रायपुर पुलिस के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों पर क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तोमर और उनके परिवारजनों, खासकर महिलाओं, के साथ हिरासत के दौरान अमानवीय अत्याचार, मारपीट, दुर्व्यवहार और अश्लीलता करने का गंभीर आरोप लगाया है।

इस पूरे मामले को लेकर समाज ने बिलासपुर कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डीजीपी छत्तीसगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। समाज ने कहा है कि वे तोमर के अपराध का समर्थन नहीं करते, लेकिन पुलिस द्वारा किए गए मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन और महिलाओं के साथ अशोभनीय हरकतों के खिलाफ हैं। ज्ञापन में तत्काल उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। समाज ने आरोप लगाया गया है कि गिरफ्तारी के बाद पुलिसकर्मियों ने तोमर, उनकी पत्नी भावना तोमर, माताजी और अन्य परिजनों के साथ लगातार मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया। आरोप है कि महिला के साथ अश्लील एवं निंदनीय हरकतें की गई, जो मानवाधिकारों और पुलिस मैनुअल का खुला उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त, वीरेंद्र सिंह तोमर के साथ सार्वजनिक स्थल पर मारपीट करना, रोड पर जुलूस निकालना और बीच सड़क पर उनके शरीर पर जूता रखकर राजपूत समाज को अपमानित करने जैसे आचरण किए गए। छत्तीसगढ़ राजपूत समाज ने प्रशासन से निम्नलिखित बिंदुओं पर त्वरित, कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है।

कार्रवाई नहीं हुई तो होगा आंदोलन

समाज ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे राजपूत समाज के कार्यकर्ता एवं पीड़ित परिवार लोकतांत्रिक और संवैधानिक दायरे में व्यापक विरोध एवं सत्याग्रह करने के लिए बाध्य होंगे। इस आंदोलन की तिथि 7 दिसंबर रायपुर में तय की गई है, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में किशोर सिंह, अनसिंह, जयन सिंह परिबर, सिंह योगेश सिंह और भारतेंद्र सिंह सहित समस्त क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि शामिल हैं।

सुविचार

लोग तौल देते हैं चंद लफ्जों से ही आपका किरदार लेकिन अपनी बारी आने पर उन्हें तराजू नहीं मिलता। - अज्ञात

अंतिम सांसे गिनता लाल आंतक

आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र में अब लाल आतंक अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। कुख्यात नक्सली कमांडर और झीरम घाटी हमले के मास्टरमांइड माडवी हिड़मा के खात्में के बाद दूसरे दिन भी सुरक्षाबल के जवानों ने और सात नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। इसी के साथ अब नक्सलियों के सफाए की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और छत्तीयसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ को नक्सली आतंक से मुक्त कराने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के माथे पर चस्पा लाल आतंक रुपी यह काला धब्बा शायद इतनी जल्दी मिटने के कगार पर नहीं पहुंच पाता यदि देश के गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश से माओवादियों को मिटाने के लिए भीष्म प्रतिज्ञा नहीं ली होती। अमित शाह को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के रुप में साहसी साथी मिला और जय व वीरू की जोड़ी ने गब्बर सिंह रुपी नक्सलियों पर ऐसे शोले बरसाए कि उनके पैर उखड़ने लगे और अब तो बस्तर में गिनती के ही नक्सली बचे हैं। उन्हे भी निर्धारित समय सीमा के पहले ही नेस्तनाबूत कर दिया जाएगा ऐसी उम्मीद है। अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ आते रहे। बस्तर जाकर सुरक्षा बल के जवानों का हौसला बढ़ाते रहे। उन्हें अत्याधुनिक हथियारों सहित अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध कराते रहे। उनके ही भागीरथ प्रयासों तथा छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय सरकार के प्रयत्नों का ही यह सुपरिणाम है कि आदिवासी बहुल बस्तर जिसे माओवादियों ने बारुद की ढेर पर बैठा दिया था अब वह शांति का टापू बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। नक्सलियों के सफाए में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले सुरक्षा बल के जवानों के जज़्बे को भी सलाम। उनका कुशल नेतृत्व करने वाले बस्तर आई पी. सुंदरराज भी साधुवाद के पात्र हैं। जिनके सद प्रयासों से नक्सलियों के खिलाफ खंदक की लड़ाई में सुरक्षा बलों को नित नई सफलता मिलती रही है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए बस्तर आईजी पी. सुंदरराज न सिर्फ बधाई के पात्र हैं बल्कि पुरस्कार के भी हकदार हैं। बहरहाल अब वह दिन दूर नहीं दिखता जब बस्तर में शांति की बहाली हो जाएगी जो भी बचे खूचे नक्सली हैं उनका भी जल्द ही सफाया कर दिया जाएगा। और इसके बाद बस्तर में विकास की बयार बहने लगेगी। छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र प्राकृतिक रूप से पर्यटन के लिए एक आदर्श क्षेत्र के रूप में विकसित हो सकता है। यदि वहां से नक्सलियों का सफाया हो जाता है तो देश से ही नहीं बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में पर्यटकों का आना शुरू हो जाएगा और बस्तर देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के पर्यटन के नक्शे में अपना अलग स्थान बनाने में सफल हो जाएगा।

दसवीं बार नीतीश कुमार को बिहार की कमान

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए ने दोहरा शतक लगाकर प्रचंड बहुमत से अपनी सरकार बनाई है। नीतीश कुमार ने रिकॉर्ड दसवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर ली है। उनके शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा एनडीए शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री तथा एनडीए के अन्य नेता शामिल हुए। नीतीश कुमार के साथ ही सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली साथ ही अन्य मंत्रियों को भी शपथ दिलाई गई। नीतीश कुमार ने ही सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को फिर से उपमुख्यमंत्र बनाये जाने की इच्छा व्यक्त की थी। गौरतलब है कि भाजपा में इस बार उपमुख्यमंत्री के पद पर इन दोनों नेताओं में से किसी एक को हटाकर नये चेहरे को शामिल करने का विचार चल रहा था किन्तु नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा को ही उपमुख्यमंत्री बनाने का अनुरोध किया नतीजतन भाजपा हाईकमान को उनकी मंसा के अनुरूप इन दोनों को ही डिप्टी सीएम बनाना पड़ा। पिछले लगभग दो साल के कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय सिन्हा के बीच बेहतर तालमेल बन गया था। जाहिर है अब ये तीनों मिलकर फिर से बिहार में बेहतर काम करके दिखाएंगे। एनडीए में शामिल सभी दलों को भी नीतीश कुमार के मंत्री मंडल में समुचित प्रतिनिधित्व दिया गया है उम्मीद है कि है नीतीश सरकार बिहार की जनता की कसौटी पर खरा उतरेगी।

सदगुरू बोधामृतम

सदगुरू ऋतेश्वर जी

❖ अगर आप भी इंसान हैं, मनुष्य हैं तो थोड़ा रुकिए और उस मनुष्य के चेहरे पर लगे बोर्ड के पीछे भी देखने का प्रयत्न करिए। जहाँ मुस्कुराहट का भी बोर्ड लगा हो वहाँ भी धड़-धड़ा के मत घूसना और जहाँ दुखी चेहरा हो वहाँ भी मत घूसना। स्टे, थिंक, नजर घुमाइए, देखिए, समझिए और फिर धीरे-धीरे यात्रा करें। विवेकवान आदमी को विवेक से निर्णय करना चाहिए। समझना, लगे कि मामला ठीक है तो प्रवेश कर जाना।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1867 लक्ज़मबर्ग को एक स्वतंत्र राष्ट्र घोषित किया गया। किंतु इसके बाद भी यह देश हॉलैंड से जुड़ा रहा। 1871 न्यूयॉर्क के मोसेस एफ गेल ने सिगार लाइटर का पेटेंट कराया। 1959 फीनिक्स कला संग्रहालय की स्थापना की गयी। 1980 लास वेगास स्ट्रिप के एमजीएम ग्रांड होटल और कैसीनो में आग लगने से 85 लोग मारे गए। 1980 83 मिलियन से अधिक लोगों ने डलास के टीवी एपिसोड 'हू डन इट' को 'हू आर जे।' 1986 मध्य अफ्रीकी गणराज्य ने संविधान अंगीकार किया। 1989 ब्रिटिश संसद के निम्न सदन हाउस ऑफकॉमंस में पहली बार कैमरे लगाए गए। 2002 बुल्गारिया,इस्तोनिया, लातविया, लिथुआनिया, रोमानिया, स्लोवाकिया और स्लेवानिया को नाटो ने संगठन का सदस्य बनने का निमंत्रण दिया। 2005 श्रीलंका के राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने पूर्व प्रधानमंत्री रत्नसिरी विक्रमनायके को देश का नया प्रधानमंत्री नियुक्त किया।2009 चीन के हेइलोंगजियांग में एक कोयला खदान में विस्फोट होने से 108 सैनिकों की मौत हो गई। 2010 37 वें अमेरिकन म्यूजिक अवाड्र्सः लेडी गागा और जस्टिन बीबर ने जीता।

महेन्द्र तिवारी

समस्या तब पैदा होती है जब कोई भी पक्ष अपने दावे को तथ्यों, औपचारिक शिकायतों और सत्यापित प्रक्रियाओं के बजाय भावनात्मक और राजनीतिक आरोपों पर आधारित कर देता है। भारतीय लोकतंत्र की इस घड़ी में सबसे महत्वपूर्ण तत्व सिर्फ राजनीतिक बहस नहीं, बल्कि उस बहस का मूल चरित्र है। लोकतंत्र में संस्थाओं की रक्षा तभी संभव है जब वे जनता की नज़र में न केवल विश्वसनीय हों, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही के आधुनिक मानकों पर खरी उतरे। विपक्ष की आलोचना और नागरिकों की चिंताओं दोनों को संतुलित रूप से सुना जाना चाहिए। असली सवाल यह है कि क्या भारत अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता को इतना मजबूत रख सकेगा कि राजनीतिक जंग संस्थागत विश्वास को न कुचल दे। लोकतंत्र की शक्ति यही है कि उसमें विवाद होते हैं—पर उसका अस्तित्व तभी सुरक्षित रह सकता है, जब विवाद तथ्यों और नैतिक मर्यादा पर आधारित हों, न कि शोर या संदेह के ध्रुवीकरण पर।

लोकतंत्र की कसौटी पर चुनाव आयोग: सवाल, आरोप और जवाबदेही

भारतीय लोकतंत्र इस समय ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ संस्थागत साख और राजनीतिक जवाबदेही के बीच संघर्ष असाधारण रूप से तीखा हो गया है। हाल ही में 272 नागरिकों (पूर्व जजों, नौकरशाहों, राजनयिकों और सैन्य अधिकारियों) द्वारा जारी खुले पत्र ने इस संघर्ष को और अधिक स्पष्ट और संवेदनशील बना दिया है। पत्र में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी पर संवैधानिक संस्थाओं—विशेषकर चुनाव आयोग—की विश्वसनीयता को बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। दूसरी ओर विपक्ष का तर्क है कि ये सभी हस्ताक्षरकर्ता सत्ता से कठिन सवाल पूछने का साहस नहीं कर पा रहे, जबकि चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर वास्तविक और गंभीर शंकाएँ मौजूद हैं। यह पूरा विवाद भारत में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संस्थागत पारदर्शिता और राजनीतिक संवाद की बदलती प्रकृति का दर्पण बन गया है।

नागरिकों के इस पत्र में कहा गया कि विपक्ष जानबूझकर सेना, न्यायपालिका, संसद और अब चुनाव आयोग जैसी संस्थाओं पर हमला कर रहा है। पत्र में विशेष रूप से राहुल गांधी द्वारा लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों पर सवाल उठाए गए, जिनमें उन्होंने दावा किया था कि उनके पास "100% सबूत" हैं, जबकि उन्हें न तो औपचारिक शिकायत के रूप में पेश किया गया, न हलफनामे के रूप में। पत्र में यह भी रेखांकित किया गया कि चुनाव आयोग की स्धक्रप्रक्रिया—जिसमें मतदाता सूची की समीक्षा, अवैध नामों को हटाना और पात्र मतदाताओं को जोड़ना शामिल है—पूर्णतः पारदर्शी और सार्वजनिक है। हस्ताक्षरकर्ताओं के अनुसार, केवल राजनीतिक हार के आधार पर आयोग की भूमिका पर संदेह उठाना चयनात्मक आक्रोश है, क्योंकि जीत के समय कोई ऐसी आलोचना सामने नहीं आती। उनके अनुसार मतदाता सूची की पवित्रता बनाए रखना विश्व के किसी भी लोकतंत्र में अपरिहार्य है, और भारत को भी इसी सिद्धांत पर कायम रहना चाहिए।

परंतु कांग्रेस की प्रतिक्रिया उतनी ही तीखी और आरोपों से भरी थी। उनका कहना है कि यह पत्र वस्तुतः चुनाव

आयोग की संभावित लापरवाही या पक्षपात पर उठ रहे सवालों से ध्यान हटाने का प्रयास है। कांग्रेस प्रवक्ता का यह तर्क कि 272 लोगों में से एक भी पूर्व चुनाव आयुक्त नहीं है, और न ही कोई ऐसा व्यक्ति है जिसने चुनावी प्रबंधन में प्रत्यक्ष भूमिका निभाई हो, इस पत्र की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। विपक्ष यह भी कहता है कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों, जैसे एक ही पते पर दर्जनों नाम, फर्जी पते, डुप्लिकेट प्रविष्टियाँ और बिना फोटो पहचान के वोट देने की घटनाओं पर लगातार रिपोर्ट सामने आती रही हैं, फिर भी चुनाव आयोग ने इन मामलों को लेकर पर्याप्त पारदर्शिता या सक्रियता नहीं दिखाई। यह प्रश्न इसलिए और जटिल हो जाता है क्योंकि लोकतंत्र में संस्थाओं को सम्मान देना जितना आवश्यक है, उनसे सवाल पूछना उतना ही अनिवार्य—और वैध—कदम है। केवल आरोप लगाना पर्याप्त नहीं होता, लेकिन केवल आरोपों को खारिज कर देना भी किसी स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था का संकेत नहीं कहा जा सकता। आधुनिक लोकतंत्र केवल निष्पक्ष होने से नहीं चलता; उसे निष्पक्ष दिखना भी पड़ता है। जब जनता का विश्वास किसी संस्था की ओर से डगमगाने लगता है, तब सवालों को 'संस्थाओं पर हमला' बता देना राजनीतिक दृष्टि से सुविधाजनक हो सकता है, लेकिन लोकतांत्रिक दृष्टि से यह खतरनाक संकेत माना जाएगा।

भारतीय राजनीति में बढ़ते ध्रुवीकरण ने इस विवाद को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। राजनीतिक दल जब अपने-अपने चश्मों से संस्थागत क्रियाकलापों को देखने लगते हैं, तो किसी भी निष्कर्ष पर पहुँच पाना कठिन हो जाता है। विपक्ष की शिकायत है कि चुनाव आयोग अपने निर्णयों पर औपचारिक और तकनीकी रूप से पारदर्शी होते हुए भी राजनीतिक रूप से अप्रत्यक्ष दबावों से मुक्त दिखाई नहीं देता। वहीं सत्ता पक्ष और पत्र पर हस्ताक्षर करने वाले नागरिकों का मत है कि केवल राजनीतिक लाभ के लिए आयोग को कटघरे में खड़ा करना देश की लोकतांत्रिक संरचना को कमजोर करता है। यह दो तरह का अविश्वास है—एक तरफसंस्थाओं पर, और दूसरी तरफविपक्ष की मंशा पर। इस पूरे प्रकरण की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि दोनों पक्ष आंशिक रूप से सही हैं, और दोनों ही लोकतांत्रिक विमर्श का हिस्सा हैं। विपक्ष यदि यह कहता है कि मतदाता सूची में गड़बड़ियाँ हैं, तो इन दावों का स्वतंत्र ऑडिट किया जाना चाहिए। और यदि नागरिक समूह यह कहता है कि बिना सबूत आरोप लगाना संस्थागत साख को चोट पहुँचाता है, तो इसमें भी तर्क है। समस्या तब पैदा होती है जब कोई भी पक्ष अपने दावे को तथ्यों, औपचारिक शिकायतों और सत्यापित प्रक्रियाओं के बजाय भावनात्मक और राजनीतिक आरोपों पर आधारित कर देता है।

भारतीय लोकतंत्र की इस घड़ी में सबसे महत्वपूर्ण तत्व सिर्फराजनीतिक बहस नहीं, बल्कि उस बहस का मूल चरित्र है। लोकतंत्र में संस्थाओं की रक्षा तभी संभव है जब वे जनता की नज़र में न केवल विश्वसनीय हों, बल्कि उनकी कार्यप्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही के आधुनिक मानकों पर खरी उतरे। विपक्ष की आलोचना और नागरिकों की चिंताओं दोनों को संतुलित रूप से सुना जाना चाहिए। असली सवाल यह है कि क्या भारत अपनी लोकतांत्रिक परिपक्वता को इतना मजबूत रख सकेगा कि राजनीतिक जंग संस्थागत विश्वास को न कुचल दे।

लोकतंत्र की शक्ति यही है कि उसमें विवाद होते हैं—पर उसका अस्तित्व तभी सुरक्षित रह सकता है, जब विवाद तथ्यों और नैतिक मर्यादा पर आधारित हों, न कि शोर या संदेह के ध्रुवीकरण पर।

भारत की श्रम संहिताएं और महिला श्रमिक: अपेक्षाकृत अधिक समावेशी और लैंगिक

उमा मेय्यप्पन

वैश्विक स्तर पर बढ़ती आर्थिक अनिश्चितता के बीच, भारत की नई श्रम संहिताओं का कार्यान्वयन घरेलू लचीलेपन को मजबूत करने और समावेशी विकास को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मौका है। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में, भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करना न केवल मैन्यूफैक्चरिंग या तकनीकी क्षमता का विस्तार, बल्कि समावेशी एवं सुदृढ़ संस्थानों के निर्माण पर भी निर्भर करेगा। सच्ची आत्मनिर्भरता एक ऐसी अर्थव्यवस्था के निर्माण में निहित है जहां प्रत्येक नागरिक, विशेषकर महिलाएं, देश की विकास गाथा में सार्थक रूप से भाग ले सकें।

भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं का श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) 2017-18 में 22.0 प्रतिशत से बढ़कर 40.3 प्रतिशत हो गया है। जबकि, इसी अवधि में श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 41.7 प्रतिशत हो गई है। ये आंकड़े श्रम बाजार में भागीदारी के मामले में व्याप्त लैंगिक अंतर में आई उल्लेखनीय कमी को दर्शाते हैं तथा व्यापक आर्थिक समावेशन की दिशा में सकारात्मक बदलाव की ओर भी इशारा करते हैं। फिर भी, महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा श्रमबल से बाहर है और जो महिलाएं कार्यरत हैं भी, उनमें से कई उन अनौपचारिक क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं जहां उन्हें कम वेतन, नौकरी की सीमित सुरक्षा और न्यूनतम सामाजिक सुरक्षा की समस्या से जूझना पड़ रहा है। कृषि एवं घरेलू काम से लेकर घर-आधारित उद्यमों और गिग प्लेटफॉर्म तक, अनौपचारिक रोजगार अक्सर नाजुक आर्थिक स्थिति और असमानता को मजबूत करता है। इस संदर्भ में, भारत के श्रम कानूनों को हाल ही में चार व्यापक संहिताओं में संहिताबद्ध किया जाना इन कमियों को दूर करने का एक अनूठा मौका है। औपचारिकीकरण, संरक्षण और समान पहुंच पर ध्यान केन्द्रित करके, इन सुधारों का उद्देश्य अपेक्षाकृत अधिक समावेशी और सुदृढ़ श्रम बाजार की नींव रखना है। इस प्रयास में भारत अकेला नहीं है। वियतनाम, इंडोनेशिया, मिस्र और मैक्सिको सहित कई विकासशील देशों ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से श्रम कानूनों में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इनमें मातृत्व संबंधी लाभ का विस्तार करना तथा स्वैच्छिक सहमति, सुरक्षित परिवहन, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, महिला पर्यवेक्षण एवं उत्पीड़न-विरोधी ठोस सुरक्षा जैसे सुरक्षात्मक उपायों के तहत महिलाओं को रात्रि पाली में काम करने की अनुमति देना शामिल है। ऐसे उपाय सिर्फरोजगार को ही संभव बनाने से जुड़े नहीं हैं, बल्कि इनका जुड़ाव महिलाओं की गरिमा, स्वायत्तता और आर्थिक प्रगति में समान हिस्सेदारी सुनिश्चित करने से भी है। अब जबकि भारत आत्मनिर्भरता और सतत विकास की दिशा में अपनी यात्रा जारी रखे हुए है, एक सच्ची समावेशी एवं न्यायसंगत अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए महिलाओं को नीति और श्रम सुधार के केन्द्र में रखना अहम होगा। इन संहिताओं में निहित अनेक प्रावधानों में से कई, महिलाओं की आर्थिक भागीदारी एवं सशक्तिकरण की दृष्टि से विशेष महत्व रखते हैं। इन सुधारों का उद्देश्य कार्यस्थलों को अपेक्षाकृत अधिक सुरक्षित, अधिक लचीला और अधिक न्यायसंगत बनाना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महिलाएं पुरुषों के साथ समान स्तर पर अर्थव्यवस्था में भाग लें और उसका लाभ उठा सकें। वेतन और कामकाज की स्थितियों में लिंग-आधारित भेदभाव की समाप्ति भारत के श्रम सुधार, विशेष रूप से वेतन संहिता (2019) और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 का उद्देश्य वेतन तथा कामकाज की स्थितियों में लंबे समय से चले आ रहे और श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी को सीधे प्रभावित करने वाले लिंग-आधारित भेदभाव से निपटना है। वेतन संहिता (2019) भर्ती और वेतन में लिंग-आधारित भेदभाव को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करके समान कार्य के लिए समान वेतन के सिद्धांत को सुदृढ़ करती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि यह संहिता संगठित और असंगठित, दोनों क्षेत्रों में न्यूनतम वेतन कवरेज को सार्वभौमिक बनाती है। यह प्रावधान कम वेतन वाले अनौपचारिक पेशों में कार्यरत महिलाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह उन्हें एक बुनियादी स्तर की आय संबंधी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके अलावा, एक राष्?ट्रीय फ्लोर वेज ढांचे की शुरुआत उचित वेतन के लिए मोल-भाव करने की महिला श्रमिकों की क्षमता को मजबूत करती है और साथ ही वेतन के स्तरों में क्षेत्रीय असमानताओं को भी कम करती है। यह लैंगिक आधार पर वेतन में व्यापक अंतर को दूर करने और सभी क्षेत्रों में महिलाओं के लिए आय संबंधी सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इसके समानांतर, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 महिलाओं को पारंपरिक रूप से नियत कामकाज के घंटों से परे काम करने की अनुमति देकर उनकी आर्थिक भागीदारी के नए अवसर खोलती है। पूर्व में 1948 के फैक्ट्री अधिनियम के तहत कारखानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में रात्रि पाली में महिलाओं को काम करने से रोकने संबंधी प्रतिबंध के उलट, इस नए संहिता का उद्देश्य कमाई की क्षमता के संदर्भ में पुरुषों और महिलाओं के बीच समान अवसर प्रदान करना है। इस प्रतिबंध के हटने से महिलाएं पारंपरिक रूप से पुरुषों के प्रभुत्व वाली पाली में काम कर सकेंगी। इससे अपने पुरुष समकक्षों के बराबर वेतन अर्जित करने की उनकी क्षमता बढ़ जाएगी। उदाहरण के तौर पर आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, पंजाब, बिहार, गोवा, हिमाचल प्रदेश, असम, मेघालय, त्रिपुरा, केरल, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों ने पहले ही रात्रि पाली में महिलाओं के काम करने पर प्रतिबंध को हटा लिया है। इसके परिणामस्वरूप पुरुषों के रोजगार पर नकारात्मक प्रभाव डाले बिना महिलाओं के रोजगार में वृद्धि हुई है, खासकर बड़ी व निर्यात-उन्मुख फर्मों में।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

हॉ सच है, पुरुष

हॉ सच है, पुरुष ने, आदिकाल से, अधिकार-युक्त रखा है स्त्री को! विचारणीय है? क्यों निरंकुश रहा पुरुष! जबकि स्त्री, सदैव रही, सर्व शक्तिमान! आकर्षण, सहवास, जन्म,पालन, घर-गृहस्थी, करुणा,क्रोध, प्यार-धिक्कार, यस-अपयस, और संहार! तो क्या? स्वयंम उस की मौन स्वीकृत, रही! पुरुष के सहचर के लिए!आरोपित है पुरुष, आदिकाल से, स्त्री के ऊपर छद्म, वर्चस्व हेतु! अनुत्तरित है, आजतक यह, यक्ष प्रश्न? कि यदि, स्त्री-पुरुष सम्मिलन ही, पूर्णता है,तो अलगअलग अस्तित्व की, अधिकारबोध, परिभाषा क्यों? अतःएकाकारमें दम्भ नगण्य! - **अजयश्री**

सच्चे लोगों का

सच्चे लोगों का सदा, देते ईश्वर साथ बुरे वक्त में आप ही, रखते सिर पर हाथ रखते सिर पर हाथ ,सभी के कष्ट मिटाते भूले जन को नित्य, वही तो राह दिखाते कहते कवि गिरि राज काम करिये तुम अच्छे बनो हमेशा मीत, सभी के सीधे सच्चे।

- संजय कुमार गिरि

मेरे पुरखों नहीं जानना है मुझे

मेरे पुरखों नहीं जानना है मुझे कि कौन थे तुम कि आए कहां से और किसलिए कि तुम्हारे लिए क्या था तुम्हारा गौरव कि क्या था अभिमान-स्वाभिमान कि कितने जीते देश कितने हारे राज्य कितना किया ध्वंस कितना फैलाया वंश नहीं जानना है मुझे क्योंकि मेरे लिए तुम्हारा इतिहास धरती से तुम्हारे प्रेम के प्रस्फुटन से शुरू होता है और आदमियत से प्रेम पर वर्तमान हो जाता है।- **केवल कृष्ण**

जितना ही प्रिय साथ तुम्हारे रहता है

जितना ही प्रिय साथ तुम्हारे रहता है परिवार। उतना ही सुख-उतनी खुशियाँ,आती हैं घर-द्वार। अपनों से बढ़कर दुनिया में नहीं है दूजा मीत- जिसने इसका स्वाद चखा है,उसका है संसार। - **अमित शिवकुमार दुबे**

अपनी जिंदगी को बहुत ध्यान से देखा

अपनी जिंदगी को बहुत ध्यान से देखा पढ़ा मैने, औरों की जिंदगी पर भी ध्यान दिया। मुझे ये बात खुब अच्छी तरह से समझ में आ गई कि कोई भी लड़की या औरत जब तक विद्रोह ना करे वो सफ्ल नही हो सकती चाहे वो कितनी भी गुणवान क्यों ना हो।ये गलती हुई मुझसे। - **प्रीति श्रीवास्तव**

मुस्कुरा के मिलो जब भी हमसे मिलो

मुस्कुरा के मिलो जब भी हमसे मिलो सादगी से मिलो जब भी हमसे मिलो ! प्यार की राह में हम चलें दूर तक आशिकी से मिलो जब भी हमसे मिलो ! - **ममता लड़ीवाल**

प्रेम बच नहीं पाया -हाँ उसके

प्रेम बच नहीं पाया - हाँ उसके अंदर अहंकार कूट कूट के भरा है - उसने की थी कोशिशें अहं को पी लेने की उतरना चाहा था प्रेम में गोता लगाना चाहा था प्रेम के सागर में - पर उसने अहम् का चोला नहीं उतारा और कूद गया प्रेम की नदिया में- प्रेम बचाने की कोशिश करता रहा प्रेम बचाता भी है और पनपाता भी है - पर अहम् का बोझ ज्यादा था आखिर डूबा ही ले गया दूर प्रेम सिसकता रहा और वो अहंकार की नदियों से होता हुआ अहंकार के एक बड़े सागर में जा समाया - जहाँ से अब लौटना मुश्किल है। - **सीमा मधुरिमा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन व्यर्थ की उठापटक में बीतेगा जिस कार्य को करना चाहिये उसमे लापरवाही करेंगे नही करने वाले कार्यो को प्रसन्न होकर करेंगे।

वृषः आज के दिन आपका ध्यान उलझे घरेलू मामलों को निपटाने पर अधिक रहेगा।

मिथुनः आपको आज मध्यान तक धैर्य धारण करने की आवश्यकता है। मध्यान तक जोभी कार्य करेंगे उसमे धन अथवा समय बर्बाद होने की संभावना अधिक रहेगी।

कर्कः आज भी मध्यान तक का समय मानसिक रूप से अशांति वाला रहेगा। घर और कार्य क्षेत्र में तालमेल बैठाने में खासी परेशानी आएगी।

सिंहः आज आपका स्वभाव साथ वालो के लिये परेशानी खड़ी करेगा।

कन्याः आज के दिन बीते दिन की तुलना में धैर्य कम रहेगा। जो भी कार्य करेंगे उसका परिणाम शीघ्र ना मिलने पर अधीर हो उठेंगे।

तुलाः आज दिन का अधिकांश समय समय खयाली पुलाव पकाने में व्यर्थ करेंगे। मन मे योजनाए बड़ी बड़ी बनाएंगे।

वृश्चिकः आज के दिन आप मौज मस्ती के मूड में रहेंगे। मध्यान तक का समय कार्यो के प्रति लापरवाही में बीतेगा।

धनुः आज का दिन आपको लाभ के अवसर उपलब्ध कराएगा। कार्य व्यवसाय में लाभ कमाने के लिये सही गलत का विचार नही करेंगे।

मकरः आज के दिन आप धर्म कर्म के प्रति विशेष ध्यान देंगे मन मे आध्यात्मिक भाव और भय दोनो रहेंगे। माता अथवा किसी स्त्री वर्ग की सेहत चिंता का विषय रहेगी।

कुंभः आज का दिन भागदौड़ में बीतेगा दिन का पहला भाग पूजापाठ आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने में लगाएंगे।

मीनः आज दिन का आरंभिक भाग बेचैनी वाला रहेगा सेहत में सुधार अनुभव करेंगे लेकिन लापरवाही के चलते कोई नई समस्या खड़ी होगी।

सूर्योदय : 06:53, सूर्यास्त : 05:30, चन्द्रोदय : 06:46, चन्द्रास्त :17:04, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिण गोले), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : मार्गशीर्ष, पक्ष : कृष्ण, तिथि : प्रतिपदा, नक्षत्र : अनुराधा, योग : अतिगण्ड, प्रथम करण : नाग (12:16 तक), द्वितीय करण : किंस्तुघ्न (25:32 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृश्चिक, चंद्र : वृश्चिक, मंगल : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम , मार्गी), बुध : वृश्चिक (अस्त, पश्चिम, वक्री), गुरु : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), शुक्र : तुला (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) अंतर-संसदीय संघ की 149वीं सभा कहाँ आयोजित की गई थी?

2) हाल ही में खबरों में रही कोयल नदी का उद्गम स्थल क्या है?

3) 8वां अंतरराष्ट्रीय प्राचीन कला महोत्सव कहाँ आयोजित किया गया था?

4) केन्दु पत्ता, जिसे तेंदू पत्ता भी कहा जाता है, किस भारतीय राज्य का ग्रीन गोल्ड कहलाता है?

5) श्री सिंगीस्वरर मंदिर, जो खबरों में देखा गया था, किस राज्य में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) जेनेवा (2) पलामू टाइगर रिज़र्व (3) नई दिल्ली (4) ओडिशा (5) तमिलनाडु

कार्टून

राष्ट्रपति मुर्मु का राज्यपाल डेका ने अंबिकापुर में किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अंबिकापुर आगमन पर गांधी स्टेडियम हेलीपेड में राज्यपाल रमेन डेका ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति को राज्यपाल ने भेंट की भित्ती चित्रकारी की पेंटिंग

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के छत्तीसगढ़ आगमन पर अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित समारोह में राज्यपाल रमेन डेका ने उन्हें भित्ती चित्र की पेंटिंग भेंट की। भित्ती कला चित्रकला का यह रूप है, जिसमें घर की दिवारों पर उभरी हुई आकर्षक आकृतियों का प्रदर्शन होता है।

वाहन चालक एवं आपरेटर पद के लिए अंतिम टेस्ट 26 नवम्बर को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अग्निशमन सेवा भर्ती 2025 में वाहन चालक / वाहन चालक कम आपरेटर पद के लिए दस्तावेज जांच, शारीरिक नाप-जोख, शारीरिक दक्षता परीक्षा में चयनित हो चुके अभ्यर्थियों को अब अंतिम चरण के तहत ट्रेड टेस्ट देना होगा।वाहन चालक पद एवं वाहन चालक कम आपरेटर पद का ट्रेड के लिए अंतिम टेस्ट 26 नवंबर 2025 सुबह 8 बजे केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, माना कैम्प में आयोजित की जाएगी। वाहन चालक पद एवं वाहन चालक कम आपरेटर पद का ट्रेड के लिए अंतिम टेस्ट में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को मूल दस्तावेजों के साथ भर्ती समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

धान खरीदी के निगरानी हेतु कंट्रोल सेंटर बनाए

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से खरीफविपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी का महाअभियान 15 नवम्बर से तेजी के जारी हैं। खाद्य विभाग द्वारा धान एवं चावल उपार्जन की सुदृढ़ निगरानी सुनिश्चित करने हेतु ''इन्टीग्रेटेड कमान्ड एन्ड कंट्रोल सेंटर की स्थापना की गई है। यह केन्द्र प्रदेश भर में धान उपार्जन प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग करेगा। प्रदेश में किसी भी किसान या नागरिक को यदि धान के अवैध भंडारण या अवैध परिवहन, बिक्री की जानकारी हो तो वह तत्काल टोल फ्री नंबर 1800-233-2310 पर संपर्क कर निःशुल्क सूचना दे सकते हैं, सूचना देने वालों की जानकारी एवं पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जायेगी।

सुतियापाट और हाफ नदी की सिंचाई योजना के लिए 121 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा कबीरधाम जिले के अंतर्गत दो सिंचाई योजनाओं के कार्यो के लिए 121 करोड़ 92 लाख 40 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। स्वीकृत योजनाओं में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड-पण्डरिया के हाफनदी में व्यपवर्तन योजना के निर्माण कार्य, एवं फिंद्दर तथा रमतला जलाशय का शीर्ष कार्य, नहरों के रिमॉडलिंग के साथ क्रांति और देवसरा जलाशय के नहरों का रिमॉडलिंग, लाईनिंग तथा नहर विस्तारीकरण कार्य के लिए 82 करोड़ 53 लाख 80 हजार रुपये स्वीकृत किये गये है। योजना से प्रस्तावित कार्य पूर्ण हो जाने पर रूपांकित सिंचाई 1721 हेक्टेयर के विरूद्ध 931.124 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति नवीन नहर निर्माण से 828 हेक्टेयर तथा बचत जल से 137.13 हेक्टेयर सहित कुल 2686.13 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।कबीरधाम जिले के विकासखण्ड- सहसपुर लोहारा की सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के बांयी तट मुख्य नहर के विस्तारी करण कार्य और माइनर नहरों के निर्माण कार्य के लिए 39 करोड़ 38 लाख 86 हजार स्वीकृत किये गये हैं योजना कार्य पूर्ण हो जाने पर 2916 हेक्टेयर खरीफक्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। सिंचाई योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराने के लिए मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

एसआईआर पर भाजपा रायपुर उत्तर विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

■ **रायपुर उत्तर विधानसभा के 204 बूथों में SIR कार्य तेज– नेताओं ने व्यक्त किए विचार**

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर उत्तर विधानसभा की चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष मतदाता सूची पुनर्निरीक्षण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष-महामंत्री, पार्षद, शक्तिकेंद्र प्रभारी, संयोजकङ्कसहसंयोजक एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि - यह अभियान केवल फार्म भरने की प्रक्रिया नहीं बल्कि भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर और मज़बूत करने का अवसर है। मतदाता सूची सही होगी तो परिणाम अपने आप सकारात्मक होंगे। हमारा लक्ष्य है– उत्तर विधानसभा को प्रदेश का 'मॉडल विधानसभा' बनाना। जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि - विशेष पुनर्निरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। 204 बूथों पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता यह सुनिश्चित करेगी कि एक भी समर्थक मतदाता सूची से न छूटे। BLA 2 बूथ लेबल एजेंट के रूप में कार्यकर्ता की भूमिका इस अभियान को अत्यंत मजबूत बनाता है।

नगर निगम रायपुर के सभापति सूर्यकांत राठौर ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के निर्देशानुशार ÷पार्षद स्तर पर स्ढ्ढक्र सहायता केंद्र स्थापित करना अत्यंत आवश्यक है। हर नागरिक को मतदाता सूची में जोड़ना हमारा दायित्व है। बूथ कार्यकर्ता और पार्षद मिलकर इस अभियान को पूर्ण सफ्लता दिलाएंगे।बैठक का संचालन जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति ने सुचारू रूप से किया।

अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति जिला उपाध्यक्ष अकबर अली ने आभार व्यक्त किया। बैठक में सुनील पिल्लई, सुभाष अग्रवाल, अर्चना हुकरे, अनूप खेलकर, रोहित भरद्वाज, संदीप जंघेल, जीतेन्द्र गंडेचा, दलविंदर सिंग बेदी, राम प्रजापति, रोहित साहु, राजेश गुप्ता, प्रदीप वर्मा, संतोष सीमा साहू, संतोष हियाल, खगपति सोनी, सौरभ मिश्रा, अवतार सिंग बागल, कैलाश बेहरा, गोरेलाल नायक, विपिन पटेल, कृतिका जैन, दिलीप धनकर, भगवान यादव, सुनील बांगरे, अर्पित सूर्यवंशी, असगर अली, आशीष आहुजा, सुधीर चौबे, गोपाल ठाकरे, विकाश अग्रवाल, हरवंश कश्यप, ज्ञानचंद चौधरी, राम दास मानिकपुरी, नरेन्द्र जंघेल आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

धान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को देख कर किसान हुए संतुष्ट

धान खरीदी निर्बाध रूप से जारी, आज 127 केन्द्रों में होगी धान की खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी बिना किसी रुकावट के तेजी से जारी है। खरीदी शुरू हुए अभी मात्र पांच दिन हुए हैं, लेकिन राज्य भर के उपार्जन केंद्रों में धान की आवक जोर पकड़ने लगी है। आज की स्थिति में महासमुंद जिले के 130 समितियों के 182 उपार्जन केन्द्रों में से 127 केन्द्रों में 1294 टोकन काटा गया है। आज दिनांक तक 75 हजार 101 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। इसके अलावा सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों से निर्बाध रूप से धान खरीदने की पूरी तैयारी की जारी है।

महासमुंद जिले में कलेक्टर ने सभी केन्द्रों में धान खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। महासमुंद जिले में अब किसान उत्साह से धान खरीदी केंद्रों में धान लेकर पहुंच रहे हैं। प्राथमिक सहकारी समिति शेर में शेर गांव के कृषक ईश्वर निषाद ने आज ढाई एकड़ खेती से उत्पादित 52.80 क्विंटल धान की बिक्री के लिए उनके द्वारा ऑनलाईन टोकन काटा गया है। आज वे इस केंद्र में इत्मीनान से धान बेचा।

उन्होंने कहा कि केंद्र में आते ही किसानों का स्वागत किया गया एवं धान खरीदी की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शेर सहकारी समिति आज 11 किसानों का टोकन काटा गया है, जिसमें 570 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। यहां पहुंचे अन्य किसानों ने बताया कि इस बार टोकन व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी है एवं ऑनलाइन है। तौलाई सही हो रही है, बारदाने की कोई कमी नहीं है और सरकार की व्यवस्थाओं से वे पूरी तरह संतुष्ट हैं।

जिला प्रशासन ने किसानों से अपील किया है कि हड़ताल के बावजूद वैकल्पिक इंतजामों से धान खरीदी का कार्य सुगमता पूर्वक हो रहा है। किसान बिना किसी भ्रम के उपार्जन केन्द्र पहुंचे और अपने धान का विक्रय करें।

किसानों की मुस्कान की वजह बनी पारदर्शी धान खरीदी व्यवस्था

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ लागू धान खरीदी व्यवस्था ने आतिफखान सहित जीपीएम जिले के किसानों के चेहरे पर खुशी ला दी है। उपार्जन केंद्र धनौली में धान बेचने पहुंचे किसान आतिफखान ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पारदर्शी एवं कुशल नीतियों ने किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत की है।

सांसद अग्रवाल ने मुफ्त बिजली देने के दावों की खोली पोल

■ **सूर्य घर योजना जनता को नही आया पसंद**

■ **बिजली बिल हॉफ योजना में 200 नहीं 400 यूनिट तक छूट दी जाये**

रायपुर/नवप्रदेश। सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद बृजमोहन अग्रवाल के प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना जनता को पसंद नहीं आया वाले बयान से भाजपा सरकार की मुफ्त बिजली देने की दावों की पोल खुल गई। भाजपा सरकार बिजली बिल हॉफयोजना को बंद करके मुफ्त बिजली का शिगूफा छोड़कर जोर जबरदस्ती सोलर पैनल लगाने दबाव बना रही थी, जिसकी सच्चाई सामने आ गई है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि जनता में बिजली बिल हॉफ योजना बंद होने से गहरी नाराजगी है। अनापशनाप बिजली बिल के चलते लोगों का घर का बजट बिगड़ गया है। सरकार अपने हठधर्मिता को छोड़कर जनहित में पूर्व की तरह ही 400 यूनिट बिजली बिल हाफयोजना में छूट दे। कोयला सेस हटने से कोयला

के दामों में कमी हुई है, उसका लाभ जनता को मिले। बिजली कम्पनी द्वारा बढ़ाई गई 7.10 प्रतिशत फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज को वापस ले। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार बिजली बिल योजना से मिलने वाली 400 यूनिट की छूट को छीनकर अब मात्र 200 यूनिट देकर खुद को जनहितैषी बात रही है, यह निर्णय 4 महीने लूट के बाद छूट की नौटंकी जनता को इससे कोई लाभ नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पूर्व की तरह ही 400 यूनिट छूट बिजली बिल हॉफ योजना में दिया जाए।

महाराष्ट्र मंडल ने शिव आरती संग मनाई रानी लक्ष्मी बाई की जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी... बुंलेदे हर बोले के मुंह हमने सुनी कहानी थी.... शुभद्रा कुमारी चौहान की यह कविता सभी ने अपने बचपन में पढ़ी। यह कविता आज भी उतनी ही प्रासंगिक और अंर्तमन में देश प्रेम जागृत करने में सक्षम है। शुभद्रा कुमारी चौहान की यह कविता 1857 के भारतीय विद्रोह के दौरान झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के असाधारण साहस और बहादुरी को दर्शाती है। उक्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने रानी लक्ष्मी बाई की जयंती कार्यक्रम के अवसर पर कहीं। वहीं इससे पूर्व महाराष्ट्र मंडल की युवा समिति ने माह के प्रत्येक 19 तारीख को होने वाली शिवाजी महाराज की आरती की।

शिवाजी महाराज और रानी लक्ष्मी बाई के रोचक प्रसंगों पर चर्चा करते हुए महाराष्ट्र मंडल के सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि शिवाजी महाराज और रानी लक्ष्मीबाई में कई समानताएं थीं, जैसे कि दोनों मराठा साम्राज्य से संबंधित थे, अपने राज्य के प्रति गहरी निष्ठा रखते थे और युद्ध और नेतृत्व कौशल में कुशल थे। दोनों ही भारत के महान नायकों में गिने जाते हैं, जिन्होंने अपनी बहादुरी और कौशल से राष्ट्र के इतिहास में एक विशेष स्थान बनाया है।

हरियाली से आर्थिक रूप से सशक्त हुए मोहला जिले के ग्रामीण

■ **तेंदूपत्ता संग्रहण से 76 हजार 105 संग्राहक परिवारों ने 63 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक राशि की प्राप्त**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में हरियाली पर्यावरण एवं ग्रामीणों के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण हैं, इसका अंदाजा ग्रामीणों के जीवन के आए बदलाव से लगाया जा सकता है। वन विभाग और ग्रामीण समुदाय के लिए विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सशक्तिकरण की दृष्टि से वर्ष 2024 एवं 2025 कई मायनों में काफी महत्वपूर्ण रहे है।

इन दो वर्षों में मोहला-मानपुर-अम्बागढ चौकी जिले में विभागीय योजनाओं ने न केवल हरियाली का विस्तार किया, बल्कि ग्रामीण अंचलों में खुशहाली और आत्मनिर्भरता के नए आयाम भी स्थापित किए।

वृक्षारोपण से किसानों को अतिरिक्त आय–किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत 642 कृषकों ने अपनी 710 एकड़ राजस्व भूमि पर कुल 4 लाख 48 हजार 220 पौधों का रोपण किया। इस योजना ने किसानों को वृक्षारोपण के माध्यम से अतिरिक्त आय का अवसर दिया और खेतों में हरियाली का विस्तार भी किया। इसी प्रकार एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत मातृत्व के सम्मान में 1 लाख 55 हजार 44 पौधों का वितरण किया गया, जिसने समाज में पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव का नया संदेश दिया।

1 लाख 16 हजार 133 मानक बोरे तेंदूपत्ता का संग्रहण–वन प्रबंधन समितियों को सशक्त बनाने हेतु विदोहन से प्राप्त लाभांश राशि का 20 प्रतिशत यानी 38 लाख 59 हजार 100 रुपए विकास कार्यों के लिए 34 समितियों को प्रदान किया गया। यह कदम ग्राम स्तर पर सामुदायिक विकास और वन प्रबंधन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित कर रहा है। वहीं तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में 76 हजार 105 संग्राहक परिवारों ने अपनी मेहनत से 1 लाख 16 हजार 133 मानक बोरे तेंदूपत्ता का संग्रहण किया ।

निर्वाचन कार्य में लापरवाही कार्रवाई, प्रधानपाठक एवं दो सहायक शिक्षक निलंबित

रायपुर/नवप्रदेश। अनुशासनहीनता को बढ़ावा देने, शराब पीकर विद्यालय आने, शाला समय में अनुपस्थित, निर्वाचन कार्य में बी.एल.ओ. की ड्यूटी लगाये जाने के बाद भी जिम्मेदारीपूर्वक कर्तव्य का निर्वहन नहीं करने सम्बन्धी शिकायत पर बलौदाबाजार जिले में कड़ी कार्यवाही करते हुए प्रभारी प्राचार्य एवं दो सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त जानकारी विकासखंड सिमगा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला मोटियारीडीह में पदस्थ प्रधानपाठक उमेश कुमार वर्मा एवं सहायक शिक्षक (एल.बी.) संदीप कुमार साहू द्वारा मद्यपान कर शाला आने एवं शाला समय में अनुपस्थित पाये गए।

रानी लक्ष्मी बाई जयंती के साथ बच्चों ने मनाया इंटरनेशनल मेन्स डे

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में बुधवार 19 नवंबर को इंटरनेशनल मेन्स डे मनाया गया। वहीं रानी लक्ष्मी बाई की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस भी सेलिब्रेट किया गया। रानी लक्ष्मीबाई बनकर असेंबली में पहुंची 10वीं की छात्रा खुशी वारे ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। बता दें कि इंटरनेशनल मेन्स डे की शुरुआत 1992 में थॉमस ओस्टर ने की थी ।

एसआईआर फॉर्म भरते समय साइबर ठगी से सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

■ **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने नागरिकों को ओटीपी धोखाधड़ी से बचने की अपील की है**

रायपुर/नवप्रदेश। कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना जारी की है। इस सूचना का उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है।

सावधान! OTP कभी शेयर न करें-विभाग ने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म भरते समय मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है, लेकिन नागरिकों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं।

सबसे महत्वपूर्ण बात

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जोर देकर कहा है कि बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के माध्यम से एसआईआर फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है।

कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ आपसे ओटीपी नहीं मांगता है। अधिक जानकारी के लिए: हेल्पलाइन नंबर: 1950 सोशल मीडिया: @CEOChhattisgarh (फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम)।

मुख्य निर्देश और चेतावनी बिंदु:

- कॉल आने पर तुरंत मना करें:
- यदि आपको कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि ÷आपके स्ढ्ढक्रसे जुड़े मोबाइल पर जो OTP आया है, वह हमें दे दीजिए,÷ तो उन्हें तुरंत मना कर दें।

BLO से सीधे संपर्क करें:

कॉल करने वाले व्यक्ति को साफ-साफकहें कि ÷मैं कार्यालय जाकर बात करूँगा/करूंगी या अपने BLO से संपर्क करूँगा/करूंगी।÷

दबाव या धमकी पर पुलिस को सूचना दें:

अगर कोई व्यक्ति OTP मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे या जोर डाले, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

विभिन्न राज्यों की पुलिस ने नागरिकों को OSIR फॉर्म' भरने की प्रक्रिया से जुड़ी एक नई प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी (स्कैम) के प्रति आगाह किया है और लोगों से अपील की है कि वे किसी भी सूरत में अपने मोबाइल फोन में प्राप्त वन टाइम पासवर्ड OTP किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ साझा न करें।

पाक आतंकी संगठन आईएसआईएस के स्थानीय नेटवर्क गंभीर चिंता का विषय

■ **अवैध विदेशी नागरिकों की शिनाख्त कर तत्काल देश से बाहर निकाले सरकार**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आईएसआईएस के स्थानीय नेटवर्क उजागर होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि, भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ अपराध और अपराधियों का गढ़ बन गया है। अंतरराष्ट्रीय शूटर और अपराधियों के गैंगवॉर के बाद अब आतंकवाद विरोधी दस्ते, एटीएस के खुलासे से प्रमाणित हो रहा है कि आतंकवादियों की दस्तक अब छत्तीसगढ़ में हो चुकी है, शांति का टापू कहलाने वाला छत्तीसगढ़ भाजपा के कुशासन में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादियों का आश्रय स्थल बन गया है। हजारों की संख्या में पाकिस्तानी नागरिक अवैध रूप से छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं, उनकी शिनाख्त कर देश से बाहर निकलने के बजाय यह सरकार उनको अनुचित संरक्षण दे रही है। सरकार में बैठे लोग ही अवैध घुसपैठ का दावा करते है, जो भाजपा सरकार की अकर्मण्यता का प्रमाण है। सार्क वीजा, व्यावसायिक वीजा, धार्मिक, सांस्कृतिक, और पर्यटक वीजा में आए पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक वीजा की समयसीमा बीतने के बाद भी अब कैसे रह रहे हैं? ऐसे अवैध घुसपैठियों को भाजपा के ट्रिपल इंजन सरकार में आखिर किसका संरक्षण है? सरकार की नाकामी के कारण पूरे प्रदेश की सुरक्षा खतरे में है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा की सरकार ना आतंकवाद रोक पा रही है ना अपराध। पिछले 11 साल से केंद्र में भाजपा की सरकार है, राज्य में भी लगभग 2 साल होने को है, लेकिन सीमा पार से घुसपैठ हो रहे हैं, नशीली वस्तुएं भारत सीमा पार से छत्तीसगढ़ के गांव गली मोहल्लों तक पहुंच रहा है ।

धान खरीदी में किसानों को टोकन सहित सभी बुनियादी सुविधा दें समिति प्रबंधक : कलेक्टर

■ कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड और अपार आईडी कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक में प्राप्त सभी विभागों के कार्यों का समीक्षा किया। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, जनशिकायत पीजीएन व पीजी पोर्टल से लोक निर्माण, पीएम ग्राम सड़क, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल संसाधन, पंचायत, राजस्व, वन आदि विभाग को प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण, आवेदक को नियम पात्रता की जानकारी देकर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

धान खरीदी के संबंध में कृषि, सहकारिता, राजस्व, मार्कफेड और फूड अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेकर कलेक्टर ने कहा कि सभी समिति में सरलता से टोकन काटना, बरदाना की उपलब्धता, छाया, पेयजल, शौचालय आदि

सुव्यवस्थित हो, यह सभी अधिकारी मिलकर अपना दायित्व अनुसार सुनिश्चित करें। बैठक में सभी ने नशा मुक्ति का शपथ लिया। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड और

आयुष्मान वय वंदना कार्ड की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि, बुजुर्गो का लिस्ट लेकर उनके आसपास गांव में शिविर कर उन्हें बुलायें और उनका कार्ड बनाकर 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। आयुष्मान कार्ड कार्य में सभी अधिकारी एसडीएम, बीएमओ, आरएचओ डॉक्टर को भी कलेक्टर ने ध्यान देने के लिए कहा। डॉ कन्नौजे ने शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी को अपार आईडी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में पिछले दिनों में अच्छा कार्य करने के लिए ई जिला प्रबंधक ईडीएम गंगाधर विश्वकर्मा, खाद्य अधिकारी गणेश कुर्रे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी वृजेंद्र ठाकुर, सोशल मीडिया समन्वयक सोनू साहू को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।बैठक में जिले के अधिकारीगण उपस्थित थे

कलेक्टर ने एनएच, सीएमओ, पुलिस और विद्युत को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के सभी क्षेत्रों में चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान अधिकारियों को सयुंक्त रुप से अभियान चलाकर अवैध कब्ज़ा हटाने, विद्युत खम्भे, ट्रांसफार्मर और पानी पाइप लाइन को शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने एनएच, सीएमओ, पुलिस और विद्युत अधिकारियो को मिलकर कार्य करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने कहा, पीएम आवास कार्य को अभियान के रूप में करे

कलेक्टर ने पीएम आवास योजना ग्रामीण के कार्यों को गति और गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

■ न्यूज गैलरी

नारायणपुर में खेल मेले का भव्य शुरुआत, स्पोर्ट्स ईवेंट शुरू

नारायणपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले में मंगलवार को रामकृष्ण मिशन आश्रम व भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त तत्वावधान में खेल मेले का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन 18 से 22 नवंबर तक आश्रम परिसर में चलेगा। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में छात्र, खिलाड़ी और स्थानीय लोग शामिल हुए। कई पारंपरिक व आधुनिक खेल स्पर्धाओं को इस आयोजन में शामिल किया गया है। आयोजकों का कहना है कि खेल प्रतिभाओं को मंच देने के साथ यह मेला जिले के युवाओं को अनुशासन और टीम भावना का संदेश भी देगा। रामकृष्ण मिशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण अंचलों के प्रतिभावान खिलाड़ी इस मंच से राज्य स्तर पर पहचान बना सकते हैं। खेल विभाग के अधिकारियों ने भी आयोजन को खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाला सार्थक प्रयास बताया। आने वाले पांच दिन जिले में खेल का सबसे बड़ा आयोजन माहौल को ऊर्जावान बनाए रखेगा।

जिपं अध्यक्ष पाण्डेय किया बालिका छात्रावास का निरीक्षण

सारंगढ़/नवप्रदेश। बालिका छात्रावास उलखर में जिपं अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास में रखे अभिलेख, उपस्थिति पंजी, भोजन कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पाण्डेय ने छात्रावास में रहने वाली बालिकाओं से सीधे बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना उन्हें होने वाली परेशानियों , जरूरतों और अध्ययन संबंधी समस्याओं के बारे में विस्तार से पूछा । बच्चों ने अपनी दिनचर्या, अध्ययन माहौल और भोजन व्यवस्था को लेकर जानकारी साझा की। छात्रावास परिसर में स्वच्छता व्यवस्था संतोष जनक , पढ़ाई का वातावरण सकारात्मक पाया गया । जिपं अध्यक्ष ने छात्रावास अधीक्षिका को बालिकाओं की सुविधा को प्राथमिकता देने, भोजन कक्ष को और व्यवस्थित रखने, उपस्थिति पंजी को नियमित और सही तरीके से संधारित करने के निर्देश दिए। अंत में संजय भूषण पाण्डेय ने कहा कि - बालिका की सुरक्षा, सुविधा और शिक्षा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है । बेहतर वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

जगदलपुर में दो वार्डों में विकास कार्यों का भूमि पूजन

जगदलपुर/नवप्रदेश। नगर निगम क्षेत्र में मंगलवार को दो वार्डों में प्रमुख विकास कार्यों का भूमि पूजन किया गया। महापौर संजय पांडे की मौजूदगी में गंगानगर वार्ड में नाली और पुलिया निर्माण के काम की शुरुआत हुई। यहां रमज़ान चौक के पास आरसीसी नाली और पंप हाउस के समीप पुलिया बनाकर बरसाती जलभराव की समस्या दूर करने का लक्ष्य है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बारिश में घरों के सामने पानी भर जाता था, जिससे जीवन अस्त-व्यस्त रहता था। इसी तरह राजेंद्र नगर वार्ड में सड़क निर्माण का भूमि पूजन हुआ। यह सड़क राजीव गुप्ता के घर से सुदामा श्रीवास्तव लाइन तक बनेगी, जिससे आवागमन बेहतर होगा कार्यक्रम में एमआईसी सदस्यों, पार्षदों और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने जानकारी दी कि सभी कार्य अधोसंरचना मद से स्वीकृत हैं और समयसीमा में पूर्ण किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने इन कार्यों को वार्ड की बड़ी आवश्यकता बताया।

जगदलपुर में युवा कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिला युवा कांग्रेस की पहली संगठनात्मक बैठक बुधवार को राजीव भवन में संपन्न हुई। बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष निकेत राज झा और अभिषेक डेविड ने बैठक का संचालन किया। सुशील मौर्य ने कहा कि युवा कांग्रेस देश का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक युवा संगठन है। उन्होंने संगठन को मजबूत कर प्रदेश में वापसी सुनिश्चित करने की बात कही। निकेत राज झा ने कहा कि वे युवाओं की समस्याओं और अधिकारों के लिए सक्रिय रूप से संघर्ष करेंगे।

जिला मिलर्स एवं गल्ला व्यापारी सहित फुटकर व्यापारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

■ नवप्रदेश की खबर के बाद संघ आया सामने

■ विधायक से नए मंडी अधिनियम को बदलने की मांग रखी

नई मंडी नियम से किसान व्यापारी परेशान..

मंडी व्यापारियों ने खरीदी बंद कर किया विरोध प्रदर्शन

नियम में बदलाव की मांग

कांकेर / नवप्रदेश। मंगलवार को नरहरपुर ब्लॉक का बाजार होता है।जहां मंडी

नई मंडी अधिनियम लागू होने से किसान और व्यापारी दोनों खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। शासन की मंडी अधिनियम लागू होने के बाद मंडी व्यापारियों ने अपने काम बंद रखकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नियम को परिवर्तन करने की मांग किया गया है।

व्यापारियों ने बताया कि

भेजने में समस्या आ रही है।किसान व व्यापारियों की मांग है कि नियमों को जमीनी हकीकत के अनुसार सरल और व्यवहारिक बनाया जाए ताकि कृषि व्यवस्था सुचारू चल सके।मंडी व्यापारीयो ने कहा कि छत्तीसगढ़ मंडी अधिनियम के नए नियम लागू होने से किसान और व्यापारी दोनों के लिए बहुत

कांकेर /नवप्रदेश। मंडी अधिनियम के नए नियम लागू होने के बाद किसान और व्यापारीयो के बीच होने वाली परेशानियों की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने गुरुवार 20 नवंबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद गुरुवार को कांकेर जिला मिलर्स एवं गल्ला व्यापारी सहित फुटकर व्यापारी संघ के अध्यक्ष भीखम चंद्र नहाटा पारस टावरी नरेंद्र साहू माशूक अली शाहजाद मोनू गुप्ता ने कांकेर के लोकप्रिय विधायक आशाराम नेताम के अंगना पहुंचकर किसान व्यापारीयो को होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए सौदा पत्रक में आधार कार्ड को अनिवार्य न किये जाने ज्ञापन सौंपकर मंडी अधिनियम बदलने की मांग किया गया है। विधायक आशा नेताम ने व्यापारियों की मांग को लेकर आश्वस्त करते हुए उवित कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

जिला मिलर्स एवं गल्ला व्यापारी सहित फुटकर व्यापारी संघ ने ज्ञापन सौंपने पश्चात बताया कि कृषि उपज मंडी उ.ब.कांकेर के अधिसूचित क्षेत्र क अंतर्गत हम समस्त अनुज्ञप्तिधारी फुटकर/थोक /प्रसस्करणकर्ता व्यापरियों के द्वारा कृषि उपज जिंसो का खरीदी कार्य हाट बाजारों के माध्यम से करते आ रहे है। हाट बाजार ने कृषक अपने कृषि उपजों का विक्रय घरेलु उपभोग के लिये चिल्हर धान 10 कि.ग्रा. 20 कि.ग्रा. 50 कि.ग्रा. एवं कोई कोई कृषक 01 02 कट्टा आवश्यकतानुसार करते है। उन कृषकों से आधार कार्ड लिया जाना संभव नहीं होगा क्योंकि कृषक थोक धान बेचने के लिये समीप कृषि शाखा सहकारी समिति जहां पंजीयन हुआ रहता है। वहां विक्रय करते है शेष चिल्हर धान हाट बाजार के माध्यम से क्रय किया जाता है।अवगत हो कि विभिन्न किसानों से हमारे द्वारा कृषि उपजों का खरीदी करने के पश्चात् मडी कर्मचारियों के द्वारा आवक लेकर विधिवत् सौदा पत्रक ऑनलाईन जारी किया जाता है। किसी एक किसान से आधार कार्ड प्राप्त कुर सौदा पत्रक जारी नहीं किया जा सकता । संघ ने विभिन्न कृषकों के द्वारा चिल्हर धान हाट बाजार के माध्यम से किये विक्रय पर लागू आधार कार्ड को अनिवार्य न करते हुए शिथिलता बरतने की कष्ट करने जिससे हमारी मंडी क्षेत्र में आवक बनी रहने की बात कही गई है। संघ ने बताया कि मंडी अधिनियम लागू होने के बाद से सभी बाजार बंद कर दिया गया है। जब तक नियम में संशोधन नहीं होगा तब तक गल्ला व्यापारी संघ बाज़ार में खरीदी बिक्री बंद रखेगा।

संघ ने कहा किसान अपने छोटे मोटे जरूरत के लिए बेचते है धान..

मंडी अधिनियम लागू होने से किसान जिनकी छोटी छोटी जरूरत पूरी करने व्यापारी के पास दस बीस तीस किलो धान बेचकर अपनी जरूरत पूरी करते है। लेकिन मंडी अधिनियम लागू होने से किसान अगर व्यापारी के पास धान बेचता है तो उसे आधार कार्ड देना होगा इस स्थिति में किसान असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है। जिसके चलते व्यापारीयो को नुकसान हो रहा है।

समय रहते नए मंडी अधिनियम को बदलने की मांग किया गया है।

बस्तर के 100 विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

विज्ञान-तकनीक से होगा रूबरू

जगदलपुर/नवप्रदेश। बस्तर जिले के 100 हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी विद्यार्थियों को बुधवार सुबह शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत यह भ्रमण बस्तर संभाग के प्रमुख संस्थानों में आयोजित किया जा रहा है। जगदलपुर एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और लामनी पार्क को इस सूची में शामिल किया गया है। कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई के निर्देशन में पूरा कार्यक्रम तैयार किया गया। जिला शिक्षा समिति और समग्र शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बच्चों को सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। प्रस्थान के समय विद्यार्थियों को नोट्स बनाने के लिए पेन व डायरी भी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि भ्रमण से छात्रों की व्यवहारिक समझ बढ़ेगी और करियर के नए विकल्प खुलेंगे। बच्चों में उत्साह और नई चीजें सीखने का जोश साफ दिखाई दिया।

कोंडागांव से 51 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना, तीर्थ यात्रा योजना को मिला उत्साह

कोंडागांव /नवप्रदेश। कोंडागांव से मंगलवार रात 51 श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। अंबेडकर चौक में नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा प्रारंभ करवाई। श्रद्धालु बस द्वारा राजनांदगांव तक जाएंगे और फिर ट्रेन से अयोध्या पहुंचेंगे। लोगों में रामलला के दर्शन को लेकर उत्साह और भावुकता साफ दिखी। अध्यक्ष पटेल ने कहा कि यह योजना आमजन को अध्यात्मिक सशक्तिकरण से जोड़ने का ऐतिहासिक प्रयास है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई तीर्थ यात्रा योजना से वरिष्ठ और इच्छुक श्रद्धालुओं को आर्थिक बोझ से मुक्ति मिली है।।प्रस्थान अवसर पर कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और सभी ने सुरक्षा व शुभ यात्रा की कामना की।

बस्तर के 63,773 किसानों को मिली पीएम किसान की राशि

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कोयंबटूर से पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त जारी की। देशभर के 9 करोड़ किसानों को 18 हजार करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। बस्तर जिले के 63,773 किसानों को 12 करोड़ 75 लाख रुपये मिले। कृषि विज्ञान केंद्र कुम्हरावंड में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। 160 किसानों ने डिजिटल कार्यक्रम में सहभागिता की।

धान खरीदी को लेकर भाजपा पर कसा तंज

भाजपा सरकार की उदासीनता से किसान बेहाल कर्मचारी परेशान : सरजू शोरी

कांकेर /नवप्रदेश। प्रदेश की भाजपा सरकार का इन दिनों किसानों के धान खरीदी को लेकर जमकर फजीहत होती दिख रही है। जिसका फायदा विपक्षी नेता उठाते दिख रहे हैं। धान खरीदी और किसानों की पीढ़ा को लेकर कांकेर जिले के वरिष्ठ आदिवासी कांग्रेस नेता सरजू शोरी ने भाजपा सरकार पर जमकर कटाक्ष करते हुए कहा है कि प्रदेश भर में भाजपा सरकार की उदासीनता के कारण आज किसानों से लेकर कर्मचारियों तक हर वर्ग परेशान है। धान खरीदी शुरू हुए एक सप्ताह होने को है, लेकिन पूरी व्यवस्था चरमराई हुई है। प्रबंधक और ऑपरेटरों की हड़ताल से खरीदी केंद्र बंद पड़े हैं, टोकन कट नहीं रहे, कोठारों की कमी के कारण किसानों का धान खुले में सड़ने की कगार पर है। सरकार की धान खरीदी शुरू करने की वैकल्पिक व्यवस्था सिर्फ कागज़ों तक सिमटी हुई है। बुवाई के समय बीज-खाद की कमी, कटाई के समय मौसम की मार और उसके बाद भी न सर्वे हुआ न मुआवजा मिला और न फसल बीमा का लाभ मिला। जिससे पहले ही किसान संकट से टूट चुका है, और अब जब वह बची हुई फसल किसान बेचना चाहता है तो खरीदी ही नहीं हो पा रही है। एक तरफ भाजपा सरकार ने नगद भुगतान का वादा किया था, लेकिन आज हालत यह है कि किसान अपना धान बेच ही नहीं पा रहे, मजदूरों को भुगतान नहीं कर पा रहे और बीज-खाद, दवाई का कर्ज़ चुका न पाने के चलते गंभीर आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। यह स्पष्ट है कि वर्तमान भाजपा सरकार को किसानों की पीड़ा से कोई सरोकार नहीं है। मैं प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि कर्मचारियों की उचित मांगों को तुरंत स्वीकार कर धान खरीदी व्यवस्था को तत्काल सुचारू रूप से प्रारंभ किया जाए, ताकि किसानों को उनकी मेहनत का फल उचित समय पर मिल सके।

कांकेर जिले के 79 हजार से अधिक किसानों के खातों में 15 करोड़ 80 लाख रुपए अंतरित

कांकेर /नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किश्त आज जिले के किसानों के बैंक खातों में अंतरित हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से वर्चुअल माध्यम से देश भर में राशि हस्तांतरित की, जिसके तहत जिले के 79,005 किसानों के बैंक खातों में कुल 15 करोड़ 80 लाख 10 हजार रुपए डीबीटी माध्यम से जमा किए गए।

जिले में इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर में वर्चुअल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान पहुंचे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने कहा कि अन्नदाता किसान का विकास केंद्र और राज्य सरकार की पहली प्राथमिकता है। किसानों की उन्नति से समाज और देश की प्रगति होगी। उन्होंने आगे कहा कि किसान ही पालनकर्ता हैं, इसलिए केंद्र और राज्य सरकारें दोनों ही किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने किसानों को कृषि के साथ-साथ मिश्रित खेती, नकदी फसलों के उत्पादन तथा मछली पालन, बकरी पालन जैसी वैकल्पिक गतिविधियाँ अपनाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित किया ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। विधायक श्री नेताम ने यह भी कहा कि राज्य सरकार किसानों से धान की खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कर रही है, जिससे खेतिहर परिवारों को बड़ी आर्थिक सहायता मिल रही है। इस दौरान मछली पालन, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने किसानों को विभागीय योजनाओं, लाभ और नवीन और उन्नत तकनीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्री बीरबल साहू, उपसंचालक कृषि श्री जितेंद्र कोमरा, मछली पालन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष

सुप्रीम कोर्ट बोला-...

ऑप्शन हैं। या तो मंजूरी दें या बिलों को दोबारा विचार के लिए भेजें या उन्हें प्रेसिडेंट के पास भेजें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिलों की मंजूरी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। अगर देरी होगी तो हम दखल दे सकते हैं।

राष्ट्रपति ने पूछे थे 14 सवाल, 8 महीने से चल रही सुनवाई

यह मामला तमिलनाडु गवर्नर और राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था। जहां गवर्नर ने राज्य सरकार के बिल रोककर रखे थे। सुप्रीम कोर्ट ने 8 अप्रैल को आदेश दिया कि राज्यपाल के पास कोई वीटो पावर नहीं है। इसी फैसले में कहा था कि राज्यपाल की ओर से भेजे गए बिल पर राष्ट्रपति को 3 महीने के भीतर फैसला लेना होगा। यह ऑर्डर 11 अप्रैल को सामने आया था। इसके बाद राष्ट्रपति ने मामले में सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी और 14 सवाल पूछे थे। इस मामले में 8 महीने से सुनवाई चल रही थी।

कोर्ट की टिप्पणियां

सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने कहा कि गवर्नर के पास मंजूरी देने, रोकने या लेजिस्लेटिव असेंबली को वापस भेजने के ऑप्शन हैं। कोर्ट के पास 'एप्रिसिएटिव एसेंट' देने का अधिकार नहीं है। कोर्ट गवर्नर की कॉन्स्टिट्यूशनल भूमिका नहीं ले सकता। फैसलों के लिए टाइम लिमिट तय करना शक्तियों के बंटवारे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। गवर्नर पर टाइम लिमिट लगाने का लॉजिक संविधान की फ्लेक्सिबिलिटी के खिलाफहै।

बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों ...

संस्कृति को मैं पहले भी जीती थी और अब भी जीती हूं। जल, जंगल और जमीन के साथ आदिवासी संस्कृति को बढ़ावा देने की जरूरत है। हमें आदिवासी संस्कृति को बचाना है। राष्ट्रपति मुर्मू ने आदिवासी युवाओं को सम्मानित किया। साथ ही वैद्यों और देवस्थलों से जुड़ी योजना मुख्यमंत्री वैद्यराज सम्मान योजना और मुख्यमंत्री ग्राम अखरा विकास योजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति ने 70 साल पहले डॉ. राजेंद्र प्रसाद के गोद लिए गए बच्चों से भी मिलीं।

जनजाति समाज की ...

और उनके विकास को प्राथमिकता से ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल, जंगल, जमीन के साथ आदिवासी संस्कृति को मजबूत करने के लिए काम करने की जरूरत है।

रायपुर लैंड होने ...

परेशान होते दिखाई दिए। कई यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट्स और काम के शेड्यूल पर इसका असर पड़ा। यही विमान रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाला था, जिससे आगे की शेड्यूल पूरी तरह प्रभावित हो गया।

2 महीने पहले हुआ था नेविगेशन सिस्टम फेल

इसके पहले 9 सितंबर को रायपुर एयरपोर्ट का नेविगेशन सिस्टम बंद हो गया था। जिससे काफी परेशानी हुई थी। रायपुर लैंड वाली फ्लाइट डायवर्ट किया गया था। वहीं यहां से उड़ान भरने वाली सभी फ्लाइट को रिशेड्यूल कर दिया गया था। जानकारी के मुताबिक, बिजली गिरने की वजह से नेविगेशन सिस्टम खराब हो गया था। जिसके कारण 4 फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। जबकि 6 अन्य उड़ानों को डायवर्ट किया गया। ये उड़ानें दिल्ली, कोलकाता, बेंगलुरु और इंदौर जैसे शहरों से जुड़ी थीं। विजिबिलिटी क्लियर होने के बाद अगले दिन फ्लाइट शुरू की गई थी।

जांच पूरी होने के बाद ...

नाराजगी भी बढ़ रही है।

लाल किले धमाका मामले ...

अहमद राथर, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) निवासी डॉ. शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) निवासी मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में की है। एनआईए की जांच के अनुसार, इन सभी ने इस आतंकवादी हमले में अहम भूमिका निभाई थी, जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।

गांव में मातम : नक्सली हिड़मा ...

शाम गांव पहुंचाए गए, जिसके बाद सुबह से ही चारों तरफ के गांवों से लोग पहुंचे। अंतिम संस्कार के दौरान चार पांच गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में जुटे।

गांव में रहा मातम का माहौल

अंतिम संस्कार के दौरान गांव में एक ओर जहां मातम का माहौल था, वहीं दूसरी ओर बड़े पैमाने पर सुरक्षा व्यवस्था भी तैनात की गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि चाहे हिड़मा कितना भी बड़ा नक्सली क्यों न रहा हो, लेकिन उनके लिए वह गांव का बेटा था। यही कारण रहा कि अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्थानीय पहुंचे।

एसआईआर फार्म में दो सगे भाइयों के नाम फोटो में गड़बड़ी

■ दोनो भाईयो ने कलक्टर को सौंपा ज्ञापन न्याय दिलाने की मांग

कांकेर /नवप्रदेश। भारत का चुनाव आयोग गणना प्रपत्र में त्रुटि में सुधार करने की मांग को लेकर दो सगे भाइयों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग किया गया है।ज्ञापन सौंपने पश्चात रामनगर के दो सगे भाइयों ने बताया कि मै प्रेम श्रीवास्तव पिता दुर्गा श्रीवास्तव श्रीरामनगर राहुल श्रीवास्तव श्रीरामनगर कांकेर कांकेर का हूं। मैं एवं मेरा छोटा भाई हम दोनों मिलकर 2025 नगरपालिका चुनाव के पूर्व में मतदाता सूची में हमारा नाम जुडवाने हेतु श्रीराम नगर प्राथमिक शाला में अपना अपना आधार कार्ड की छायाप्रति व अपनी-अपनी फोटो लेकर गये और हमने अपना नाम जुड़वा लिया जिसके पश्चात् अभी वर्तमान में एसआईआर फार्म भरने हेतु फार्म बीएलओर अधिकारी से प्राप्त किया है। जिसमें प्रेम श्रीवास्तव नाम पर मेरे छोटे भाई राहुल का फोटो चस्पा है। एवं राहुल के फार्म पर मेरा फोटो प्रेम श्रीवास्तव का फोटो चस्पा है। जो कि बहुत बड़ी त्रुटि है। इसे जांच करते हुए हम दोनों भाई के फार्म पर हुए फोटो की त्रुटि सुधार करने की मांग किया गया है। ताकि एसआईआर नागरिकता कानून में सहयोग किया जा सके।

■ न्यूज गैलरी

दो दिनों तक 10 वार्डो में पेयजल प्रभावित

रिसाली। नगर पालिक निगम के दस वार्डो में बुधवार से दो दिनों तक जल प्रदाय पूर्ण रूप से प्रभावित रहेगा। दरअसल शट डाउन के दौरान 600 एम एम डाया डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन का मरम्मत किया जाएगा। श्याम नगर पानी टंकी से निकलने वाली मेन पाइप लाइन आत्मानंद स्कूल रिसाली के पास क्षतिग्रस्त हो गया है। मरम्मत कार्य के दौरान वार्ड 22 से 31 तक पेय जल टैंकर से उपलब्ध कराया जाएगा।

फर्जी ऐप से 31 लाख की ठगी

भिलाई। जिले के पाटन थाना क्षेत्र में एक किसान-निवेशक ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग धोखाधड़ी का शिकार हुआ है। उससे 31 लाख 50 हजार रुपए की ठगी की गई है। पीड़ित ने पाटन थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता की पहचान ग्राम तर्रीघाट निवासी खिलेश्वर सिन्हा के रूप में हुई है, जो खेती के साथ-साथ शेयर बाजार में भी निवेश करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वे यूट्यूब के जरिए शेयर बाजार की जानकारी लेते थे। 18 अगस्त 2025 को उन्हें '47 स्वस्क्र कम्युनिटी' नामक एक वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया। उन्होंने ग्रुप एडमिन अंकुश जैन से उनके मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया। आरोप है कि अंकुश ने उन्हें यह कहकर टाल दिया कि 'प्रॉफिट कॉम्पीटिशन' चल रहा है, इसलिए अभी पैसे निकालना संभव नहीं है। साथ ही उन पर और अधिक पैसा निवेश करने का दबाव भी बनाया गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी अंकुश जैन का असली लोकेशन क्या है, व्हाट्सऐप ग्रुप किसने संचालित किया और फर्जी एप किस नेटवर्क से जुड़ा था। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ठगी के इस गिरोह का पूरा नेटवर्क उजागर किया जाएगा।

बीएसपी के कोलिहापूरी शिविर में 41 ग्रामीण लाभान्वित

भिलाई। इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा ग्राम कोलिहापूरी में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँए रोगों की समय पर पहचानए आवश्यक परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराना था। इस शिविर में बीएसपी की डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट एम जानवी, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा, पंजीयन हेतु पायल पवार तथा बुधेलाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय की ओर से सीएचओ जया ताम्रकार एवं नर्सिंग स्टाफ ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इस स्वास्थ्य शिविर में कुल 41 ग्रामीणों ने निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठायाए जिनमें 11 पुरुषए 25 महिलाएँ और 5 बच्चे शामिल थे। सभी लाभार्थियों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं।

जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय की बर्न यूनिट ने दिया 35 वर्षीय उमेश को नया जीवन

भिलाई/नवप्रदेश। राजनांदगांव जिले के घुपसाल ग्राम के 35 वर्षीय उमेश कुमार की जीवन यात्रा किसी चमत्कार से कम नहीं। 7 फरवरी 2025 की रात जब वह घर में आग तापते हुए नींद में आग में गिर पड़ा तो क्षण भर में उसका जीवन बदल गया। पूरे शरीर पर जलने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। पहले उसे डोंगरगांव के अस्पताल ले जाया गया, फिर राजनांदगांव उसके बाद रायपुर के हॉस्पिटल में 18 दिनों तक भर्ती रहाएपरंतु कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। निराश परिवार उसे पुनः राजनांदगांव और फिर भिलाई के निजी चिकित्सालयों में ले गया। इलाज की तलाश में महीनों भटकने के बाद भी घाव न भरने से उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी थी।

उसे भिलाई स्थित जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के एडवांस बर्न केयर विभाग (सेक्टर.9) के बारे में बताया कृ और वहीं से उसकी जिंदगी ने नया मोड़ लिया। 18 अगस्त 2025 को उमेश को गंभीर स्थिति में जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। परीक्षण में पाया गया कि उसके दोनों कंधे छाती से जुड़े थे और कोहनियाँ पूरी तरह मुड़ी हुई थीं। शरीर में खून और प्रोटीन की भी भारी कमी थी तथा लगभग 40 प्रतिशत क्षेत्र पर गहरे जले घाव थे।

बर्न यूनिट की टीम ने पहले

उसकी स्थिति को स्थिर किया, फिर 26 अगस्त को पहला बड़ा ऑपरेशन किया गया। बर्न विभाग प्रमुख एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. उदय कुमार के नेतृत्व में डॉण् अनिरुद्ध मेने एवं उनकी टीम ने अत्यंत सावधानी से कोहनी और कंधे की सर्जरी की और जले हुए स्थान पर स्किन ग्राफ्टिंग कर नई त्वचा प्रत्यारोपित की। नसों के जुड़ाव और खून की नलिकाओं के जोखिम के बावजूद टीम ने असाधारण दक्षता दिखाई। ऑपरेशन सफल रहा और उसका एक हाथ फिर से कार्यशील हो गया। इसके बाद उमेश 25 सितंबर को पुनः भर्ती हुआ। इस बार उसके बाएँ हाथ पर सर्जरी की गई, कोहनी और कंधे के जोड़ को सीधा कर पैरों से ली गई त्वचा का प्रत्यारोपण किया गया। कुछ ही हफ्तों में उमेश के दोनों हाथ खुल चुके थे घाव भर गए और वह फिर से अपने पैरों पर खड़ा हो गया। उमेश ने भावुक होकर कहा बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय ने केवल मेरी जान नहीं बचाई बल्कि मेरे पूरे परिवार को जीवन लौटा दिया। पत्नी ने बीएसपी प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस जटिल सर्जरी के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. विनीता द्विवेदी के नेतृत्व में एनेस्थीसिया विभाग ने अत्यंत नाजुक परिस्थितियों में जोखिमपूर्ण एनेस्थीसिया प्रबंधन को सफलतापूर्वक संभाला। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर के सतत मार्गदर्शन और पूरी ऑपरेशन टीम के समन्वय से यह दुर्लभ ऑपरेशन संभव हो सका।

डॉ. उदय कुमार ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय का एडवांस बर्न केयर डिपार्टमेंट न केवल प्रदेश बल्कि देशभर में अग्नि दुर्घटनाओं के मरीजों के इलाज में अग्रणी है। यहाँ ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और बिहार तक से मरीज आते हैं।

भिलाई सहकारी बैंक में 79 लाख का गबन

राशि वापस नहीं मिलने से किसानों ने दोबारा थाने पहुंचकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के भिलाई-3 स्थित सेवा सहकारी बैंक और सोमनी सेवा सहकारी समिति में किसानों के लगभग 79 लाख के गबन का मामला एक साल पहले दर्ज हुआ था। हालांकि, अब तक पीड़ित किसानों को उनकी राशि वापस नहीं मिली है। इससे परेशान किसानों ने गुरुवार को फिर से थाना पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए लिखित शिकायत सौंपी। किसानों ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया कि बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल, समिति अध्यक्ष रामनारायण वर्मा और समिति प्रबंधक नीति दीवान ने मिलीभगत की।

एफडी और खातों से 24 लाख निकाले

उनका कहना है कि इन तीनों ने किसानों की फिक्स्ड डिपॉजिट और खातों से लगभग 24 लाख रुपए अवैध रूप से निकाले। कुल मिलाकर करीब 79 लाख रुपए की राशि का गबन किया गया है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि बैंक कर्मी गजानंद शिर्के ने किसानों से लगभग 20 लाख रुपए बैंक में जमा कराए थे।

किसानों को इसकी रसीद भी दी गई थी, लेकिन यह पैसा भी उन तक नहीं पहुंचा और तीनों पदाधिकारियों ने इसका दुरुपयोग किया। किसानों का आरोप है कि गबन उजागर होने के बाद बैंक प्रबंधन और समिति के पदाधिकारियों ने कई बार आश्वासन दिए। उन्हें बताया गया कि मामले की विभागीय जांच चल रही है और जल्द ही पैसा लौटा दिया जाएगा।

लेकिन 6-7 महीने बीत जाने के बाद भी न तो कोई कार्रवाई हुई और न ही उनकी रकम वापस की गई। एक पीड़ित किसान ने अपनी परेशानी बताते हुए कहा कि उनकी बेटी की शादी 28 नवंबर को है। उन्होंने चार साल में 3 लाख 21 हजार रुपए बचाए थे, जो गबन कर लिए गए। अब उन्हें शादी की तैयारी के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। किसान शत्रुघ्न लाल यादव ने बताया कि उनका 85 लाख रुपए का लेन-देन इससे प्रभावित है, जबकि किसान किसन वर्मा ने 7 लाख रुपए की देनदारी न मिलने की बात कही। किसानों का कहना है कि गजानंद शिर्के ने 24 लाख रुपए वापस कर दिए थे, पर उसमें शामिल उनकी वह राशि भी समिति ने अब तक उन्हें नहीं लौटाई।

बैंक प्रबंधक, समिति अध्यक्ष और प्रबंधक पर कार्रवाई की मांग

किसानों ने आरोप लगाया कि केस दर्ज होने के बाद भी वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई नहीं हो रही। वे चाहते हैं कि बैंक प्रबंधक, समिति अध्यक्ष और समिति प्रबंधक को नामजद कर कड़ी कार्रवाई की जाए और सभी किसानों का पैसा वापस दिलाया जाए। उन्होंने मांग की कि मामले में धारा 420, 409, 467, 468, 473 के तहत कठोर कार्रवाई की जाए और बड़े स्तर की आर्थिक हेराफेरी होने के कारण (धन शोधन निवारण अधिनियम) के अंतर्गत भी जांच की जाए।

आरोपियों के खिलाफ अभियोग पत्र किया गया था पेश- पुलिस

पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि सेवा सहकारी समिति सोमनी और सहकारी बैंक भिलाई-3 में कुछ माह पहले एक केस दर्ज किया गया था, जिसमें किसानों के खाते और एफडी से गबन की पुष्टि हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र भी पेश कर दिया था।

उन्होंने बताया कि किसानों की ओर से अब नई शिकायत दी गई है कि समिति प्रबंधक सुरेंद्र सिंह भुवाल और समिति अध्यक्ष रामनारायण वर्मा की भी इसमें भूमिका है। शिकायत की जांच की जा रही है। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र पहुंचे पीड़ित परिवारों के बीच

■ कहा- प्रशासनिक स्तर पर पूरी घटना की गंभीरता से जांच हो

■ प्रसव के दौरान मौत की घटना पर जताया संवेदना

दुर्ग/नवप्रदेश। गत दिनों जिला अस्पताल दुर्ग में प्रसव के दौरान हुई महिलाओ की हुई मौत के बाद आज परिजनों से शिक्षा ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किये। मंत्री यादव ने बताया की निगम क्षेत्र के शिवपारा निवासी किरण यादव एवं बजरंग नगर निवासी पूजा यादव के विगत दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण निधन की घटना अत्यंत व्यथित करने वाली है। यह घटना न केवल दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज को भी गहरी पीड़ा पहुंचाने वाली है। आज दोनों शोकाकुल परिवारों के निज निवास पहुँचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। इस दुःख की घड़ी में उनकी भावनाओं को समझते हुए, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवारजनों को हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रशासनिक स्तर पर भी इस पूरी घटना की गंभीरता से जांच हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

बिलासपुर मण्डल — अनुलग्न-अ

कार्य विवरण: "नैला (NIA) रेलवे स्टेशन पर पीएमबीजेके (PMBJK) आउटलेट के संचालन और रखरखाव के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस।"

नैला (NIA) रेलवे स्टेशन पर पीएमबीजेके (PMBJK) आउटलेट के संचालन और रखरखाव के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटलॉग पहले ही दिनांक 18.11.2025 को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार है:-

कैटेलॉग क्र.	श्रेणी	नीलामी दिनांक एवं समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
PMBJK-NIA-3-25	(PMBJK-प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र)	04-12-25 13:30:00	BSP-NIA-PMBJK-1-25-1 PMBJK	नैला (NIA) रेलवे स्टेशन पर पीएमबीजेके (PMBJK) आउटलेट के संचालन और रखरखाव के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है	1096 दिन

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स-II)
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/AM/472

South East Central Railway @secrail

रिसाली महापौर परिषद की बैठक संपन्न

सड़क पर मवेशी छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ निगम ने बनाया सख्त नियम

■ नए नियम आज से ही लागू कर दिए गए है

रिसाली/नवप्रदेश। मवेशी को खुला छोड़ने वाले मवेशी मालीकों के खिलाफ निगम ने सख्त नियम बनाए है। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाले परिषद ने नियमों को हरी झंडी दे दी है। नियम आज से ही लागू कर दिए गए है। नए नियम के हिसाब से न केवल जुर्माना वसूला जाएगा, बल्कि निश्चित अवधि के बाद जब्त मवेशी को निगम प्रशासन निलाम भी करेगा।

परिषद के सदस्यों ने हाई कोर्ट से दिशा निर्देश आने के बाद सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी की वजह से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने नियम बनाया है। सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मवेशी को खुला छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ जुर्माना वसूला जाएगा। पहले मर्तबा 500 और दूसरी बार मवेशी पकड़ाने पर उस मालिक से 1000 और तीसरी बार में 1500 रूपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके बाद भी मवेशी सड़क पर विचरण करते पाए जाने पर उस मवेशी को निगम द्वारा जब्त कर निलामी प्रक्रिया पूरी करेगी। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि पहले मवेशियों के सिंग में डेयरी संचालक रेडियम भी लगाऐंगे।

महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, ममता यादव, जमुना ठाकुर, रंजीता बेनुआ, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनिल दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे।

डुण्डेरा व मैत्रीकुंज में बनेगा ओवर हेड टैंक

बुधवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में सदस्यों ने पेयजल आपूर्ती पर गंभीर चिंतन किया। परिषद के सदस्यों ने निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए ओवर हेड टैंक निर्माण पर जोर दिया। परिषद ने मैत्रीकुंज और डुण्डेरा में ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए निविदा बुलाने सहमति दी।

नए कक्ष में बैठक

वर्तमान में निगम कार्यालय तीन हिस्सों मे संचालित है। आमतौर पर छोटी बैठक व समीक्षा महापौर व आयुक्त मोनिका वर्मा अपने-अपने कक्ष में करते थे। आयुक्त ने मुख्य कार्यालय मे ही सभाकक्ष तैयार कराया है। इसी कक्ष में बुधवार को महापौर शशि सिन्हा ने एमआईसी बैठक ली।

दुर्ग में मिर्ची पाउडर आंख में झोंक कर लूटे जेवर

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में आंख में मिर्ची पाउडर झोंक कर लूट की वारदात हुई है। ग्राम टेकापार में तीन अज्ञात आरोपियों ने युवक की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया और उसके बैग से लगभग 96 हजार के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार भाग गए थे। मामला बोरी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक आरोपी नागपुर (महाराष्ट्र) का रहने वाला है, जिसने लूट के गहनों को नागपुर के ही सोना व्यापारी को बेचने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से लगभग एक लाख के सोने-चांदी के जेवर, बाइक और चाकू बरामद किया है। टेकापार (बोरी) के रहने वाले महेंद्र सोनी ने 22 फरवरी 2025 को बोरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने भतीजे राहुल सोनी के साथ ग्राम रुहा में फेरी लगाकर वापस लौट रहे थे। तभी तीन अज्ञात आरोपियों ने राहुल की आंखों में मिर्च पाउडर फेंक दिया और आभूषण लूटकर फरार हो गए।

कार्यालय नगर पंचायत साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

Email Id- cmo_saja@yahoo.co.in

क्रमांक/1402/लो.नि./निवि.आ.सू./2025-26 — साजा, दिनांक 19.11.2025

आनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु आनलाईन (Online) मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
Uadd portal : https://uadd.cgeprocurement.gov.in

एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	योजना मद	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं खोलने की तिथि
179937	वार्ड क्र. 01 बरगद पेड़ के पास सौंदर्यीकरण कार्य	अधो संरचना मद	19.60	डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 18.11.2025 बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.12.2025
179983	वार्ड क्र. 15 में मुक्तिधाम नवीनीकरण कार्य		20.42	
179993	वार्ड क्र. 15 में ओव्हर हेड टैंक के पास सौंदर्यीकरण कार्य		15.99	
180009	वार्ड क्र. 01 नया बस स्टैण्ड प्रतिक्षालय में प्रथम तल निर्माण कार्य		30.47	
180011	वार्ड क्र. 01 नया बस स्टैण्ड में चौराहा निर्माण कार्य		19.60	
180013	वार्ड क्र. 01 में डोम शेड निर्माण कार्य		19.64	
180053	वार्ड क्र. 01 में नहर सी.सी. रोड निर्माण कार्य		41.61	डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 19.11.2025 बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.12.2025

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) वेब साईट से डाउनलोड की जा सकती है।

जल ही जीवन है जल है तो कल है। समस्त बकाया करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत साजा

कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Email ID-cmoamdi@gmail.com

-:: ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ::-

Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 1445/न.पं./ लोनिवि/2025-26 — आमदी, दिनांक 20.11.25

कार्यालय नगर पंचायत आमदी द्वारा लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु CGPWD Building SOR w.e.f. 01.01.2015 (निविदा जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ) कम अधिक या समान दरों पर शेड्यूल अनुसार निविदाएं आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ऑनलाईन निविदा करने हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 20.12.2025. समय दोपहर 05:30 बजे तक।
2. फिजिकल डाक्यूमेंट कार्यालय नगर पंचायत आमदी में जमा करने की अंतिम तिथि - 25.12.2025 समय दोपहर 04:00 बजे तक।
3. ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि - 26.12.2025 समय सुबह 11:00 बजे से।

क्र.	NIT नंबर	टेण्डर सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	नान एस.ओ. आर. निविदा राशि (लाख में)	अमानत राशि (रु. में)	प्रपत्र	निविदा प्रपत्र शुल्क (रु. में)	समयावधि
1	1436 दिनांक 19.11.2025	180037	मुक्तिधाम में बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य वार्ड क्र. 11	15.84 लाख	11900/-	"A"	750/-	06 माह
2	1434 दिनांक 19.11.2025	180048	तालाब के पास नीचे पचरी व सी. सी. रोड निर्माण नगर पंचायत आमदी	10.00 लाख	7500/-	"A"	750/-	03 माह

उक्त कार्य हेतु विस्तृत जानकारी अवधि में ई-प्रोक्यूमेंट वेब पोर्टल Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी
जिला- धमतरी (छ.ग.)

व्यापमं परीक्षा में काले, नीले, हरे रंग के कपड़े पहनने पर बैन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा जल संसाधन विभाग के अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा का आयोजन 7 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले के 77 केन्द्रों में आयोजित परीक्षा में 28,235 अभ्यर्थी शमिल होंगे। व्यापमं द्वारा जारी निर्देशों के तहत परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लें। ताकि, उन्हें परीक्षा के दिन असुविधा न हो। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रिस्किंग व फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके। परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से शुरू होगी।

कबड्डी प्रतियोगिता में लक्ष्मी का चयन

दुर्ग। 25 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सब-जूनियर (बालक/ बालिका वर्ग) कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन कबड्डी प्रशिक्षण केन्द्र पेण्ड्रा में किया गया था। प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा, पाटन की प्रतिभाशाली बालिका लक्ष्मी नेताम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला का प्रतिनिधित्व किया।

MUNICIPAL COUNCIL SAKTI, DISTRICT- SAKTI (C.G.)

E-Procurement Tender Notice
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
UDD Portal: https://uad.cg.gov.in

NIT NO/760/ PWD/NPP/2025 — Sakti, Dated 18/11/2025

Online bids In three envelop system are invited for the following construction works/ up to: 10.12.2025 at 5.30 hours. (IST) on wards.

S. No	System Tender No	Name Of Work	Probable Amount of contract (Lacs)
02	179939	Construction of Shade at samudaik Bhavan in ward no.05	46.60

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-proc Portal https://eproc.cgstate.gov.in on Sub Portal of Urban Administration and development Department. https://eproc.cgstate.gov.in from (Start Time) Date 19.11.2025 at 10.30 AM (IST) onwards.

for more details on the tender and biding process please visit the above mentioned portal.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL SAKTI (C.G.)

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग

कार्यालय मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

निआसू क्रमांक 23,24,25/वलेलि/2025-26 — जगदलपुर, दिनांक 19/11/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	अमानत राशि	निर्धारित समयावधि
1		2	3	4	5
01	179998	बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर के भैसगांव के पास नारंगी नदी पर बांया ओर तटरक्षण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	288.17 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
02	180000	बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर के गुनपुर के समीप नारंदी नदी पर दांया ओर तटरक्षण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	293.56 लाख	1.50 लाख	10 माह वर्षाकाल सहित
03	180001	बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर के सालेमेटा में कोसारटेडा नाला पर एनीकट सह सौर उद्वहन सिंचाई योजना का निर्माण कार्य और सौर पम्प एवं पाईप लाईन वितरण प्रणाली का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	334.68 लाख	1.68 लाख	12 माह वर्षाकाल सहित

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 26.11.2025 17.31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 10.12.2025 17:30 Hours

रिमार्क- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 26.11.2025 समय 17:31 बजे से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
टी.डी.पी.पी. जल संसाधन संभाग, जगदलपुर
कृते मुख्य अभियंता गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, जगदलपुर छ.ग.

जी-252604925/5

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

अनुलग्नक- अ

कार्य विवरण: तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए खरसिया (KHS), अनुपपुर (APR), शहडोल (SDL), बिजुरी (BJRI), बाराद्वार (BUA) और उमरिया (UMR) रेलवे स्टेशन के स्टेशनों के परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।

तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए खरसिया (KHS), अनुपपुर (APR), शहडोल (SDL), बिजुरी (BJRI), बाराद्वार (BUA) और उमरिया (UMR) रेलवे स्टेशन के स्टेशनों के परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस के लिए लाइसेंस आबंटन हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की गई है। कैटेलॉग पहले ही दिनांक 13.11.2025 को आईआरईपीएस वेबसाइट (https://ireps.gov.in) पर प्रकाशित किया जा चुका है। विवरण इस प्रकार है:

कैटेलॉग क्र.	श्रेणी	नीलामी दिनांक एवं समय	लॉट क्रमांक	लॉट विवरण	अनुबंध अवधि
ADVT-6STNS	Advertising On Station Premises (Digital)	28.11.2025 13:00	ADVT-BSP-KHS-OSD-90-25-1	तीन 03 वर्षों की अवधि के लिए खरसिया (KHS) रेलवे स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।	1096 दिन
			ADVT-BSP-APR-OSD-97-25-1	तीन 03 वर्षों की अवधि के लिए अनुपपुर (APR) रेलवे स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।	
			ADVT-BSP-SDL-OSD-98-25-1	तीन 03 वर्षों की अवधि के लिए शहडोल (SDL) रेलवे स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।	
			ADVT-BSP-BRJN-OSD-100-25-1	तीन 03 वर्षों की अवधि के लिए बिजुरी (BJRI) रेलवे स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।	
			ADVT-BSP-BUA-OSD-184-25-1	बाराद्वार (BUA) रेलवे स्टेशन परिसर में 43 इंच के 05 एलईडी टीवी के माध्यम से वाणिज्यिक वीडियो विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।	
			ADVT-BSP-UMR-OSD-99-25-1	तीन 03 वर्षों की अवधि के लिए उमरिया (UMR) रेलवे स्टेशन के स्टेशन परिसर के अंदर 48 वर्ग फीट के प्रदर्शन क्षेत्र के साथ 2 डिजिटल स्क्रॉलर बोर्डों में वाणिज्यिक विज्ञापन की स्थापना, रखरखाव और संचालन के लिए लाइसेंसधारी की लागत पर लाइसेंस।	

सहायक वाणिज्य प्रबंधक (गुड्स-II)
द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर

सीपीआर/10/468

न्यूज गैलरी

चिकित्सा अधिकारी डॉ सोमेश साहू को कारण बताओं नोटिस जारी

कोपरा नवापारा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ नीतिश कुमार साहू को 17 अक्टूबर 2025 विकासखंड छुरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डुका हेतु आदेशित किया गया था। इसी प्रकार चिकित्सा अधिकारी डॉ. सोमेश शिवा साहू को विकासखंड फिंगेश्वर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोपरा हेतु आदेशित किया गया था। इस संबंध में उक्त चिकित्सकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डुका एवं कोपरा में कार्य करने के लिए सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय गरियाबंद द्वारा 30 अक्टूबर 2025 को कार्यमुक्त किया गया। उक्त आदेश के परिपालन में डॉ. नितिश कुमार साहू द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरा में 11 नवम्बर 2025 को तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पाण्डुका में 13 नवम्बर 2025 को कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। तथा डॉ. सोमेश शिवा साहू जिला चिकित्सालय गरियाबंद द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोपरा में कार्यभार ग्रहण नहीं करने के कारण संयुक्त संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छत्तीसगढ़ के द्वारा संबंधित चिकित्सक को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

क्षेत्र में नक्सली घटना होना अत्यंत निंदनीय: जसमीत

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ के बोरतलाब जंगल में हुई नक्सली मुठभेड़ में शहीद हुए हॉक फोर्स के निरीक्षक आशीष शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोवाना ने क्षेत्र में हुई नक्सली घटना की घोर निंदा की है । कहा कि नक्सली घटना में शाहिद आशीष शर्मा के वीरगति को प्राप्त होने का समाचार अत्यंत दुखद है। नक्सलियों द्वारा किए गए इस कायराना हरकत का घोर निंदा करते हैं। बता दे कि डोंगरगढ़ टू बोरतलाव कनघुर्रा जंगल में नक्सली मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर के शहीद होने की खबर सामने आई है ।जहां गोली लगने से घायल मध्यप्रदेश पुलिस के सब इन्स्पेक्टर आशीष शर्मा अस्पताल में इलाज के दौरान शहीद हो गए है। एमपी - छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर जारी नक्सली मुठभेड़ के दौरान उनको बुधवार सुबह ही गोली लगी थी और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा था। अध्यक्ष श्री बन्नोवाना ने मां बम्लेश्वरी से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपनी शरण प्रदान करें तथा परिवारजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें। इस विषम परिस्थिति में भाजपा पार्टी का हर एक कार्यकर्ता जवानों के साथ खड़ा है ।

अनिल कुमार को प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भेजा जेल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। वरिष्ठ अधिकारियों–पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं डोंगरगांव एसडीओपी श्री दिलीप सिसोदिया–के मार्गदर्शन में पुलिस टीम निरंतर गश्त और पेट्रोलिंग कर रही है। इसी अभियान के तहत थाना क्षेत्र के बगदई गांव में उपद्रव मचाने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने अनावेदक अनिल कुमार (पिता खिलावन निषाद, उम्र 35 वर्ष, निवासी बगदई) के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 170/126, 135(3) बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर मामला माननीय एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने एवं असामाजिक प्रवृत्ति के तत्वों पर निगरानी रखने हेतु यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

कलेक्टर ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

■ **कलेक्टर उइके धान खरीदी केन्द्र गरियाबंद, पोंड़ एवं पाण्डुका में पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने आज समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने धान खरीदी केन्द्र गरियाबंद, पोंड़ एवं पाण्डुका पहुंचे। इस दौरान उन्होनें केन्द्र में धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्याकंन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के धान तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं आनी चाहिए, इसके लिए समिति में सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी श्री अरविंद दुबे, डीएमओ श्री किशोर चंद्रा, सहायक आयुक्त सहकारिता सुश्री महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री उइके ने गरियाबंद, पोंड़ एवं पाण्डुका धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान आवक रजिस्टर पंजी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, किसानों के ऋण पुस्तिका की जानकारी, आर्द्रतामापी यंत्र, पुराने, नये बारदाने, छाया-पानी की जानकारी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें धान बेचने की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में स्वयं ही बोरों में रखे धान के नमी स्तर आर्द्रतामापी यंत्र से जांचा और भरे हुए धान बोरों के वजन दोबारा कराया। इस पर तौल में सही वजन करने को कहा। उन्होंने समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे भी अपने धानों को साफ-सफाई कर एवं सुखाकर धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाए।

कलेक्टर पहुंचे धान खरीदी केन्द्र पाण्डुका में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

किसानों से धान खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी: कलेक्टर

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर बीएस उइके ने आज समर्थन मूल्य पर जारी धान खरीदी का निरीक्षण करने धान खरीदी केन्द्र गरियाबंद, पोंड़ एवं पाण्डुका पहुंचे। इस दौरान उन्होनें केन्द्र में धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्याकंन किया। धान खरीदी केन्द्र में उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा, साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमी आदि की जांच की, साथ ही अपने सामने ही धान तौलाई का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि किसानों के धान तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं आनी चाहिए, इसके लिए समिति में सुचारू व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से धान खरीदी पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही पाये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने धान बेचने में किसानों को किसी भी परेशानी न हो, यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे, डीएमओ किशोर चंद्रा, सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री उइके ने गरियाबंद, पोंड़ एवं पाण्डुका धान उपार्जन केंद्र पहुंचकर खरीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में धान आवक रजिस्टर पंजी, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, किसानों के ऋण पुस्तिका की जानकारी, आर्द्रतामापी यंत्र, पुराने, नये बारदाने, छाया-पानी की जानकारी सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आये किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें धान बेचने की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में स्वयं ही बोरों में रखे धान के नमी स्तर आर्द्रतामापी यंत्र से जांचा और भरे हुए धान बोरों के वजन दोबारा कराया। इस पर तौल में सही वजन करने को कहा। उन्होंने समिति के कर्मचारियों को किसानों के धान निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा कि धान तौलने, भरने, स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर स्टेकिंग कराये। जहां कहीं अनियमितता है, उसे सुधार करे। उन्होंने संबंधित अधिकारी को स्टॉक वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने किसानों से अपील की कि वे भी अपने धानों को साफ-सफाई कर एवं सुखाकर धान खरीदी केन्द्रों में बेचने के लिए लाए। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि अब तक पंजीकृत किसानों से 46 हजार क्विंटल से भी अधिक की धान खरीदी की जा चुकी हैं।

घर का वातावरण ही बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर डालता है प्रभाव: झामीन

धमतरी/नवप्रदेश। 19 नवंबर 2025 को शासन के निर्देशानुसार गुरुकुल विद्यासागर स्कूल लोहरसी, जिला धमतरी ,छत्तीसगढ़ में मेगा पालक एवं शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों ने अपने-अपने पाल्य के कक्षा में जाकर पी टी एम किया। बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य विषय पर अभिभावकों से चर्चा करते हुए मैडम झामीन साहू ने कहा कि बच्चों के खान-पान, रहन-सहन, आचार -विचार, घर का वातावरण, कैसे मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता है, इस पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी-विषय पर मैडम ओमीन साहू एवं मैडम मनीषा साहू ने बालक- पालक-शिक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला। ÷परीक्षा तनाव प्रबंधन- विषय पर मैडम ज्ञानेश्वरी साहू एवं अभिषेक जुर्री सर ने अपने-अपने विचार रखें। नशा मुक्ति अभियान- विषय पर मैडम खोमेश्वरी साहू ने नशा जैसे दुर्व्यसन के भयावह दुष्परिणाम पर चर्चा करते हुए इनसे बचने के उपायों को सुझाया। बच्चों का स्तर एवं कक्षागत आकलन-विषय पर मैडम डिलेश्वरी साहू ने विश्लेषण किया। अभिभावकों के द्वारा रखे गए अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर मैडम टामेश्वरी कंवर एवं मिथलेश साहू सर ने चर्चा किया।

अंत में विद्यालय के प्रधान पाठक भारत लाल साहू ने सभी विषयों का विश्लेषण करते हुए अभिभावकों की भूमिका, बालकों की भूमिका एवं शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी की किस प्रकार हम सब मिलकर बच्चों को अच्छा संस्कार प्रदान करें, उन्हें उत्तम नागरिक बनाएं, उन्हें अपने सपनों को साकार करने में मदद करें। आज के मेगा पालक एवं शिक्षक सम्मेलन में अभिभावकों ने खुलकर भाग लिया।

शासकीय राशन दुकान में चोरी, दर्ज कराई रिपोर्ट, 30 बोरी चावल गायब

नवापारा राजिम/ नवप्रदेश। नवापारा से चोरी की एक वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान को अपना निशाना बनाया है। दुकान के सेल्समेन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना रायपुर जिले के गोबरा नवापारा थाना अंतर्गत तर्री गांव का है।

जानकारी के अनुसार ग्राम तर्री स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में चोरी हुई है। दुकान के सेल्समेन संतोष मिश्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 17 नवंबर की शाम लगभग 7 बजे वह दुकान का मुआयना करने पहुंचे थे। उस समय दुकान पर ताला सही सलामत लगा हुआ था। अगले दिन 18 नवंबर की सुबह करीब 9.30 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे, तो देखा कि दुकान के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

30 बोरी चावल गायब मिले

अंदर जाकर जांच की तो पाया कि दुकान में रखे 30 बोरी चावल (लगभग 15 क्विंटल), जिसकी कीमत लगभग 35,000 रुपये है, गायब थे। सभी बोरियों को काटकर दुकान के भीतर से चावल चोरी कर लिया गया था। सेल्समेन ने तुरंत इसकी जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को दी। इसके बाद उन्होंने थाना पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई।

अपराध दर्ज, जांच शुरू

शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफचोरी का अपराध दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। ग्रामीणों में रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जताई जा रही है। उन्होंने पुलिस से रात्रि गस्त बढ़ाने की मांग की है।

समाजसेवी सिन्हा ने बेलमांड में दिए प्लास्टिक मुक्त पहल के तहत 200 थाली गिलास

अब तक 43 गांव में कर चुके दान

बालोद / नवप्रदेश। । सुप्रसिद्ध कथा वाचक कामता प्रसाद शरण के द्वारा रामचरितमानस गान का कार्यक्रम ग्राम बेलमांड में आयोजित की गई थी। इस कार्यक्रम में समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा निवासी ग्राम सिर्राभाटा ब्लॉक गुण्डरदेही द्वारा विगत वर्षों से बालोद जिला के हर एक गांव को प्लास्टिक मुक्त गांव आदर्श गांव के सपना को साकार करते हुए महर्षि मुक्त की क्रीड़ा स्थली बेलमांड के ग्राम विकास समिति को 200 नग स्टील थाली और 200 स्टील गिलास प्रदान किया गया। अब ग्राम बेलमांड में किसी के यहां कोई भी मांगलिक कार्यक्रम हो या मृत्यु भोज का अवसर हो तो सिंगल युज प्लास्टिक के दोना पत्तल का उपयोग नहीं करेंगे। अनावश्यक रूप से होने वाले खर्चों से बचा जा सके इसलिए स्टील के थाली गिलास का उपयोग करेंगें प्लास्टिक के दोना पत्तल डिस्पोजल, जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है, स्वच्छ जल, शुद्ध वायु, जहरीले भोजन के कारण मानव शरीर कई प्रकार की बीमारियों से लड़ रहा है इनसे बचा जा सके। इस अवसर में समाजसेवी राजेश कुमार सिन्हा के प्रतिनिधि उनके छोटे भाई खिलावन सिन्हा के द्वारा स्टील थाली गिलास का सेट प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अमृता नंद सिन्हा,बलराम सिन्हा, महेंद्र कुमार साहू ग्रामीण अध्यक्ष, सचिव हरिशंकर, मन्नू लाल साहू, सरपंच श्रीमती चमेली बाई, मिलन कुमार साहू, गोवर्धन साहू, द्वारिका प्रसाद, रोमन मंडावी, दीनबंधु साहू, मुकेश कुमार साहू, धनुष राम ठाकुर, प्रहलाद साहू, घनश्याम, प्रभु राम, तिहारू राम, हरीश दुबे, मनोज कुमार सेन सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्राम विकास समिति से भरवाया गया शपथ पत्र

डिस्पोजल, पतरी, प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए बेलमांड के ग्रामीणों ने शपथ पत्र भी भरा है। जिसमें ग्राम विकास समिति के लोगों ने शपथ लिया है कि हम सब समस्त ग्रामवासी अपने गांव को स्वच्छ एवं साफ, स्वस्थ भारत, स्वच्छ भारत बनाने के मिशन में एवं पर्यावरण सुरक्षा हेतु एक कदम स्वच्छता की ओर ले जाने के लिए डिस्पोजल, पतरी, प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने के लिए शपथ लेते है। इसी कड़ी में राजेश कुमार सिन्हा ने अपनी खुद की राशि में हमारे गांव को दान स्वरूप 200 थाली एवं 200 गिलास उपयोग करने के लिए दिया है और हम इसका उपयोग करेंगे। हम शपथ लेते है, कि अब हम लोगों के गांव में कोई डिस्पोजल, पतरी का उपयोग नहीं करेंगे।

पीटीआई शिक्षक हत्याकांड के सभी आरोपी हाईकोर्ट से बरी

■ **सभी दलीलों को सुनने के बाद हाईकोर्ट ने दिया फैसला**

बालोद / नवप्रदेश। बालोद के तांदुला डैम में हुए एक पीटीआई यानि व्यायाम शिक्षक हिमांशु माण्डले की हत्या के मामले में गिरफ्तार किए गए उनकी पत्नी माधुरी सहित पत्नी के प्रेमी युवक डांसर लोकेंद्र पटेल और अन्य बाहर से आए आरोपियों को जिन्होंने मिलकर पत्नी माधुरी के कहने पर उनके पति की हत्या करने का आरोप लगा था, प्रथम जांच में पुलिस की कार्यवाही के उपरांत स्थानीय जिला कोर्ट बालोद में सभी आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा दी गई थी। पर आरोपियों द्वारा मामले को चुनौती देते हुए वकीलों के माध्यम से हाई कोर्ट में अपील की गई थी। जहां सभी दलीलें और सबूत को सुनने और अवलोकन के बाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जज बिधु दत्ता गुरु के बोर्ड ने सभी आरोपियों को दोष से बरी कर दिया है। यह बड़ा फैसला कानून जगत में हलचल मचाने वाला सामने आया है। बड़ी बात यह है कि सभी दोषियों/ आरोपियों को संशय का लाभ मिला है।

पुलिस जांच और सामने आए गवाहों में किसी तरह की प्रत्यक्ष गवाही स्पष्ट नहीं हुई और तो और पुलिस द्वारा पेश किए गए सबूत आधे अधूरे अपुष्ट पाए गए। कुछ गवाह ने सुनी सुनाई बातों और अखबारों में छपी खबरों के आधार पर बयान दिया था। उनमें से कोई भी किसी तरह से घटना का प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं बने थे। अपीलकर्ताओं की ओर सेः श्री गौतम खेत्रपाल, अधिवक्ता , श्री अनिल पिल्लई, अधिवक्ता श्री चंद्रेश श्रीवास्तव, अधिवक्ता, सुश्री डॉली सोनी, अधिवक्ता (वीसी के माध्यम से) और श्री शिवकुमार बंजारे और श्री देवर्षि ठाकुर, अधिवक्ता हाईकोर्ट में थे। इस केस में बालोद के क्रिमिनल्स अधिवक्ता दीपक सामटकर सहित चार वकील थे। जिनमें दुर्ग से राजकुमार तिवारी, संदीप सोनवानी थे। तीन आरोपियों के तरफ से अकेले दीपक ही अधिवक्ता थे। ज्ञात हो की अपर सत्र न्यायाधीश, बालोद, जिला बालोद (छत्तीसगढ़) द्वारा, अपीलकर्ताओं को दोषी ठहराया गया था और दोषसिद्धि की सजा

आईपीसी की धारा 320/120बी के तहत आजीवन कारावास और 500/- रुपये का जुर्माना, भुगतान न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास दिया था। ये था अभियोजन पक्ष का मामला- 21.12.2020 को सुबह लगभग 8:15 बजे, शिकायतकर्ता राकेश कुमार निषाद (पीडब्लू-1), निवासी जूरीपारा, बालोद, जो इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्यरत हैं, पुलिस स्टेशन बालोद में उपस्थित हुए औरअपराध क्रमांक 0/2020 में देहाती शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उसी दिन, सुबह लगभग 6:00 बजे, तांदुला बांध के पास सुबह की सैर के दौरान, उन्होंने पानी से लगभग बीस फीट दूर एक अज्ञात पुरुष का शव पड़ा देखा। मृतक का सिर कुचल हुआ पाया गया; गर्दन और पेट पर धारदार चोटों के निशान थे, और उसके सिर के आसपास खून के छींटे पड़े थे। पास में ही खून से सना एक बड़ा पत्थरपड़ा मिला।

हिन्दू जागरण मंच धमतरी ने रामपुर के युवाओं के साथ समाजिक सुरक्षा पर की चर्चा

धमतरी/नवप्रदेश। हिन्दू जागरण मंच धमतरी युवाओं ,मातृशक्तियों , और समाजिक प्रमुखों के बीच जिले के प्रत्येक गांव एवं समाज के बीच पहुंचकर उनको जागृत करने कार्य रही है जिसमें महत्वपूर्ण बिंदु अपनी संस्कृति और सुरक्षा है । हिन्दू जागरण मंच के कार्यो को देखकर अब जिले के युवा साथी संगठन को स्वयं से आमंत्रित कर रहे है उसी तारतम्य में बुधवार को ग्राम रामपुर के सर्व समाज के युवाओं ने हिन्दू जागरण मंच धमतरी को आमंत्रित किया और अपने गांव की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए , कहा छेत्र के साथ गांव में अवैध ,असमाजिक गतिविधियों का संचालन जिस प्रकार से हो रही है वह बहुत ही चिंता का विषय है गांव में दैनिक रूप से बाहरी व्यक्तियों का आना जाना , तथा गांव की स्वच्छता,पर्यावरण जो बहुत गंभीर है जिन पर शासन प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है तत्पश्चात हिन्दू जागरण मंच धमतरी के जिला संयोजक पुरूषोतम निषाद और सहसंयोजक डाकेश्वर साहू ने युवाओं से अपने संबोधन में कहा हमें अपने समाज में जागरूकता लाकर सभी समस्याओं का समाधान प्राप्त करना है सर्व समाज के प्रति सद्भाव , शांति तथा लोगो में नागरिक कर्तव्य का बोध के साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता,गौ वंश की सुरक्षा,क्षेत्रवाद की समस्या,स्वरोजगार,राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, पर हम सभी को मिलकर काम करना होगा ,असमाजिक गतिविधिया पर तत्काल हिन्दू जागरण मंच को संपर्क करे हमारा कार्य समाज के प्रत्येक वर्ग में जनजागरण और उनकी संस्कृति की सुरक्षा करना है

नगर पालिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और लोक निर्माण विभाग के 1755.12 लाख के 91 कार्यों का लोकार्पण और 1241.79 लाख के 23 निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

उपमुख्यमंत्री साव ने 29.90 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की दी सौगात

मुंगेली/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज जिले में नगर पालिका परिषद अंतर्गत 29 करोड़ 90 लाख रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने आगर खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में करोड़ों के कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने नगर पालिका, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और लोक निर्माण विभाग के कुल 1755.12 लाख रूपए के 91 कार्यों का लोकार्पण और 1241.79 लाख रूपए के 23 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत भारत माता की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं वंदेमातरम गीत के साथ की गई। उप मुख्यमंत्री श्री साव एवं मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले का गजमाला पहनाकर स्वागत किया गया। साथ ही ब्राह्मण, क्षत्रिय एवं देवांगन, साहू व यादव समाज के प्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री एवं विधायक का स्वागत व अभिनंदन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज, नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, जनपद पंचायत अध्यक्ष रामकमल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, अनिल सोनी, शैलेष पाठक सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने अधोसंरचना मद अंतर्गत परशुराम चौक का सौंदर्यीकरण एवं मूर्ति स्थापना, वार्ड 11 व 20 में सामुदायिक भवन निर्माण, वार्ड 13 में प्रसाधन सहित बस प्रतिक्षालय का लोकार्पण किया। साथ ही अधोसंरचना व 15वें वित्त मद से 76 सीसी सड़क, आरसीसी नाली, बाउंड्रीवाल निर्माण, विद्युतीकरण एवं अन्य

विकास कार्यों का भी लोकार्पण किया। इसी तरह उन्होंने बालानी चौक में माता परमेश्वरी चौक सौंदर्यीकरण, अधिकारी-कर्मचारी आवास निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य, मां परमेश्वरी चौक एवं देवांगन मुक्तिधाम में हाईमास्ट लाइट स्थापना, भक्त माता कर्मा चौक निर्माण एवं मूर्ति स्थापना, साहूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण, निरंजन प्रसाद केशरवानी बालवाटिका जीर्णोद्धार, आगर खेल परिसर का जीर्णोद्धार, पड़ाव चौक में महाराणा प्रताप की कांस्य प्रतिमा स्थापना के साथ ही विप्र समाज के सामुदायिक भवन के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि मुंगेली के विकास कार्यों के लिए पैसों की कमी नहीं होगी, यहां के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सड़क, नाली, पानी सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार का कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका को पिछले 20 माह में अलग-अलग योजना के तहत 92 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी जा चुकी है और आगे भी विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने आमजनों से भी शहर के विकास में सहयोग की अपील की। विधायक श्री मोहले ने 29 करोड़ 90 लाख रूपए से अधिक के कार्यों की सौगात के लिए उपमुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

उन्होंने आमजनों से मतदाता गहन पुनरीक्षण में सहयोग करने तथा सभी मतदाताओं से सूची में अपना नाम जुड़वाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि धान की खरीदी का कार्य शुरू हो चुका है। सभी पंजीकृत किसान अपने खरीदी केन्द्रों में धान विक्रय कर सकते हैं। मुंगेली जिला हर क्षेत्र हर कार्य में अग्रणी रहे, ऐसी आशा करते हुए उन्होंने धन्यवाद दिया। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने विकास कार्यों की सौगात के लिए उपमुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्ति अभियान में सहभागिता की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि मुंगेली नगर पालिका विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर हो रहा है। उपमुख्यमंत्री द्वारा 29 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगात नगर पालिका मुंगेली के एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी केन्द्रों में धान खरीदी शुरू हो गई है, किसान ज्यादा से ज्यादा टोकन कटवाकर आसानी से धान का विक्रय कर सकते हैं। उन्होंने आमजनों से मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने एवं अद्यतन करवाने की अपील की। कार्यक्रम के समापन में कलेक्टर ने स्मृति चिन्ह भेंटकर उपमुख्यमंत्री श्री साव को सम्मानित किया।

न्यूज गैलरी

पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 13 को

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 13 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि तीनों विकासखंडों में इसके लिए 16 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा हेतु कुल 05 हजार 432 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने प्रवेश पत्र एवं आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार हेतु प्रधान पाठक अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शीघ्र जमा करने के लिए कहा है।

डीईओ ने किया कोदवाबानी स्कूल का निरीक्षण

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी एल.पी.डाहिरे ने शासकीय हाइस्कूल कोदवाबानी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं सहित शिक्षण-अध्यापन व्यवस्था और अनुशासन की समीक्षा की गई। निरीक्षण में व्याख्याता रामभजन देवांगन, मंजू श्रीवास, प्रमोद कुर्रे, विष्णु देवांगन, वीरेन्द्र कश्यप और भूपेन्द्र बांधी अनुपस्थित पाए गए। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त व्याख्याताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस में जवाब मांगा है। जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप मौजूद रहे।

42 वर्षीय महिला का ऑपरेशन कर स्वास्थ्य समस्या से दिलाया छुटकारा

जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय द्वारा जिले के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। यहां जटिल आपरेशन के साथ निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शीला साहा ने बताया कि पथरिया की 42 वर्षीय सरिता गजारतिया सफल शल्यक्रिया (ऑपरेशन) कर उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्या से छुटकारा दिलाया गया।

श्रीमती सरिता को पिछले कई वर्षों से पेट के नीचे भाग में दर्द एवं अत्यधिक मासिकधर्म होना संबंधी परेशानी थी। लगातार दर्द और असुविधा के कारण उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों और उन्नत तकनीकी सुविधा ने इस चुनौतीपूर्ण ऑपरेशन को पूरी तरह सफल बनाते हुए मरीज को नई जीवन

आशा प्रदान की। सिविल सर्जन डॉ. एमके राय ने बताया कि जांच में लिपोमा गांठ पाए जाने पर चिकित्सकों ने तत्काल ऑपरेशन का निर्णय लिया और चिकित्सकों की टीम द्वारा जटिल शल्यक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न की गई। चिकित्सकों ने बड़ी सावधानी से लगभग 01 किलो वजनी लिपोमा को सफलतापूर्वक निकालकर मरीज को राहत दी। ऑपरेशन के पश्चात मरीज की हालत लगातार सुधरती गई और चिकित्सकों ने उन्हें पूर्णतः स्वस्थ पाते हुए डिस्चार्ज कर दिया। मरीज के परिजनों ने चिकित्सालय प्रशासन और समस्त टीम के प्रति आभार व्यक्त किया। ऑपरेशन में एनेस्थीसियोलॉजिस्ट एवं समस्त ओटी स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डीपीएम डॉ. गिरीश कुर्रे ने बताया कि जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की मदद से जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा शासन की मंशानुरूप जिला चिकित्सालय में मरीजों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यह सफलता हमारी टीम की निष्ठा, सामूहिक प्रयास और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का परिणाम है।

145 पाव अंग्रेजी-देशी शराब सहित एक आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन पर कल दिनांक 19 नवंबर 2025 को घरघोड़ा पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में अवैध शराब कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम रायकेरा में दबिश देकर भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब बरामद की। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रायकेरा निवासी रूपेश बेहरा अपने घर में अवैध रूप से अंग्रेजी व देशी शराब बिक्री के लिए संग्रहीत कर रखा है। सूचना की तस्दीक पर की गई रेड कार्रवाई में आरोपी रूपेश बेहरा पिता जिकर लाल बेहरा (35 वर्ष) निवासी रायकेरा के घर से गोआ स्पेशल अंग्रेजी शराब के 48 पाव, मैकडावल नंबर 1 के 20 पाव, ग्रीन लेवल के 7 पाव, बैगपाइपर के 4 पाव, कुल 79 पाव अंग्रेजी शराब जिसकी कीमत 11,720 रुपये तथा 66 पाव देसी प्लेन शराब जिसकी कीमत 5,280 रुपये को मिलाकर कुल 145 पाव (26 लीटर 100 एमएल) अवैध शराब (17 हजार रूपये) बरामद की गई। इसके अलावा शराब बिक्री की 2,000 रुपये नगद रकम भी जब्त की गई। आरोपी द्वारा अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करना पाया जाने पर थाना घरघोड़ा में अपराध क्रमांक 307/2025 धारा 34(2), 34(ख) आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के साथ प्रधान आरक्षक अरविंद पाठनायक, आरक्षक भानु चंद्रा, प्रदीप तिग्गा, उधो पटेल एवं महिला आरक्षक सुप्रिया सिदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

धान उपार्जन केन्द्र नमनाकला की खरीदी व्यवस्था पर किसान संतुष्ट

■ धान के बढ़े हुए दाम और योजनाओं से खेती करना हुआ आसान

मुंगेली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में धान खरीदी तिहार मनाया जा रहा है, वहीं अब सरगुजा जिले के उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी अब जोर पकड़ रही है। अम्बिकापुर विकासखण्ड के नमनाकला उपार्जन केंद्र में ग्राम पंचायत किशुननगर के किसान श्री सेदु राम ने अपना धान बेचकर संतोष व्यक्त किया और बताया कि इस वर्ष व्यवस्था पहले से अधिक सुचारु और सुविधाजनक है। किसान सेदु राम ने बताया कि उनके पास 4 एकड़ जमीन है, जिसमें 3 एकड़ में धान की बोवाई करते हैं। उन्होंने इस सीजन कुल 36 क्विंटल 60 किलो धान विक्रय हेतु पंजीकृत किया है। उन्होंने बताया कि मैंने 15 नवंबर को टोकन कटाया था और आज पहले टोकन में 16 क्विंटल धान बेचने नमनाकला धान उपार्जन केन्द्र आया हूं। उपार्जन केंद्र में तुलाई, नमी परीक्षण और अन्य प्रक्रियाएं बिना किसी परेशानी के पूरी हुई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान का मूल्य दिए जाने से किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है, जिससे खेती आर्थिक रूप से अधिक स्थिर हुई है। सेदु राम ने यह भी साझा किया कि उन्हें किसान सम्मान निधि के तहत हर वर्ष 6000 रुपए प्राप्त होते हैं। जिससे बीज, खाद और बुवाई की तैयारियों में बड़ी मदद करती है। सरकार की योजनाएं किसान की ताकत बढ़ा रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान हित में लिए गए निर्णयों से खेती-किसानी और कृषि आय में बदलाव आया है। धान खरीदी तिहार की रौनक के बीच किसान सेदु राम जैसे किसान सरकार की योजनाओं और बढ़ी हुई धान के मूल्य से लाभान्वित होकर अत्यधिक उत्साहित हैं।

शाला संचालन के समय में किया गया परिवर्तन

बलरामपुर/नवप्रदेश। शीतलहर और अत्यधिक ठंड के दृष्टिगत कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा आदेश जारी कर स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार दो पालियों में संचालित होने वाली कक्षाएं प्रथम पाली में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 09 बजे से 12:30 बजे तक तथा शनिवार को दोपहर 12:45 से 04:15 बजे तक, इसी क्रम में द्वितीय पाली में संचालित होने वाली कक्षाएं सोमवार से शुक्रवार तक दोपहर 12:45 बजे से 04:15 बजे तक व शनिवार को सुबह 09 बजे से 12:30 बजे तक संचालित होंगी।

दिव्यांग बच्चों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरसी भवन में आज जिला स्तरीय एक दिवसीय गृह आधारित शिक्षा प्राप्त कर रहे बहुत दिव्यांग बच्चों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षण-प्रशिक्षण के माध्यम से शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना तथा शिक्षकों का मार्गदर्शन करना था। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक अशोक कश्यप, एपीसी खंड प्रभारी लेखराम साहू और प्रदीप उपाध्याय की मौजूद रहे। अधिकारियों ने गृह आधारित शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सतत और

समग्र प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप में बीआरपी पथरिया श्रीमती प्रिया यादव, स्पेशल एजुकेटर कौशल पात्रे और अरुण कुमार बघेल ने बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों और शिक्षण विधियों का प्रदर्शन किया।

भरतपुर में नई बस सेवा शुरू, ग्रामीणों में खुशी की लहर

■ विद्यार्थियों, महिलाओं, मजदूरों और आम नागरिकों को सुरक्षित व समयबद्ध यात्रा की मिलेगी सुविधा

जनकपुर/नवप्रदेश। एमसी बी-भरतपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में ग्रामीण बस सेवा के अंतर्गत नई बस सेवा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माया प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष हीरालाल मौर्य, नगर पंचायत अध्यक्ष कौशल पटेल, जनपद सीईओ अजय सिंह राठौर सहित अधिकारियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

के जनहितकारी प्रयासों के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बस सेवा शुरू होने से विद्यार्थियों, महिलाओं, मजदूरों और आम नागरिकों को सुरक्षित व समयबद्ध यात्रा की सुविधा मिलेगी। अब लोगों को स्कूल-कॉलेज, अस्पताल, बाजार और कार्यस्थलों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा उनकी वास्तविक जरूरतों को पूरा करेगी और क्षेत्र के विकास को नई दिशा देगी। यह पहल स्थानीय अर्थव्यवस्था और गांव-शहर संपर्क को भी मजबूती प्रदान करेगी।

सहायता

प्रधानमंत्री ने देशभर के किसानों के खातों में 18 हजार करोड़ किए ट्रांसफर

पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का ऑनलाइन हस्तांतरण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र, सरगुजा के सभागार कक्ष में आज प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के राष्ट्रीय स्तर पर जारी कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एवं स्थानीय आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 18 हजार करोड़ की राशि देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में डीबीडी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपमा सिंह, जिला कृषि स्थायी समिति अध्यक्ष दिव्या सिंह सिसोदिया, कृषि मंत्री प्रतिनिधि रविन्द्र तिवारी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि की यह किस्त वर्तमान धान कटाई एवं रबी फसल तैयारी में किसानों को आर्थिक मदद करेगी। उन्होंने किसानों को मधुमक्खी पालन, प्राकृतिक खेती और रबी फसल बुआई की नवीन तकनीकों के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। छत्तीसगढ़ युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह

तोमर ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह सहायता राशि किसानों को कठिन कृषि मौसम में राहत देती है और खेती-किसानी को और सुगम बनाती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. संदीप शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 1 दिसंबर 2018 को किसानों के हित में प्रारंभ की गई थी।

आज जारी की गई 21वीं किस्त किसानों की कृषि गतिविधियों में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। उपसंचालक कृषि पी.एस. दीवान ने कहा कि यह राशि किसानों के लिए बीज, खाद, कीटनाशक एवं अन्य कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने में अत्यंत सहायक है। यह कार्यक्रम इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल और निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एस.एस. टुटेजा के मार्गदर्शन में, कृषि विज्ञान केन्द्र सरगुजा, कृषि विभाग सरगुजा तथा सूरजपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

शराब में मिलावट करने का दबाव पूर्व सेल्समैन ने की शिकायत

चिरमिरी/एमसीबी/नवप्रदेश। शराब दुकान में कार्यरत पूर्व सेल्समैन सुजीत कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी को लिखित शिकायत देकर भ्रष्टाचार व शोषण का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, अधिकारियों ने नौकरी जारी रखने के लिए 20 हजार की मांग की थी जिसकी शुरुआत 50 हजार रुपये की मांग से हुई थी। सुजीत के अनुसार नियुक्ति के बाद भी सुपरवाइजर व अधिकारी लगातार अतिरिक्त राशि की मांगते रहे। शिकायतकर्ता ने लिखा है कि नौकरी के दौरान उससे शराब में मिलावट करने का दबाव भी डाला गया। इनकार करने पर 6 नवम्बर को बिना सूचना अचानक नौकरी से हटा दिया गया और तीन माह का बकाया वेतन भी रोक दिया गया।

सुजीत ने आर्थिक संकट का हवाला देते हुए संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई और मामले की जांच की मांग की है। उल्लेखनीय है कि डोमिन्हिल शराब दुकान पर हाल ही में स्थानीय नागरिकों ने भी मिलावटी शराब को लेकर विरोध किया था। नागरिकों और शिकायतकर्ता ने उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त का हस्तांतरण किसानों के हित में केंद्र की दृढ़ प्रतिबद्धता: तोखन

देशभर के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के रूप में 18,000 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने धमतरी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोयंबटूर, तमिलनाडु से देशभर के किसानों को पीएम-किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त के रूप में 18,000 करोड़ से अधिक की राशि हस्तांतरित किए जाने का स्वागत किया।

श्री साहू ने कहा कि यह पहल किसानों के कल्याण, उनकी आय वृद्धि तथा कृषि क्षेत्र के सतत विकास के प्रति केंद्र सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री श्री साहू ने इसे 'किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को और सुदृढ़ करने वाला ऐतिहासिक कदम' बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उपस्थित रहे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए 2,225 करोड़ की स्वीकृति पत्र प्रदान की गई। श्री साहू ने इस निर्णय को राज्य के ग्रामीण बुनियादी ढांचे को नई गति देने वाला बताते हुए कहा कि इससे दूरस्थ गाँवों की कनेक्टिविटी सशक्त होगी और कृषि व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अब छत्तीसगढ़ को मखाना बोर्ड में शामिल किया जा रहा है। पहले मखाने का उत्पादन मुख्यतः बिहार में केंद्रित था, लेकिन अब छत्तीसगढ़ में भी इसका उत्पादन तेजी से बढ़ रहा है। श्री साहू ने कहा कि इस निर्णय से किसानों के लिए मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण और निर्यात की नई संभावनाएँ खुलेंगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। राज्य मंत्री श्री साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि 'किसानों की समृद्धि, ग्रामीण विकास, और कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम न केवल वर्तमान को सशक्त बना रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत आधार तैयार कर रहे हैं।

शहर में तोखन की पहल से विकास को मिली गति

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई)) वर्ष 2025-26 के प्रथम चरण में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र को महत्वपूर्ण बढ़त मिली है। केंद्र सरकार ने कुल 27 नई ग्रामीण सड़कों की स्वीकृति प्रदान की है। 81.84 किलोमीटर लंबाई वाली इन परियोजनाओं के लिए 67.61 करोड़ रुपये का अनुमोदन दिया गया है। ये स्वीकृतियां ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से लंबित संपर्क मार्गों की मांगों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस उपलब्धि के पीछे बिलासपुर लोकसभा सांसद एवं केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू के सतत प्रयास निर्णायक रहे। श्री साहू ने क्षेत्र के दुर्गम गांवों की सड़क समस्याओं, आवागमन की कठिनाइयों और नागरिकों की वास्तविक जरूरतों को कई बैठकों, निरीक्षणों तथा पत्राचार के माध्यम से केंद्र सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखा। उनके द्वारा भेजी गई संस्तुतियों को प्राथमिकता देते हुए मंत्रालय ने प्रथम चरण में ही बड़ी संख्या में मार्गों को मंजूरी दी है। स्वीकृत सड़क परियोजनाएं मुख्यतः तखतपुर, मल्हार, कोटा और मस्तुरी विकासखण्डों में केंद्रित हैं।

न्यूज गैलरी

लोक अभियोजक में धीरज वानखेड़े व विवेक चोपड़ा शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। ईडी के लिए केंद्र सरकार ने 125 विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति की है। इनमें से छत्तीसगढ़ के लिए दो नाम शामिल हैं। केंद्र सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के लिए विशेष लोक अभियोजकों के नए पैनल को मंजूरी दे दी है। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने 125 एसपीपी के नामों को स्वीकृति देते हुए आदेश जारी किया है। यह नियुक्तियां पीएमएलए, 2002 के तहत देशभर की विशेष अदालतों के लिए की जा रही हैं। आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से धीरज वानखेड़े और विवेक चोपड़ा को भी पैनल में शामिल किया गया है। निर्देशानुसार ईडी ने इस सूची को पहले मंत्रालय को भेजा था, जिसे अब सक्षम प्राधिकरण की अनुमति के बाद अंतिम रूप दिया गया है। दोनों अधिवक्ता अब प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पीएमएलए मामलों में पैरवी करेंगे। आदेश 17 नवंबर को नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन से जारी किया गया।

बिलासपुर रेल मंडल के चक्रधरनगर ब्लॉक कैबिन को चौथी रेल लाइन से जोड़ने नॉन इंटरकनेक्टिविटी का होगा कार्य

रायगढ़-कोतरलिया सेक्शन में तीसरी रेलवे लाइन का विद्युतीकरण कार्य, यात्री सुविधाओं में होगी वृद्धि

बिलासपुर/नवप्रदेश। अधोसंरचना विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अनेक परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार बिलासपुर-झारसुगुड़ा के बीच तीसरी एवं चौथी रेलवे लाइन परियोजना दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजना है यह व्यस्त रेल मार्ग है, जो इस पूरे क्षेत्र को उत्तर एवं दक्षिण भारत से जोड़ती है । परिचालन को और भी सुचारू तथा नई गाडियों के मार्ग प्रशस्त करने के लिए नई लाइनों का निर्माण कार्य किया जा रहा है । इससे आधारभूत संरचना में तथा यात्री सुविधाओं में वृद्धि के साथ यात्री ट्रेनों की समय बद्धता में वृद्धि होगी ।



बीच में समाप्त होने वाली गाडियां

23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक गोंदिया एवं झारसुगुडा से चलने वाली 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुडा- गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर एवं झारसुगुडा के बीच रद्द रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है।

इसी क्रम में बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमे अब तक 150 किलोमीटर से अधिक का रेल लाइन का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। इसके अंतर्गत बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के चक्रधरनगर ब्लॉक कैबिन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। चक्रधरनगर ब्लॉक कैबिन को चौथी रेललाइन में जोड़ने का यहा कार्य दिनांक 21 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक (विभिन्न तिथियों में) किया जायेगा । रेल यात्रियो को कम से कम असुविधा हो इसलिए ये कार्य किए जा रहे है । रेल विकास से संबधित इस कार्य के लिए इन ट्रेनों का परिचालन अल्पकालिक बाधित रहेगा एवं इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों की समयबद्धता एवं गति में तेजी आयेगी। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार हैः- **प्रभावित होने पैसेंजर गाडियांः-** 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर, 2025 तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर, तक बिलासपुर से चलने वाली 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी। 23 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक रायगढ़ से रवाना होने वाली गाडी संख्या 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। 22 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक बिलासपुर से चलने वाली 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू रद्द रहेगी।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिल्हा ने एसआईआर के लिए नियुक्त बीएलए को दिया गया प्रशिक्षण

बिल्हा/नवप्रदेश। प्रदेश व जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिल्हा द्वारा एसआईआर हेतु नियुक्त बी. एल. ए. (बूथ लेवल एजेंट) का प्रशिक्षण शिविर बिल्हा के रेस्ट हॉउस मे आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थिति बी एल ए को प्रशिक्षण प्रशिक्षक रोहिणी नौबतका द्वारा दिया गया बी. एल. ए. द्वारा बताए गए समस्याओ का निराकरण भी किया गया।

उक्त शिविर में बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक ने कहा की मतदातन लोकतंत्र की सबसे ताकत है नियुक्त बी. एल. ए. का जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है प्रभारी मनहरण लाल कौशिक, रोम हर्ष शर्मा, व जिला कोषाध्यक्ष विमल अग्रवाल ने भी सम्बोधित किया ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक ने बी.एल. ए. साथियों को पार्टी का महत्वपूर्ण कड़ी बताया इस अवसर पर यूथ कांग्रेस अध्यक्ष बिल्हा सुनील साहू, वीरेंद्र कौशिक, घनश्याम डहरिया भरत यादव, जगर्नाथ धुर्वशी, राज बनवारे, धर्मेंद्र फर्वी, हासिम खान धर्मेंद्र फरवी, पार्षद लाला यादव, अमृत कोशले, आशु निर्मलकर, योगेश कौशिक, राजू ध्रुव, शिवकली बंजारे, रजिया कुरैशी, इंद्रनी कौशिक, संगीता यादव सहित बी. एल. ए. उपस्थिति रहे।

हॉकी प्रतियोगिता में मड़वा ने बिलासपुर को 1-0 से हराया

■ **अंतरक्षेत्रीय विद्युत हॉकी प्रतियोगिता शुरु**

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड बिलासपुर की मेजबानी में आज बहतराई, बिलासपुर स्थित एस्ट्रोटर्फ मैदान में अंतरक्षेत्रीय विद्युत पॉवर कंपनीज हॉकी प्रतियोगिता का शानदार आगाज हुआ। प्रदेश स्तरीय इस प्रतियोगिता में पहले दिन के मैच में मेजबान टीम बिलासपुर क्षेत्र को मड़वा क्षेत्र की टीम ने मैच के अंतिम मिनट में गोल करते हुए 1-0 से शिकस्त दी। प्रतियोगिता के दूसरे मैच अंबिकापुर क्षेत्र और दुर्ग क्षेत्र के बीच खेला गया, जिसमें अंबिकापुर क्षेत्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुर्ग क्षेत्र को 4-0 से पराजित किया। तीसरा मैच कोरबा वेस्ट एवं रायपुर सेंट्रल के बीच खेला गया जिसमें कोरबा वेस्ट ने 5-0 से मैच को जीता। चौथा मैच रायपुर रीजन और कोरबा ईस्ट के मध्य खेला गया, जिसमें कोरबा ईस्ट की टीम 2-0 से विजयी रहा। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद बिलासपुर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ए. के. अम्बष्ट के मुख्य आतिथ्य एवं कार्यपालक निदेशक (उपकेंद्र) कल्पना घाटे की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में अतिरिक्त मुख्य अभियंता ए. वी. कुजूर,(अंबिकापुर) अधीक्षण अभियंता सुरेश जांगडे, पी. आर. साहू, डी. पी. बारवा, वीबीएस कंवर क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद बिलासपुर क्षेत्र के सचिव अधीक्षण अभियंता स्मिता सूर्यवंशी, कार्यपालन अभियंता रूपेंद्र साहू, प्रीति रानी साव प्रशासनिक अधिकारी दीपक तिग्गा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। प्रतियोगिता के औपचारिक उद्घाटन के पश्चात् अतिथियों ने सभी टीमों के मैनेजर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उद्घाटन समारोह में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित हुये। इस कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी मुकेश माथुर ने किया।

खेल भावना से खेलें खिलाड़ी: अम्बष्ट

मुख्य अतिथि की आसंदी से श्री अम्बष्ट ने न्यायधानी मे सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम भावना से खेलें। प्रदेश स्तर पर आयोजित पॉवर कंपनीज के इस प्रकार के आयोजनों से अधिकारियों/कर्मचारियों के बीच आपसी समझ एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर आवेदन 4 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत वार्ड 46 गणेश नगर के आंगनबाड़ी केंद्र क्र. 170 नयापारा गणेशनगर एवं वार्ड क्र 67 विद्यासागर नगर के केंद्र क्र. 80 लोधीपारा सरकंडा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1-1 रिक्त पदों पर 4 दिसम्बर तक आवेदन किये जा सकते है। रिक्त पदों की विस्तृत जानकारी तथा निर्धारित आवेदन पत्र कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी गई हैं। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में बंद लिफाफा अथवा पंजीबद्ध डाक से आवेदन पत्र जमा कर सकती है।

राष्ट्रीय जम्बूरी में जिले के 20 स्काउट- गाइड, रोवर रेंजर होंगे शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। डायमंड जुबली एवं 19 वी राष्ट्रीय जम्बूरी लखनऊ उत्तर प्रदेश में 23 से 29 नवम्बर 2025 तक आयोजित है। इसी परिपेक्ष्य में इंदरजीत सिंग खालसा राज्य मुख्य आयुक्त जितेंद्र कुमार साहू राज्य सचिव के निर्देश अनुसार जम्बूरी पूर्वाभ्यास 18 से 20 नवम्बर तक राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित किया गया है। जिसमे पदेन संरक्षक/कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट चन्द्र प्रकाश बाजपेयी,

जिला शिक्षा अधिकारी /पदेन जिला आयुक्त स्काउट विजय टांडे, राज्य संगठन आयुक्त स्काउट विजय कुमार यादव के निर्देश में जिले से शालाओ से कुल 20 का दल 06 स्काउट, सर्विस रोवर- 03, गाइड-08, सर्विस रेंजर-01 ,जिला प्रभारी 02- डॉ . पूनम सिंह, जिला संगठन आयुक्त गाइड एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट संतोष कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में शामिल हो रहें है। जिले के स्काउट- गाइड ,रोवर - रेंजर उक्त राष्ट्रीय स्तर जम्बूरी में लोक गीत लोक नृत्य फिजिकल डिस्प्ले फ़ूड प्लाजा स्किलोरामा मार्च पास्ट झांकी प्रदर्शनीय रंगोली फैंसी ड्रेस इत्यादि प्रतियोगिता में प्रतिभगिता करेगे। जिला सचिव लता यादव, जिला संगठन आयुक्त स्काउट महेन्द्र बाबू टंडन ने शुभ मंगल यात्रा की शुभकामनाएं दी एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ के भाग ले कर न्यायधानी बिलासपुर तथा छत्तीसगढ़ महतारी का नाम रोशन करने प्रेरित किया। जिला बिलासपुर के समस्त पदाधिकारी अधिकारी सहित एवं सभी विकास खण्ड सचिव स्काउट गाइड, रोवर्स - रेंजर्स,स्काउटर - गाइडर ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

पंधी रावत नाच महोत्सव में यदुवंशियों ने दिखाया शौर्य

सीपत/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत पंधी सोमवार को उस समय उल्लास और उत्साह से भर उठा, जब परंपराओं की धारा लिए भव्य रावत नाच महोत्सव की शुरुआत हुई। तीन गांवों की रावत नाच दलों ने अपने मनमोहक अभिनय, नृत्य-लय और पारंपरिक रणभेरी के साथ ऐसा समां बाँधा कि पूरा परिसर तालियों से गूंज उठा। प्रतियोगिता में मटियारी की टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि पंधी के दोनों दलों को क्रमशः द्वितीय और तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य रेवाशंकर साहू ने कहा कि कलाकारों की ऊर्जा, समर्पण और अनुशासन देखने लायक था। ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव को

मटियारी दल ने मारी बाजी

जिंदा रखते हैं। सभी टीमों ने कमाल कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच वीरेंद्र साहू ने कहा कि रावत नाच हमारी पहचान है। यह सिर्फ नृत्य नहीं, बल्कि हमारे पूर्वजों की वीर परंपरा की धरोहर है। पंधी की जनता ने जिस सामूहिक उत्साह से इस आयोजन को सफल बनाया, वह अभूतपूर्व है। कार्यक्रम में गतौरा के सरपंच नरेंद्र वस्त्रकार, अभिलेश यादव, अब्दुल कय्यूम खान, विनोद साहू, अरुण श्रीवास, मनोज वर्मा, कैलाश चंद्राकर, जाबिर खान, सुमेंद्र वर्मा, नागेश सूर्यवंशी, दिलीप साहू, मुनीर खान, लव यादव, गुड्डू यादव, संतोष यादव, ईश्वर यादव, अभिषेक धर दीवान, संजीत धर दीवान सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने महोत्सव को भव्यता प्रदान की। पूरे रावत नाच एवं बाजार महोत्सव का आयोजन शांति, अनुशासन और सौहार्द के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल पर सीपत पुलिस टीम ने मुस्तैदी से सुरक्षा व्यवस्था संभाली, जिससे आयोजन पूरी तरह सुचारू और आनंददायक रहा।

खारंग जलाशय के क्षतिग्रस्त नहर में मरम्मत कार्य आज से

बिलासपुर/नवप्रदेश। खारंग जलाशय के दायी तट के नगर आर.डी 1300 मीटर से 1500 मीटर तक नहर बैक के विभिन्न भाग क्षतिग्रस्त होने से पानी का रिसाव होने के कारण आवश्यक मरम्मत कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा कल 21 नवंबर से प्रारंभ किया जावेगा। मरम्मत कार्य के दौरान उक्त नहर से नगर निगम के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट को प्राप्त होने वाला जल प्रदाय बाधित रहेगा, नगर निगम के समस्त उच्चस्तरीय जलागार को भरने का कार्य वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट से प्राप्त जल से किया जाता है। नहर से जल प्राप्त नही होने की दशा में नगर निगम द्वारा नलकूपों के माध्यम से उच्चस्तरीय जलागार को भरने का कार्य किया जावेगा। जिससे शहरी क्षेत्र में 21 नवंबर को सायंकाल से कम मात्रा में जल प्रदाय होगा। जल संसाधन विभाग द्वारा नहर का मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक कम मात्रा में जल प्रदाय किया जावेगा, आवश्यक होने पर टेंन्कर के माध्यम से जल प्रदाय किया जावेगा।

सुविधा | रोज़ाना शाम को दो शिफ़्ट में करते है स्केटिंग,फ्लड लाइट लगने से रात में भी जारी है प्रैक्टिस, पिंक स्टेडियम में प्रैक्टिस कर राज्य रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में जीते 31 पदक

पिंक स्टेडियम में प्रैक्टिस कर बच्चे जीत रहे मेडल, स्केटिंग करने पहुंच रहे छात्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा बिलासा गर्ल्स कॉलेज में निर्मित पिंक प्ले ग्राउंड में स्केटिंग करने बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुँच रहे हैं,जिसके सुखद परिणाम भी आने लगे हैं। पिंक प्ले ग्राउंड में प्रैक्टिस कर तैयारी करने वाले सैंडबॉक्स इनोवेशन के छात्रों ने 18 वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 31 पदक जीते हैं, जिनमें 10 स्वर्ण,12 रजत और 9 कांस्य पदक शामिल है।

पिंक प्ले ग्राउंड में रोजाना शाम 4 से 7 और 7 से रात्रि 10 बजे तक 18 वर्ष से कम उम्र बालक बालिका ट्रैक में स्केटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा ग्राउंड में फ्लड लाइट की दूधिया रोशनी में अन्य आउटडोर गेम खेला जा सकता है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए शहर में तीन बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया गया है, जिसमें से एक महिलाओं के लिए समर्पित प्रदेश का पहला पिंक प्ले ग्राउंड है,जहां इनडोर और आउटडोर दोनो खेल की सुविधा है। यहां पहले से ही एथलेटिक ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, इंडोर जिम का उपयोग महिलाओं द्वारा किया जा रहा है। ट्रैक में स्केटिंग शुरू होने से अंचल में स्केटिंग करने वाले खिलाड़ियों को एक बेहतरीन प्लेटफॉर्म मिला है। वर्तमान में दोनों शिफ्ट में लगभग 80 छात्र-छात्राएं प्रैक्टिस करने पहुंच रहे हैं।

महिलाओं के लिए एकमात्र ग्राउंड

स्मार्ट सिटी द्वारा सिर्फ महिलाओं के लिए शहर के बिलासा गर्ल्स कालेज मैदान को 4 करोड़ 34 लाख की लागत से पिंक प्ले ग्राउंड के रूप में तैयार किया गया है। लगभग पौने दो एकड़ जमीन में तैयार ग्राउंड में कई खूबियां है। ग्राउंड में दस से अधिक प्रकार के खेलों का आनंद उठाया जा सकता है। एथलेटिक ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट वालीबाल कोर्ट,कबड्डी मैदान, इंडोर जिम, चेंजिंग रुम की सुविधा है । इसके अलावा एक मल्टीएक्टीविटी हाल भी बनाया गया है जहां अलग-अलग छोटे-मोटे खेल गतिविधियों का संचालन किया जाता है । ग्राउंड में एक स्टेज भी है,इसके अलावा दो जगह दस-दस की संख्या में टायलेट बनाए गए है जहां शावर रूम भी है। पिंक प्ले ग्राउंड का संचालन जिला अर्बन सर्विस सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है।

अग्रिम चौकियों पर पहुंचे सेनाध्यक्ष, सैन्य तैयारियों की समीक्षा की

संयुक्तता को बढ़ाने और प्रौद्योगिकी के एकीकरण से संबंधित प्रमुख पहलों पर भी जानकारी दी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी अग्रिम चौकियों का दौरा कर सैन्य तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने बीते दो दिनों में अलग-अलग सीमावर्ती इलाकों में जाकर ऑपरेशनल क्षमता का निरीक्षण किया है।

सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी 18 और 19 नवंबर को पूर्वोत्तर भारत में मौजूद रहे। यहां उन्होंने अग्रिम सैन्य चौकियों का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने अग्रिम चौकियों पर मौजूद सैन्य कमांडरों से रक्षा तैयारियों को लेकर बातचीत भी की।

बुधवार को सेनाध्यक्ष ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात त्रिशक्ति कोर की अग्रिम चौकियों का दौरा किया। भारतीय सेना के मुताबिक इस दौरान उन्होंने सीमा क्षेत्र में सैन्य तैयारियों और यहां तैनात सैनिकों की ऑपरेशनल क्षमता की व्यापक समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान सेनाध्यक्ष को फॉर्मेशन कमांडरों ने मौजूदा रक्षा स्थिति व ऑपरेशनल तैयारियों की जानकारी दी। इसके साथ ही सेनाध्यक्ष को संयुक्तता को बढ़ाने और प्रौद्योगिकी के एकीकरण से संबंधित प्रमुख पहलों पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।

सेनाध्यक्ष को क्षेत्र में बदलते रणनीतिक परिदृश्य और उससे जुड़े सैन्य पहलुओं के बारे में भी अवगत कराया गया। सैनिकों के साथ बातचीत करते हुए जनरल द्विवेदी ने कठिन भू-भाग और प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के बावजूद उनकी उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता, अनुशासन और उच्च स्तरीय तैयारियों की प्रशंसा की।

दिल्ली दंगा : सुप्रीम कोर्ट में 177 पन्नों का हलफनामा दाखिल

नई दिल्ली/ए.। पुलिस ने यह बात 177 पन्नों के हलफनामे में कही है, जो सुप्रीम कोर्ट में उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दाखिल किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, जांच में मिले गवाहों के बयान, दस्तावेज और तकनीकी सबूत बताते हैं कि यह दंगे नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ विरोध को हथियार बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कराए गए थे।

पुलिस का कहना है- इस साजिश के तहत देशभर में हिंसा फैलाने की कोशिश हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश, असम, पश्चिम बंगाल, केरल और कर्नाटक जैसे राज्य भी शामिल थे। उमर खालिद और शरजील इमाम साजिशकर्ता थे, जिन्होंने लोगों को भड़काने का काम किया।

दरअसल, दिल्ली में फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून (CAA) के खिलाफहुए विरोध प्रदर्शन के दौरान 23 से 26 फरवरी तक हिंसा भड़क गई थी। जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और सैकड़ों घायल हुए थे।

पुलिस बोली- आरोपी बार-बार झूठी याचिकाएं दाखिल कर रहे

31 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने 29 अक्टूबर को आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर दिल्ली पुलिस को जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्तों का अतिरिक्त समय देने से मना कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई अब 31 अक्टूबर को होगी।

दिल्ली पुलिस की ओर से सुप्रीम कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता, वकील रजत नायर और ध्रुव पांडे पेश हो रहे हैं। पुलिस ने अदालत में कहा कि आरोपी बार-बार झूठी याचिकाएं दाखिल कर रहे हैं, ताकि केस की सुनवाई में देरी हो। यह न्याय प्रक्रिया में रुकावट डालने जैसा है। सुप्रीम कोर्ट अब पुलिस के इस हलफनामे पर सुनवाई करेगा।

सुनवाई के दौरान एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने पुलिस की ओर से और समय मांगा। लेकिन, जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि हमने आपको पर्याप्त समय दिया था।

भारत का एक और मोस्ट वांटेड गैंगस्टर गिरफ्तार

वॉशिंगटन/ए.। मोस्ट वांटेड गैंगस्टर नोनी राणा को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, अमेरिकी एजेंसियों ने उसे नियाग्रा बॉर्डर इलाके से उस समय हिरासत में लिया, जब वह अमेरिका से कनाडा भागने की कोशिश कर रहा था। बॉर्डर एरिया की सुरक्षा जांच के दौरान ही उसे दबोच लिया गया। नोनी राणा मूल रूप से हरियाणा का रहने वाला है और कुख्यात गैंगस्टर काला राणा का छोटा भाई बताया जा रहा है। पुलिस और खुफिया एजेंसियां काफी समय से उसकी तलाश में थीं। उसकी गिरफ्तारी के बाद आगे की कानूनी प्रक्रिया और प्रत्यर्पण को लेकर एजेंसियों की कार्रवाई जारी है।

350% टैरिफ की धमकी पर मोदी का फोन आया

दावा- पीएम ने कहा कि हम जंग खत्म कर चुके हैं

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने 350% टैरिफ लगाने की धमकी देकर भारत-पाकिस्तान के बीच जंग रुकवाई थी। ट्रम्प ने अमेरिका-सऊदी इन्वेस्टमेंट फोरम में बुधवार को बोलते हुए कहा मुझे सबसे पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ का फोन आया था। उन्होंने शुक्रिया कहा और बताया कि मैंने लाखों जानें बचाई हैं।

इसके बाद ट्रम्प ने दावा किया कि उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का फोन आया। मोदी ने कहा हम खत्म कर चुके हैं। ट्रम्प ने पूछा, क्या खत्म कर चुके हो? इस पर मोदी ने बताया हम जंग नहीं करने जा रहे हैं।

ट्रम्प यह दावा 60 बार से ज्यादा दोहरा चुके हैं कि मई में भारत-पाकिस्तान के बीच जो तनाव कम हुआ, वह उनकी दखलअंदाजी की वजह से हुआ। जबकि भारत लगातार कह रहा है कि सीजफायर में कोई तीसरा देश शामिल नहीं था और संघर्ष विराम भारत और पाकिस्तान की सीधी बातचीत के बाद हुआ।

ट्रम्प का ऐलान- भारत पर टैरिफकम करेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 10 नवंबर को कहा था कि भारत और अमेरिका एक नए व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत पर लगे टैरिफको धीरे-धीरे कम करेगा। ट्रम्प ने कहा, 'वे मुझसे अभी प्यार नहीं करते, लेकिन वे मुझसे फिर प्यार करेंगे। हमें एक अच्छा सौदा मिल रहा है।' भारत पर टैरिफकम करने के सवाल पर ट्रम्प ने कहा कि भारत पर ऊंचे टैरिफरूसी तेल खरीदने की वजह से लगाए गए थे, लेकिन अब भारत ने रूसी तेल की खरीद बहुत कम कर दी है। उन्होंने कहा, 'हां, हम टैरिफकम करेंगे।'

मोदी के साथ मेरे शानदार संबंध : ट्रम्प

ट्रम्प ने कहा, 'भारत दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है, दुनिया का सबसे बड़ा देश है और इसकी आबादी 1.5 अरब से ज्यादा है। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारे शानदार संबंध हैं और सर्जियो ने इसे और बढ़ाया है।' ट्रम्प ने आगे कहा, 'भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाला वर्ग भी है, और यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण आर्थिक और रणनीतिक सुरक्षा साझेदार है। राजदूत के रूप में सर्जियो हमारे देश के बंधन को मजबूत करने, प्रमुख अमेरिकी उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने, अमेरिकी ऊर्जा निर्यात को बढ़ाने और हमारे सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए काम करेंगे।'

पहले ट्रम्प ने 250% टैरिफ लगाने वाला बयान दिया था

इससे पहले ट्रम्प ने 29 अक्टूबर को साउथ कोरिया में हो रही एपेक सीईओ समिट में भी भारत-पाकिस्तान तनाव का जिक्र किया था। ट्रम्प ने कहा कि जब दोनों देश लड़ रहे थे तो मैंने दोनों से जंग रोकने को कहा, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। ट्रम्प ने दावा किया था कि उन्होंने दोनों देशों पर 250% टैरिफलगाने की धमकी दी थी। इसके दो दिन बाद दोनों ने फोन किया और सीजफायर पर सहमति जता दी। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की भी तारीफकी।

रॉबर्ट वाड्रा पर ईडी का शिकंजा

हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली। यूके बेस्ड हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर कर दी है। वाड्रा कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति हैं। यह चार्जशीट दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की गई है। अब अदालत में इस मामले को लेकर 6 दिसंबर को सुनवाई करेगी।

ईडी की जांच उस लेन-देन और संपत्तियों से जुड़ी है, जिनका केंद्र लंदन स्थित तीन पते हैं। 19, ब्रायनस्टन स्क्वायर, ग्रोसवेनर हिल कोर्ट और 13 बोरडन स्ट्रीट।

ये संपत्तियां संजय भंडारी के स्वामित्व में बताई जाती हैं, लेकिन ईडी का आरोप है कि ये वास्तव में वाड्रा की बे?नामी संपत्तियां हैं। इसी मामले में जुलाई में रॉबर्ट वाड्रा से एजेंसी ने करीब पांच घंटे तक पूछताछ की थी। जांच एजेंसी का कहना है कि इन संपत्तियों की खरीद और लेनदेन में कथित रूप से मनी लॉन्ड्रिंग के संकेत मिले हैं।

अब चार्जशीट दाखिल होने के बाद यह मामला अदालत में अगले चरण में प्रवेश करेगा, जहां 6 दिसंबर को आगे की कार्यवाही पर फैसला लिया जाएगा।

सीएम ममता ने चुनाव आयोग को लिखा पत्र
अराजक एसआईआर का लगाया आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जारी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर सियासी बवाल मचा हुआ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखकर कहा कि वर्तमान एसआईआर न केवल बिना योजना का, अराजक, बल्कि खतरनाक भी है। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक स्थिति में पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि एसआईआर के 'कुप्रबंधन' की मानवीय कीमत अब असहनीय है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर को रोकने की मांग पर जोर देते हुए हाल ही में एक बूथ लेवल अधिकारी की आत्महत्या के मामले को उठाया।

बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया पंगु

ममता बनर्जी ने एसआईआर प्रक्रिया में कथित कुप्रबंधन को लेकर चुनाव आयोग को लिखे पत्र में कहा कि मुझे तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई की उम्मीद है। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि बुनियादी तैयारियों, पर्याप्त योजना और स्पष्ट संचार के अभाव ने बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को पंगु बना दिया है।

पश्चिम बंगाल की सीएम ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के सीईओ धमकी दे रहे हैं और एसआईआर में लगे बीएलओ को अनुचित कारण बताओ नोटिस जारी कर रहे हैं। अपने पत्र में उन्होंने लिखा कि प्रशिक्षण में गंभीर कमी और प्रक्रिया के लिए आवश्यक अनिवार्य दस्तावेजों के संबंध में स्पष्टता की कमी के कारण यह प्रक्रिया संरचनात्मक रूप से अस्थिर है। ममता बनर्जी ने जलपाईगुड़ी में 48 वर्षीय बीएलओ शांति मुनि इक्का की आत्महत्या को असहनीय दबाव का नतीजा बताया। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर की वजह से राज्य में अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है।

पाकिस्तान और ईरान से निकाले गए 10,000 से ज्यादा अफगानी

काबुल (आईएएनएस)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तनाव के बीच ईरान और पाक से अफगान शरणार्थियों के भारी संख्या में निकाले जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। तालिबान के एक बड़े अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को एक ही दिन में 10,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान और ईरान से जबरदस्ती निकाल दिया गया। तालिबानी अधिकारी ने इस संबंध में हाई कमीशन फॉर एड्रेसिंग माइग्रेंट्स इश्यूज की रिपोर्ट भी साझा की है। रिपोर्ट साझा करते हुए तालिबान के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्ला फित्तरत ने बताया कि बुधवार को 1,763 अफगान परिवार, जिनमें 10,405 लोग थे, अफगानिस्तान वापस लौटे। डिप्टी स्पोक्सपर्सन हमदुल्ला फित्तरत ने कहा कि अफगान रिफ्यूजी कंधार में स्पिन बोल्डक, हेलमंद में बहरामचा, हेरात में इस्लाम कला क्रॉसिंग, निमरोज में पुल-ए-अब्रेशम और नंगरहार में तोरखम क्रॉसिंग के रास्ते पाकिस्तान से लौटे। 2,222 अफगान रिफ्यूजी परिवारों को अपने-अपने इलाकों में ले जाया गया। इन परिवारों में कुल 13,303 लोग शामिल थे। वहीं 1,534 को मानवीय सहायता दी गई।

शिंदे को जाग जाना चाहिए: खड़गे
भाजपा को अब उनकी जरूरत नहीं

मुंबई। महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर एकनाथ शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच दरार पड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस मामले पर राकांपा (शरद पवार) ने गुरुवार को कहा कि इससे पहले कि शिवसेना प्रमुख को अपमानजनक तरीके से बाहर जाने के लिए कहा जाए, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जाग जाना चाहिए और दीवार पर लिखी इबारत पढ़ लेनी चाहिए।

राकांपा (शरद पवार) के प्रवक्ता क्लाइड क्रैस्टो ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की ओर से शिवसेना के नेताओं और पदाधिकारियों को खरीद-फरोख्त के आरोपों पर लगाई गई फटकार सुनियोजित लगती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा को अब शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति में भाजपा, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार की राकांपा शामिल हैं।

बीते मंगलवार को शिवसेना के मंत्रियों ने साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। शिंदे गुट का आरोप था कि स्थानीय निकाय चुनाव से पहले भाजपा उसके नेताओं को अपने पाले में लाने की कोशिशों में जुटी हुई है। इस कैबिनेट बैठक में सिर्फ शिंदे शामिल हुए थे। बैठक के बाद शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री फडणवीस से बातचीत की थी।

इस बैठक में समझौता हुआ था कि महायुति दलों को एक-दूसरे के नेताओं को अपने पाले में नहीं लाना चाहिए। हालांकि, मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर शिवसेना नेताओं से कहा कि जब उनकी पार्टी दूसरे सहयोगियों के सदस्यों को तोड़ती है तो भाजपा की ओर से ऐसा करने पर उन्हें शिकायत नहीं करनी चाहिए।

महायुति में स्थानीय निकाय चुनावों को लेकर ठनी रार के बीच बुधवार को एकनाथ शिंदे ने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह से मुलाकात की।

खेल व्यापार एवं मनोरंजन

अनिल अंबानी समूह पर ईडी का शिकंजा

1400 करोड़ रुपये की नई अटैचमेंट, जब्त संपत्तियां 9000 करोड़ के पार

नई दिल्ली। ईडी ने अनिल अंबानी और उनकी रिलायंस ग्रुप की कंपनियों से जुड़े परिसंपत्तियों पर एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 1,400 करोड़ रुपये की नई अस्थायी अटैचमेंट की है। सूत्रों के मुताबिक, ताजा कदम के बाद इस मामले में जब्त संपत्तियों का कुल मूल्य बढ़कर लगभग 9,000 करोड़ रुपये हो गया है। एजेंसी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग निरोध कानून (पीएमएलए) के तहत की है। अटैच की गई संपत्तियां नवी मुंबई, चेन्नई, पुणे और भुवनेश्वर में स्थित बताई जा रही हैं।

इससे पहले एजेंसी ने इसी जांच के हिस्से के रूप में 7,500 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की थीं। यह जांच रिलायंस ग्रुप की विभिन्न इकाइयों में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी है, जिनका नेतृत्व अनिल अंबानी करते हैं।

इस महीने की शुरुआत में, एजेंसी के विशेष कार्य बल ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम), रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े बैंक धोखाधड़ी मामलों की चल रही जांच के सिलसिले में पीएमएलए के तहत नवी मुंबई में धीरूभाई अंबानी नॉलेज सिटी (डीएकेसी) में 4,462.81 करोड़ रुपये मूल्य की 132 एकड़ से अधिक जमीन कुर्क की थी। धन शोधन की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी, 406 और 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (2) सहपठित 13 (1) (डी) के तहत दर्ज एफआईआर से उत्पन्न हुई है।

सेंसेक्स 446 अंक उछलकर बंद

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में बड़ी तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। दिन के अंत में सेंसेक्स 446.21 अंक या 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,632.68 और निफ्टी 139.50 अंक या 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 26,192.15 पर था।

सीजीडी कंपनियों का मुनाफा चालू

नई दिल्ली। भारत में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन क्षेत्र की कंपनियों का ऑपरेटिंग मुनाफा चालू वित्त वर्ष में 7.2 से लेकर 7.5 प्रति स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर हो सकता है , जो कि पिछले वित्त वर्ष की दूसरी छमाही के मुनाफे के मुकाबले 8-12 प्रतिशत अधिक है।

रेमेडियम लाइफ केयर का धमाकेदार प्रदर्शन, दूसरी तिमाही में मुनाफा दोगुना

कंपनी के परिणामों की प्रमुख हाइलाइट्स

मुंबई। फार्मा और स्पेशियलिटी केमिकल सेक्टर में सक्रिय रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड ने सितंबर-2025 को समाप्त दूसरी तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के नतीजे जारी करते हुए बेहतरीन परफॉर्मेंस दर्ज किया है। कंपनी के मुताबिक परिचालन दक्षता, पोर्टफोलियो की मजबूती और विस्तार रणनीति ने वित्तीय परिणामों को नई ऊंचाई दी है।

30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई तिमाही के दौरान एकीकृत वित्तीय परिणामों ने मजबूत परिचालन गति दिखाई। परिचालन कार्यों से एकीकृत आय 11,105.82 लाख रूपये दर्द की गई, जबकि कुल आय 11,431.25 लाख रूपये दर्ज हुई। इस तिमाही में कर से पहले का सयुक्त मुनाफा 1,043.69 लाख रूपये और कर के बाद का मुनाफा 862.34 लाख रूपये रहा। प्रति शेयर आय 0.10 हुई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही की तुलना में दोगुनी है।

30 सितंबर, 2025 को समाप्त हुई अर्धवार्षिक अवधि के आंकड़ों पर गौर करे तो परिचालन कार्यों से कुल आय 22,442.39 लाख रूपये हुई और कुल आय 23,115.60 लाख दर्ज हुई। छह महीनों के लिए कर से पहले का मुनाफा 1,614.92 लाख रुपए रहा, जबकि कर के बाद का मुनाफा 1,327.22 लाख रूपये रहा, जो प्रति शेयर 0.15 रूपये की कमाई दर्शाता है। 30 सितंबर, 2025 तक कुल एकीकृत संपत्ति 1,62,318.10 लाख रूपये थी।

मीनाक्षी, अरुंधति, प्रीति, और नूपुर ने जीता स्वर्ण पदक

ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)। विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में महिला मुक्केबाजों ने देश के लिए चार स्वर्ण पदक जीते हैं। शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को खेले गए अलग-अलग भार वर्ग के फाइनल मुकाबलों में भारतीय महिला मुक्केबाजों ने चार स्वर्ण जीते। सबसे पहला स्वर्ण मीनाक्षी हुड्डा ने जीता। मीनाक्षी ने 48 किग्रा फाइनल में फोजिलोवा फरजोना को 5-0 से हराया।

नूपुर ने ट्रोलर्स को दिया जवाब

ग्रेटर नोएडा (आईएएनएस)। विश्व मुक्केबाजी फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने का नूपुर का सपना पूरा हो गया है। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में गुरुवार को नूपुर ने 80+ किग्रा फाइनल में उज्बेकिस्तान की सोटिम्बोएवा ओल्टिनोय को हराकर स्वर्ण पदक जीता। मीडिया से बात करते हुए नूपुर ने कहा, मुझे स्वर्ण पदक की बहुत ज्यादा जरूरत थी। पिछले महीने फाइनल में मिली हार के बाद मेरी नींद उड़ी हुई थी।

अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की डकैत का नया पोस्टर जारी

मुंबई। अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनित फिल्म डकैत की नई रिलीज डेट तय हो गई है। पहले यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेष की चोट के कारण इसकी नई रिलीज डेट जारी की गई है। मृणाल ने अपनी आगामी फिल्म डकैत का एक नया पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और साथ ही फिल्म की नई रिलीज डेट से पर्दा उठाते हुए कैप्शन में लिखा, डकैत के साथ धमाकेदार ड्रामा का अनुभव करें। 19 मार्च, 2026 को हिंदी और तेलुगु में दुनिया भर में भव्य रिलीज।

बोरसे फिल्म आंध्र किंग तालुका का ट्रेलर रिलीज़

मुंबई। ऊर्जावान हीरो राम अपनी आगामी फिल्म, जिसका शीर्षक है आंध्र किंग तालुका, के साथ फिल्म प्रेमियों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। मिस शेट्टी मिस्टर पोलीशेट्टी से प्रसिद्ध महेश बाबू पी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 27 नवंबर 2025 को भव्य रिलीज़ के लिए तैयार है। फिल्म का प्रचार दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा रहा है और निर्माताओं ने आज फिल्म का ट्रेलर रिलीज़ कर दिया। निर्माताओं ने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में भव्य तरीके से ट्रेलर रिलीज़ किया। ट्रेलर में एक युवक, सागर का परिचय दिया गया है, जो स्टार हीरो सूर्या (उपेंद्र) का कट्टर प्रशंसक है।

एशिया के प्रथम संगीत विश्वविद्यालय में सजा संस्कृति का दिव्य संगम

■ खैरागढ़ महोत्सव 2025- देश-विदेश के कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों से बंधा समां

खैरागढ़/नवप्रदेश। एशिया के प्रथम संगीत विश्वविद्यालय में सजा संस्कृति का दिव्य संगम, देश-विदेश के कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों से बंधा समां

खैरागढ़। कला और संगीत की विरासत को नई उड़ान देती खैरागढ़ महोत्सव की पहली शाम इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई। एशिया के प्रथम संगीत एवं कला विश्वविद्यालय 'इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय' में बुधवार को तीन दिवसीय महोत्सव का भव्य और सजीव आगाज़ हुआ। वातावरण में सुर, ताल और रंगों का ऐसा मेल दिखा कि पूरा परिसर सांस्कृतिक उत्सव का जीवंत कैनवास बन गया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने की। मंच पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा अति विशिष्ट अतिथि रहीं। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्मन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, नगर पालिका अध्यक्ष गिरजानंद चंद्राकर, कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी और महोत्सव संयोजक वेंकट रमण गुड़े भी मौजूद थे।

समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कुलगीत से हुई, जिसने क्षणभर में ही महोत्सव में गरिमा और ऊर्जा का संचार कर दिया। अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह से किया गया और दीप प्रज्वलन के साथ महोत्सव की औपचारिक शुरुआत हुई। कुलपति प्रो. लवली शर्मा ने कहा कि लंबे अंतराल के बाद यह आयोजन न सिर्फ विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सांस्कृतिक पुनर्जागरण जैसा अवसर है। उन्होंने प्रशासनिक सहयोग को अभूतपूर्व बताया।

उद्घाटन दिवस की मुख्य आकर्षण रही अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां। अमेरिका के प्रो. बेंजामिन बून और कुलपति प्रो. लवली शर्मा की विशेष जुगलबंदी, तबला वादक पं. गौरीशंकर कर्मकार, वृंदावन की गायिका विदुषी आस्था गोस्वामी, और सोनहा बदर समूह की प्रस्तुति ने दर्शकों को सुरमयी दुनिया में पहुंचा दिया। हर प्रस्तुति पर दर्शकों की तालियों ने इस महोत्सव की गरिमा को और ऊँचा किया। अतिथियों ने कला प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जहां छात्रों की रचनात्मक और उत्कृष्ट कलाकृतियां सभी का ध्यान खींचती रहीं।

तीन दिवसीय खैरागढ़ महोत्सव का यह भव्य प्रारंभ परंपरा, विरासत और आधुनिकता के अनूठे संगम का प्रतीक बन गया है। अगले दो दिनों में भी देश-विदेश से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से खैरागढ़ को फिर संगीत और संस्कृति के स्वर्णिम रंगों से भरने वाले हैं।

छत्तीसगढ़ के बाहर भी नए महाधिवक्ता की तलाश

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रफुल्ल भारत के इस्तीफे के बाद अब प्रदेश में नए सिरे से महाधिवक्ता नियुक्त करने की तैयारी शुरू हो गई है। इस पद के लिए प्रदेश और प्रदेश से बाहर भी संभावनाएं तलाश की जा रही हैं। जल्द ही नए नाम की घोषणा की जा सकती है। महाधिवक्ता की ओर से इस्तीफे की वजह सार्वजनिक रूप से स्पष्ट नहीं की गई है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर इसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। महाधिवक्ता का पद संवैधानिक होता है मगर इनकी नियुक्ति पूर्णतः राजनीतिक होती है। प्रदेश में विधि मंत्री का प्रभार बदलने के साथ ही माना जा रहा था कि एडवोकेट जनरल ऑफिस में भी कुछ फेरबदल होगा। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं था कि भारत अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। अब यह नजर आ रहा है कि, राज्य सरकार के साथ ही विधि विधायी विभाग ने नया महाधिवक्ता नियुक्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। हाईकोर्ट में महाधिवक्ता का पद राज्य सरकार के मामलों का पक्ष रखने के लिए अहम माना जाता है। ऐसे में महाधिवक्ता का पद ज्यादा दिन तक खाली नहीं रखा जा सकता। अब प्रफुल्ल भरत के इस्तीफे के बाद राज्य सरकार ने नए महाधिवक्ता की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समझा जाता है कि विधि विधायी विभाग ने इसके लिए नाम तय कर लिया है। हालांकि, नए महाधिवक्ता की नियुक्ति तक अभी केवल अटकलें लगाई जा सकती हैं। महाधिवक्ता की नियुक्ति के लिए संघ से जुड़े सीनियर एडवोकेट को मौका मिल सकता है, फिलहाल छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में ही काम कर रहे सीनियर एडवोकेट मनोज परांजपे का सामने आ रहा है।

इन नामों की हो रही चर्चा

छत्तीसगढ़ सरकार के कानूनी मार्गदर्शक की भूमिका में राज्य से बाहर काम कर रहे जिन नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है. उनमें दिल्ली हाईकोर्ट के सीनियर एडवोकेट अपूर्व कुरूप और नागपुर के सीनियर एडवोकेट जुगलकिशोर गिल्डा शामिल हैं। गिल्डा पूर्व में छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता रह चुके हैं और सुप्रीम कोर्ट में भी सीनियर एडवोकेट डेजिग्नेटेड हैं। कुरूप दिल्ली हाईकोर्ट में सीनियर एडवोकेट होने के साथ ही सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ सरकार के ही एडिशनल एडवोकेट जनरल की भूमिका भी निभा रहे हैं। कुरूप नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से स्नातक होने के साथ ही हावर्ड यूनिवर्सिटी से एलएलएम (गोल्डमेडलिस्ट) भी हैं। वे कई वर्षों से दिल्ली हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट समेत कई नेशनल ट्रिब्यूनल में प्रेक्टिस करते चले आ रहे हैं। समझा जाता है कि, अगले कुछ ही दिनों में नए महाधिवक्ता का नाम सामने आ जाएगा।

एटीएम-कार्ड बदलकर बुजुर्ग से 1.9 लाख ठगे

रायपुर/नवप्रदेश। आमानाका थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग के साथ एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी युवक ने बुजुर्ग को अपनी बातों में उलझाकर दूसरा एटीएम थमा दिया। फिर ठग ने आधे दर्जन से ज्यादा ट्रांजैक्शन में करीब 1 लाख 9 हजार निकाल लिए। इस मामले में पुलिस शिकायत मिलने के बाद अब जांच में जुट गई है। टाटीबंध के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले पीड़ित राजा राम वोहरा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जिसमें बताया कि 13 नवंबर की सुबह करीब 11:30 बजे वे राधा कृष्ण मंदिर के पास स्थित एटीएम मशीन से 5000 रुपए निकालने गए थे। उसी दौरान एक अज्ञात युवक एटीएम के अंदर आया और बातचीत में उन्हें उलझा लिया। बातचीत के दौरान उसने चालाकी से उनका एटीएम कार्ड हाथ में लेकर बदल दिया और वैसा ही दूसरा कार्ड उनको पकड़ा दिया।

घर पहुंचने के बाद मोबाइल में आया मैसेज

अगले दिन पीड़ित के बेटे अमित वोहरा ने फोन कर बताया कि खाते से एक ही दिन में कई बार पैसे निकाले गए हैं। बैंक स्टेटमेंट देखने पर पता चला कि 13 नवंबर को उनके खाते से कुल 1,09,500 रुपए विभिन्न ट्रांजेक्शनों के माध्यम से निकाले गए हैं, जिनमें पीओएस खरीदारी व एटीएम से कैश निकालना शामिल है। राजा राम वोहरा ने आशंका जताई है कि वही व्यक्ति, जिसने एटीएम में बातों में उलझाया, उसी ने कार्ड बदलकर उनका पिन जान लिया और खाते से रकम निकाल ली। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नियमों और प्रावधानों के तहत स्टाफ की भर्ती कराने निर्देश

रायपुर/बिलासपुर। सेंदरी मेटल हॉस्पिटल में स्टाफ की कमी पर जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई में कोर्ट ने शासन को नियमों और प्रावधानों के तहत स्टाफकी भर्ती, उपकरण की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। शासन की ओर से कहा गया कि सभी प्रक्रियाएं जारी हैं। इससे पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन ने मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेंदरी का भ्रमण कर निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने एवं सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए थे। हाईकोर्ट ने मामले को मानिटरिंग के लिए 12 जनवरी 2026 को रखा है। गौरतलब है कि राज्य में मानसिक रोगियों के इलाज के लिए सेंदरी में एकमात्र मानसिक अस्पताल है। यहां अधिनियम के अनुसार प्रावधान और सुविधा नहीं होने पर हाईकोर्ट में एडवोकेट हिमांशु पाण्डेय के जरिये जनहित याचिका दायर की गई है। मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान भी लिया है। दोनों मामलों की एक साथ सुनवाई चल रही है। याचिका में बताया गया कि, डब्ल्यूएचओ के नियम अनुसार 10 हजार लोगों पर 1 मनोचिकित्सक होना चाहिए, जबकि राज्य में 8 लाख लोगों पर एक है। प्रावधान के अनुसार हर जिले में एक मानसिक स्वास्थ्य केंद्र और मनोचिकित्सक होन चाहिए। पिछली सुनवाईयों में मुख्य सचिव ने व्यक्तिगत शपथ पत्र में यह कहा था कि उनके निर्देश पर आयुक्त सह निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य नोडल अधिकारी (एनएमएचपी) के साथ मानसिक अस्पताल सेंदरी का दौरा कर निरीक्षण किया।

धान खरीदी पर हड़ताल के बाद प्रशासन सक्रिय

समितियों में बढ़ने लगी आवक, कई केंद्रों में हुई खरीदी

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिले में धान खरीदी व्यवस्था बाधित होने के बाद प्रशासन ने मोर्चा संभाल लिया है। सहकारी समितियों में प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती के बाद केंद्रों में धान की आवक बढ़ने लगी है। कई केंद्रों में समिति अध्यक्षों की मौजूदगी में धान खरीदी का कार्य सुचारु रूप से जारी है। हालांकि पंजीयन नहीं होने से कई किसानों को अब भी केंद्रों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं।

खुज्जी समिति में खरीदी की शुरुआत

जिला सहकारी मर्यादित बैंक खुज्जी के अंतर्गत आने वाली खुज्जी समिति में 18 नवंबर से खरीदी प्रारंभ हुई। पहले ही दिन 26.8 क्विंटल धान की खरीदी की गई। खरीदी की शुरुआत समिति अध्यक्ष तख्त राम सोनकर की उपस्थिति में केंद्र प्रभारी पटवारी अभिषेक गुप्ता द्वारा की गई।

उमरवाही समिति: दो दिनों में 1073 क्विंटल खरीदी

वनांचल क्षेत्र की उमरवाही सेवा सहकारी समिति में धान की बड़ी आवक दर्ज की गई। 17 और 18 नवंबर को कुल 1073 क्विंटल धान की खरीदी समिति अध्यक्ष कौशल चंद्रवंशी और प्रभारी पटवारी रेवा राम चंद्रवंशी की उपस्थिति में की गई।

गिर्दरी समिति: दो किसानों से 27 क्विंटल खरीदी

गिर्दरी समिति के खरीदी केंद्र में समिति अध्यक्ष हृदय राम चंद्रवंशी एवं प्रभारी पटवारी हरिचंद ठाकुर के संचालन में 27 क्विंटल धान खरीदा गया।

संबलपुर समिति मटिया: 3 किसानों से 64 क्विंटल खरीद

संबलपुर समिति मटिया में समिति अध्यक्ष कपिल बघेल व केंद्र प्रभारी राजस्व निरीक्षक माधवेंद्र कुर्रे की देखरेख में 64 क्विंटल धान की खरीदी हुई।

गोडलवाही समिति: 202 क्विंटल की खरीदी : सेवा सहकारी समिति गोडलवाही में समिति के कपिल बघेल और केंद्र प्रभारी पटवारी वीरेंद्र साहू की मौजूदगी में दो दिनों में 202 क्विंटल धान खरीदा गया।

रतनभाट समिति में सर्वाधिक धान खरीदी हुई

सेवा सहकारी समिति रतनभाट में समिति अध्यक्ष नीलकंठ साहू एवं केंद्र प्रभारी पटवारी ईवाराम भुवार्य ने बताया कि 17 एवं 18 नवम्बर में कुल मिलाकर 1384 क्विंटल की धान खरीदी की गई। ज्ञात हो कि कुछ समितियों में वहां के किसानों ने बताया कि माप से अधिक धान की मात्रा ऊपर लिया जा रहा जो धान खरीदी के माप दंड के अनुरूप नहीं है और सारे समिति में जानकारी के मुताबिक नए डाटा ऑपरेटर लिए गए है जिन्हें सिस्टम से समन्वय स्थापित करने में दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है

पंजीयन की समस्या से किसान परेशान

कई केंद्रों में किसान यह कहते दिखाई दिए कि पंजीयन की प्रक्रिया लंबित रहने से उन्हें खरीदी केंद्रों के लगातार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि पंजीयन और सत्यापन को तेज किया जाएगा।

किसानों को राहत: एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन 7 दिन और बढ़ा

डूबान और वनपट्टाधारी किसानों के लिए खुशखबरी, अब 25 तक करा सकेंगे पंजीयन

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। खरीफविपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदी की तैयारी के बीच सरकार ने किसानों को एक बड़ी राहत दी है। एकीकृत किसान पोर्टल में नवीन पंजीयन, कैरी फारवर्ड और फसल रकबे में संशोधन के लिए अब अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है। यह निर्णय उन सभी किसानों के लिए राहत लेकर आया है, जिनका पंजीयन किसी कारणवश अधूरा रह गया था या जिनके दस्तावेजों में सुधार की आवश्यकता थी। जिन किसानों का पंजीयन किसी कारणवश नही हो पाया है उनके लिए शासन ने सुविधा प्रदान की है। धान खरीदी आरंभ होने के बाद एकीकृत किसान पोर्टल को 31 अक्टूबर को बंद कर दिया गया था। लेकिन पंजीयन में कुछ किसान छूट गए थे इसको दिखते हुए यह व्यवस्था 19 नवंबर से 25 नवंबर तक प्रभावी कर दिया है। इससे विशेष रूप से डुबान क्षेत्र के किसान, वनपट्टाधारी कृषक और शेष पंजीयन से वंचित कृषक लाभान्वित होंगे। गौरतलब है कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा जिला धमतरी, बिलासपुर, गरियाबंद, कांकेर और मुंगेली के कलेक्टरों के पत्रों को संलग्न कर राज्य स्तर पर मांग रखी गई थी कि बड़ी संख्या में किसान समय से पंजीयन नहीं करा पाए हैं।

इनमें कई ऐसे भी हैं, जिनकी जमीन डुबान क्षेत्र में आती है या जिनके वन प?ट्टे हाल ही में स्वीकृत हुए हैं। ऐसे किसानों की पात्रता स्पष्ट करने और उन्हें धान बेचने का अवसर देने के लिए पंजीयन अवधि बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई। इसी के अनुरूप कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि तहसील लॉगिन में पोर्टल को अतिरिक्त समय के लिए सक्रिय कर दिया गया है।

एस्मा के बीच सुकमा में धान खरीदी ठप, 12 प्रबंधकों पर एफआईआर

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के बीच धान खरीदी व्यवस्था अचानक प्रशासनिक संकट में घिर गई है। शासन द्वारा 15 नवंबर से 31 जनवरी तक एस्मा लागू किए जाने के बावजूद 17 उपार्जन केंद्रों के 12 प्रभारी प्रबंधक 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बने हुए हैं। धान उपार्जन, खाद्यान्न वितरण और किसानों के ऋण नवीनीकरण जैसे प्रमुख काम ठप हैं। कृषकों के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण समय है, लेकिन समितियों में ताले लटकने से ग्रामीण इलाकों में नाराजगी बढ़ गई है। कोंटा, किस्टाराम, गोलापल्ली, एर्राबोर, पोलमपल्ली, जगरगुंडा, तोंगपाल और कोडरीपाल सहित कई केंद्रों के प्रभारी लगातार गैरहाजिर पाए गए। 14 नवंबर को जारी नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई कि एस्मा अवधि में अनुपस्थिति ÷दंडनीय अपराध÷ है और यह सीधे किसानों और हितग्राहियों के हितों को प्रभावित करता है। इसके बावजूद किसी भी प्रबंधक ने अब तक ज्वाइनिंग नहीं दी। प्रशासन ने इसे शासन आदेशों की खुली अवहेलना मानते हुए सभी 12 प्रबंधकों पर एफआईआर दर्ज कर ली है। अब जिला प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था तैयार कर रहा है ताकि किसानों की उपार्जन प्रक्रिया और पीडीएस वितरण बाधित न हो।

बीजापुर में 150 बोरी धान ज़ब्त, कोचियों की घेराबंदी तेज की

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले में धान खरीदी सीज़न की शुरुआत के साथ ही प्रशासन ने अवैध परिवहन रोकने के लिए बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर राजस्व विभाग ने कोचियों और अवैध खरीदारों पर निगरानी बढ़ा दी है।

नानगुर तहसील के मांझीगुड़ा गांव में छापेमारी के दौरान 150 बोरी अवैध धान बरामद किया गया। मौके पर मौजूद टीम ने भंडारण से जुड़े दस्तावेज जब्त कर तत्काल कार्रवाई शुरू की। जिले में बाहर के राज्यों से धान लाने, फर्जी बोरो की अदला-बदली और सीमा पार परिवहन पर सख्त रोक है। इसी के तहत जिला प्रशासन ने एक विशेष कंट्रोल रूम भी बनाया है, जहां नागरिक संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकते हैं। 7489807170 जारी किया गया नंबर लगातार सक्रिय है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार किसी भी स्थिति में अवैध धान को सरकारी खरीद केंद्रों तक नहीं पहुंचने दिया जाएगा। एसडीएम और तहसील स्तरीय टीमें भी 24म7 निगरानी पर हैं। इस अभियान का उद्देश्य किसान का असली धान, असली दाम सुनिश्चित करना है। बीजापुर में यह कार्रवाई आने वाले दिनों में और तेज होने के संकेत दे रही है।

बेटे ने की थी मां की हत्या, कोर्ट ने आरोपी को सुनाई उम्रकैद की सजा

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। मां की हत्या मामले में कोर्ट ने आरोपी बेटे शिवम मिश्रा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पेंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम पतगवां के राठौर मोहल्ला में बीते साल 2 फरवरी 2024 को निर्मला बाई की हत्या मामले में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एकता अग्रवाल पेंड्रारोड ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने आरोपी पर एक हजार रुपये का अर्थदंड और अर्थदंड न देने पर छह माह अतिरिक्त कारावास का आदेश भी दिया है। दरअसल पूरा मामला पेंड्रा के पतगवां के रिटायर मोहल्ले में 2 फरवरी 2024 को शिवम मिश्रा ने अपनी मां निर्मला बाई के साथ गाली-गलौज और विवाद किया। इसके बाद मारपीट करते हुए लोहे की रॉड से निर्मला को गंभीर चोट पहुंचाई थी। घायल अवस्था में निर्मला को जिला चिकित्सालय गौरेला ले जाया गया और बाद में रायपुर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

टीम प्रहरी अभियान की बड़ी कार्रवाई

शास्त्री बाजार, आमापारा और समता कॉलोनी के मुख्य मार्ग कब्जामुक्त

■ ठेले, अवैध बोर्ड और शेड हटाए गए, जुर्माना भी वसूला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में टीम प्रहरी अभियान के तहत बुधवार को नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों को कब्जामुक्त कराया। जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेश तथा नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन में जोन 4 और जोन 7 में व्यापक अभियान चलाया गया।

जोन 4: शास्त्री बाजार मुख्य मार्ग हुआ कब्जामुक्त

जोन क्रमांक 4 के शास्त्री बाजार एवरग्रीन चौक मुख्य मार्ग पर नगर निगम की नगर निवेश विभाग टीम और मुख्यालय की उड़नदस्ता टीम ने संयुक्त कार्रवाई की।

सड़कें साफ आवागमन सुगम

नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि टीम प्रहरी अभियान का उद्देश्य शहर के मुख्य मार्गों पर अवैध कब्जों को समाप्त कर स्वच्छ, सुरक्षित और सहज यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत आने वाले दिनों में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी। अभियान के कारण शास्त्री बाजार, आमापारा और समता कॉलोनी मार्गों में लंबे समय से चली आ रही जाम और भीड़भाड़ की समस्या से नागरिकों को राहत मिली है।

इस दौरान- लगभग 20 अवैध ठेले हटाए गए इसके अलावा सड़क किनारे पसरा कर व्यापार करने वालों के टेबल और अन्य सामान जब्त किए गए साथ ही दुकानदारों द्वारा सड़क सीमा पर कब्जा कर बनाए गए 4-5 अवैध शेड हटाए गए

जोन 7: आमापारा और समता कॉलोनी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई

टीम प्रहरी अभियान के तहत ही नगर निगम जोन 7 में भी आमापारा मुख्य मार्ग और समता कॉलोनी मुख्य मार्ग पर संयुक्त कार्रवाई की गई।

ढाई साल के मासूम की सौतेले पिता ने की हत्या, गिरफ्तार

■ 15 दिनों तक नाक-सीने में मुक्के से मारा

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के हीरापुर इलाके में चौकाने वाली घटना घटी। जिसमें सौतेले पिता ने ढाई साल के बच्चे को पीट-पीटकर मार डाला। मामला कबीर नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने तीन बच्चों की मां से लव मैरिज की थी। तीन बच्चों में से एक बच्चा अपनी मां के साथ रह रहा था, जिसे दोनों मिलकर रास्ते से हटाना चाहते थे। आरोपी सौतेले पिता का नाम आकिब प्रशांत और मां का नाम रेशमी ताम्रकार (24) है। पिता रोज बच्चे को मुक्के से मारता था। 15 दिनों तक नाक-सीने में मुक्के से मारता रहा। इससे बच्चे की जान चली गई।

18 नवंबर को बच्चे की मौत की सूचना पर एम्स अस्पताल पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। यहां एक बच्चा प्रशांत सेन जिसकी उम्र 2 साल 7 माह थी। उसका पोस्टमॉर्टम कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में अननेचुरल डेथ बताया गया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को पुलिस थाने लाकर पूछताछ की। पूछताछ में सामने आया कि मोहन नगर दुर्ग के रहने वाले आकिब खान के साथ रेशमी ताम्रकार (24) पिछले 2 साल से रह रही थी।

बच्चे से चिढ़ता था सौतेला पिता, इसलिए मार डाला

कबीर नगर थाना प्रभारी सुनील दास ने बताया कि सौतेला पिता आकिब बच्चे से चिढ़ता था। इसके साथ ही आकिब के पिता ने कहा था कि रेशमी अगर अकेले आएगी तो उसे साथ रख लेंगे, लेकिन बच्चों के साथ घर में नहीं रखेंगे। आकिब और रेशमी बच्चे को रास्ते से हटाना चाहते थे। आकिब रोज बच्चे को पीटता था। करीब 15 दिन से ऐसा ही कर रहा था। पिटाई से बच्चे की जान चली गई। पुलिस ने आकिब खान पिता वकील कुरैशी निवासी अक्सा मस्जिद मोहन नगर दुर्ग और रेशमी ताम्रकार को हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com